ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2079 ● गुरुवार, 23 फरवरी 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-24 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

उर्फी का सामान लेकर भागा कैब... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 को

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 फरवरी को बुलाई गई है। बैठक में राज्य सरकार की नई नियोजन नीति पर अंतिम मुहर लगने की पूरी संभावना है। नई नियोजन नीति-2016 के पहले की नीति के आधार पर लागू की जा सकती है। कार्मिक विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, अगले एक-दो दिन में बैठक को लेकर सूचना सार्वजनिक कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि नई नियोजन नीति अभी राज्य का सबसे प्रमुख ज्वलंत मुद्दा है। झारखंड हाईकोर्ट ने 16 दिसम्बर को नियोजन नीति को रद्द कर दिया था। नयी नीति को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे आठ लाख से अधिक अभ्यर्थियों से सुझाव लिया था।

मनी लाउंड्रिंग मामले में पूर्व सीएम मधु कोड़ा ईडी कोर्ट में हुए पेश

रांची। ईडी की विशेष कोर्ट में मनी लाउंड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े सहित अन्य आरोपित बुधवार को सशरीर उपस्थित हुए। बुधवार को ईडी की ओर से कोर्ट में गवाह प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन किसी वजह से फिर से ईडी के गवाह उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 13 मार्च निर्धारित की है।

सरायकेला पुलिस लाइन के आरक्षी ने की खुदकुशी

सरायकेला। सरायकेला थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के दूसरे तल्ले से कूदकर दुखा उरांव नामक आरक्षी ने खुदकुशी कर ली। वह तीन दिन पहले ही अपने पैतृक घर लोहरदगा जिले के भंडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वासखेजरी गांव से वापस लौटा था। बताया जाता है कि आरक्षी दुखा उरांव विगत 19 फरवरी को छुट्टी से वापस पुलिस लाइन लौटा था। इस बीच उसने यह कदम उठाया।

अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई आज

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को पीआईएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश देने के केस में आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि ईडी ने बिना किसी ठोस साक्ष्य के उनपर मनी लॉन्ड्रिंग सहित अन्य आरोप लगाए हैं।

पहली कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम आयु हो 6 साल

शिक्षा मंत्रालय का निर्देश: दो साल का डीपीएसई पाठ्यक्रम चलाने की प्रक्रिया शुरू करें

एजेंसी। नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे पहली कक्षा (ग्रेड-1) में दाखिले की न्यूनतम उम्र छह साल करें। केंद्र ने राज्यों से पूर्व-स्कूली शिक्षा (डीपीएसई) पाठ्यक्रम में दो साल का डिप्लोमा डिजाइन करने और चलाने की प्रक्रिया शुरू करने का भी अनुरोध किया है।

मूलभूत चरण में सबसे महत्वपूर्ण कारक योग्य शिक्षकों की उपलब्धता है, जो विशेष रूप से आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त पाठ्यक्रम और शिक्षा शास्त्र में प्रशिक्षित हैं। फाउंडेशनल स्टेज के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ-एफएस) भी हाल ही में यानी 20 अक्टूबर 2022 को लॉन्च किया गया है। इस दृष्टि को पूरा करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रवेश प्रदान करने के लिए छह साल की आयु के निर्देश दोहराये हैं।

राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे अपने राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में प्री-स्कूल शिक्षा में दो साल का डिप्लोमा (डीपीएसई) पाठ्यक्रम तैयार करने और चलाने की प्रक्रिया शुरू करें। पाठ्यक्रम को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा डिजाइन किए जाने और एससीईआरटी की देखरेख और पकड़ में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के माध्यम से चलाने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बुनियादी स्तर पर बच्चों के सीखने की शक्ति और समझ करती है विकसित

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में 'बुनियादी स्तर' पर बच्चों के सीखने की शक्ति और समझ विकसित करने की सिफारिश करती है। पहले यानी मूलभूत चरण में सभी बच्चों (3 से 8 वर्ष के बीच) के लिए पांच साल सीखने के अवसर होते हैं, जिसमें तीन साल की प्री-स्कूल शिक्षा और दो साल की प्रारंभिक प्राथमिक ग्रेड-1 और ग्रेड-2 शामिल हैं।

रामगढ़ उपचुनाव : सीएम ने की सभा

जनता करेगी फैसला ममता को मिलेगा न्याय

साजिश से एक बाजी जीतकर विपक्ष चुनाव जीतने का सपना ना देखे

नवीन मेल नेटवर्क। रांची/रामगढ़

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार बजरंग महतो को जीत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी दूसरी सभा बुधवार को दुलमी मैदान में की। उन्होंने कहा कि यह कोई सभा नहीं, बल्कि जनता की अदालत है। 27 फरवरी को इस बात का फैसला होगा कि ममता को न्याय मिलेगा या फिर पूंजीपति एक बार फिर जीत जाएंगे? दिशोम गुरु की तबीयत खराब हुई तो उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती करा कर रात को दो बजे ही लौटा हूं। वह सिर्फ इसलिए क्योंकि आज मुझे जनता की अदालत ने न्याय की गुहार लगाई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली चुनावी सभा में मंच पर ममता देवी का छह महीने का बेटा भी आया हुआ था। उसे देख कर दिल भर आया। इस राजनीति की वजह से वह बच्चा परेशान हो, यह मैं कभी नहीं चाहूंगा। जिस बच्चे को मां का सीना चाहिए था, उसको पूंजीपतियों ने साजिश कर अलग कर दिया। मैं सभी माताओं और बहनों से आग्रह करता हूं कि न्याय की इस जंग में वे ममता देवी का साथ दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साजिश से एक बाजी जीतकर विपक्ष यह सपना देख रहा है कि वह पैसे से जनता के वोट को खरीद लेगा। लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि वह किस आधार पर वोट मांगता है। आजसू के उम्मीदवार ने कौन सा ऐसा गुल खिलाया है। आज जब विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पशुधन योजना ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर,

1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को दोहराया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति की बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति भी उसी आधार पर बनाई गई थी। लेकिन उसका हश्र यूपी और बिहार वालों ने क्या किया यह पूरा राज्य जानता है। चुनावी सभा को मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रत्याशी बजरंग महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो ने भी संबोधित किया।

फ्रांस का पानी

वीरेंद्र राम के परिवार के लिए आता है मेड इन फ्रांस का पानी

चीफ इंजीनियर के अधिकांश ठिकानों पर दूसरे दिन भी ईडी की कार्रवाई रही जारी

वीरेंद्र राम की मनी लाउंड्रिंग का बड़ा सुराग, दफ्तर ले जाकर ईडी ने की पूछताछ

चार करोड़ कैश देकर दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी में खरीदा था मकान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी रही। वीरेंद्र राम की अवैध संपत्ति की मनी लाउंड्रिंग को लेकर ईडी को बड़ा सुराग हाथ लगा है। यही वजह है कि बुधवार की दोपहर ईडी की टीम वीरेंद्र राम को अशोकनगर स्थित आवास से अपने साथ ईडी कार्यालय ले गई। ईडी के रांची जोनल ऑफिस में खबर लिखे जाने तक वीरेंद्र राम से पूछताछ जारी थी।

इधर, ईडी के अधिकारी जब वीरेंद्र राम के अशोक नगर स्थित आवास में छापेमारी कर रहे थे, तब परिवार की रहन-सहन देख वह चकित थे। वीरेंद्र राम व उनके परिवार के सदस्य आम पानी नहीं पीते हैं। इनके लिये मेड इन फ्रांस का पानी आता है। परिवार के सदस्य मेड इन फ्रांस की इवीयन वाटर पीते हैं। इस पानी की कीमत प्रति लीटर 250 रुपये के करीब है।

दूसरी ओर, बुधवार को दूसरे दिन भी ईडी की छापेमारी रांची, जमशेदपुर, पटना, सिवान, दिल्ली व सिरसा में जारी रही। वीरेंद्र राम से ईडी के आला अधिकारी अबतक की जांच में आए तथ्यों के आधार पर पूछताछ कर रहे हैं। राम के अरबों के निवेश व संपत्ति की जानकारी ईडी को हासिल हुई है।

ईडी ने इंजीनियर की फॉर्च्यूनर कार सीज की

ईडी ने वीरेंद्र राम की संपत्ति सीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बुधवार को ईडी की टीम ने अशोक नगर स्थित उनके आवास पर खड़ी फॉर्च्यूनर कार को सीज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ईडी उनकी और भी कई चल और अचल संपत्ति सीज कर सकती है। वीरेंद्र राम और आलोक रंजन नामक व्यक्ति फिलहाल ईडी की हिरासत में है।

10 करोड़ का मकान पिता के नाम पिता पाते हैं बहुत-थोड़ा ही पेंशन

ईडी ने वीरेंद्र राम के डिफेंस कॉलानी स्थिज आलिशान मकान की खरीद को लेकर जांच की तो पाया कि यह मकान वीरेंद्र राम ने अपने पिता जी. राम के नाम पर खरीदा है। जी. राम को सेवानिवृति के बाद मामूली पेंशन मिलती है। जांच में यह पता चला है कि डिफेंस कॉलोनी स्थित मकान की खरीद के लिए चार करोड़ कैश दिए गए थे। ईडी को अनुमान है कि यह मकान दस करोड़ से अधिक का है। ईडी को अंदेशा है कि अवैध तरीके से अर्जित कमाई से ही वीरेंद्र राम ने यह मकान खरीदा है।

राजनेताओं और कुछ ब्यूरोक्रेट्स के पैसों की मनी लाउंड्रिंग

ईडी को शुरुआती पड़ताल में यह जानकारी मिली है कि वीरेंद्र राम ने न सिर्फ अपनी बल्कि राज्य के तकरीबन आधा दर्जन राजनेताओं और कुछ ब्यूरोक्रेट्स की अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग की। योजनाओं में कट मनी का हिस्सा भी नेताओं तक पहुंचाने की जानकारी ईडी को मिली है। शुरुआती जांच में ईडी को जो तथ्य मिले हैं, उसकी पड़ताल ईडी अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। डायरी में अलग-अलग तारीखों में भुगतान को कोड में लिखा गया है। इसे लेकर भी ईडी के अधिकारियों ने वीरेंद्र राम से सवाल जवाब किया।

मरांडी का लखटकिया सवाल

राज्य सरकार ने क्यों नहीं की कार्रवाई?

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ग्रामीण कार्य विकास विभाग के अभियंता वीरेंद्र राम के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सवाल उठाया है कि एसीबी में वीरेंद्र राम के खिलाफ शिकायत होने और पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन राज्य सरकार ने यह अनुमति नहीं दी। आखिर राज्य सरकार ने क्यों कार्रवाई नहीं ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

अगले पांच दिनों में राज्य का टेंपरेचर छह डिग्री बढ़ेगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में अब गर्मी दस्तक देने लगी है। कई जिलों में मौसम अपना मिजाज बदल रहा है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक आने वाले पांच दिनों में राज्य के तापमान में वृद्धि होगी। यह वृद्धि 5 से 6 डिग्री तक हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, हवा के रूख में अब बदलाव हो रहा है जिसके कारण राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर दिशा से आनेवाली हवा के साथ पश्चिम की शुष्क और गर्म हवा भी आने लगी है। समय बीतने के साथ पश्चिम की गर्म हवा जोर पकड़ेगी और वातावरण गर्म होगा। झारखंड में अक्टूबर मध्य के बाद से बारिश नहीं हुई है। फिलहाल बंगाल की खाड़ी में भी बारिश को लेकर सिस्टम बनने के आसार कम है। धरती की सतह सूख रही है। नमी कम हो जाने और गर्म हवा से वातावरण गर्म हो रहा है।

'आप' की डॉ. शैली दिल्ली की नई मेयर

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली को नया मेयर मिल गया है। सिविक सेंटर में मेयर, डिप्टी मेयर, स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार शैली ओबरॉय को दिल्ली के मेयर के रूप में चुन लिया गया है। शैली ओबेरॉय को 150 वोट मिले, जबकि बीजेपी की रेखा गुप्ता को 116 वोट मिले। आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज की जीत जनता की जीत है। ये कहा जा सकता है कि गुंडे हार गए और जनता जीत गई। ईमानदारी, सच्चाई और शराफत की जीत हुई है। उन्होंने एल्डरमैन के वोटिंग के अधिकार को भी चुनौती दी थी। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि एल्डरमैन को वोटिंग का अधिकार नहीं है, इसलिए वो मेयर चुनाव की प्रक्रिया से दूर रहेंगे। एक लंबे इंतजार के बाद दिल्ली को शैली ओबेरॉय के रूप में नया मेयर मिल गया।

ब्रिटिश सरकार बीबीसी के साथ

लंदन। बीबीसी के दिल्ली और मुंबई के ऑफिस पर इनकम टैक्स के सर्वे को लेकर ब्रिटेन सरकार ने कहा है कि वह बीबीसी के साथ खड़ी है। ब्रिटिश सरकार ने इसे संपादकीय स्वतंत्रता का बचाव बताया। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय के उप मंत्री ने हाउस ऑफ कॉमन्स में उठाए गए एक जरूरी सवाल का जवाब दिया, जिसमें कहा गया कि सरकार इनकम टैक्स की जांच पर लगाए गए आरोपों पर टिप्पणी नहीं कर सकती, लेकिन जोर दिया कि मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मजबूत लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं। एफसीडीओ के संसदीय उप मंत्री डेविड रटले ने भारत के साथ व्यापक और गहरे संबंधों का जिक्र किया।

मेला 10 दिनों तक चलनेवाले पर्यावरण मेले का उद्घाटन

पर्यावरण बचाने के लिए शुरू हुआ मंथन

स्टॉकहोम अधिवेशन के समझौते का हम सभी को करना होगा पालन : जस्टिस पाठक

रांची से तालाब और जंगल गायब हो रहे हैं : डॉ. रामेश्वर उरांव

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसे संस्थान पैसा उगाही के केंद्र : सीपी सिंह

खुद से इनिशिएटिव लेकर पर्यावरण को बचाना होगा : सरयू राय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ. एस.एन. पाठक ने कहा है कि 1972 में हुए स्टॉकहोम अधिवेशन में हुए समझौते का अधिकांश देश पालन नहीं कर रहे हैं। भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। यह बेहद चिंतनीय है। जिस तरह से दामोदर नद का कायाकल्प हुआ है, वैसी ही अन्य नदियों पर भी कार्य करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण चेतना एवं पर्यावरण आंदोलन के प्रारंभिक सम्मेलन के रूप में 1972 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने स्टॉकहोम (स्वीडन) में दुनिया के सभी देशों का पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया था। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 119 देशों ने भाग लिया और एक ही धरती के सिद्धांत को सर्वमान्य तरीके से मान्यता प्रदान की गई। डॉ. पाठक मोरहाबादी में आयोजित 10 दिनों तक चलने वाले पर्यावरण मेले का उद्घाटन करने के बाद अपने विचार रख रहे थे।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि और मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि उनका रांची से 1963 से नाता रहा है। उस समय जून में भी रात को कंबल ओढ़ना पड़ता था। उस समय रांची के घरों एवं कार्यालयों में पंखे का कोई कंसेप्ट नहीं था। पहले घने जंगल थे, तालाब और सरोवरों की बहुलता थी। आज ये दोनों ही रांची में अपना अस्तित्व खो रहे हैं। आज फरवरी में ही गर्मी का आभास हो रहा है। धूप चुभ रही है। यह परिस्थिति हमने ही बनाई है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

आज के कार्यक्रम

23 फरवरी को **सायं 4 बजे-** राज्यस्तरीय चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित विजयी छात्रों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। मुख्य अतिथि- झारखंड सरकार के पर्यटन, खेलकूद एवं युवाकार्य मंत्री हफिजुल अंसारी, अति विशिष्ट अतिथि, पूर्व राज्यसभा सदस्य, आर.के. सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, के. रविकुमार उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के उपरांत कलाकारों द्वारा पुरूलिया छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया जायेगा।

शिंदे गुट को शीर्ष अदालत से राहत

चुनाव आयोग के फैसले पर स्टे लगाने से कोर्ट ने किया इनकार

दोनों पक्षों को जारी किया नोटिस

एजेंसी। नई दिल्ली

एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। शीर्ष अदालत ने आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे खेमे की याचिका पर सुनवाई करने का निर्णय लेते हुए एकनाथ खेमे और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई करते हुए ठाकरे गुट को चिंचवाड़ और कस्बा पेठ उपचुनाव के लिए 'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)' नाम और 'जलता मशाल' चुनाव चिन्ह का उपयोग करने की स्वतंत्रता दी। सुनवाई के दौरान नोटिस जारी करते हुए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस दौरान पीठ ने कहा कि 'चुनाव आयोग का आदेश चुनाव चिन्ह तक ही सीमित है। हम चुनाव आयोग के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश पारित नहीं कर सकते। हम उद्धव खेमे द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर विचार कर रहे हैं। हमें दोनों पक्षों की दलीलों को सुनना होगा। बिना दलील सुने रोक नहीं लगाई जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उद्धव ठाकरे गुट कानून के अन्य उपायों का पालन कर सकता है यदि कोई कार्रवाई की जाती है जो चुनाव आयोग के आदेश पर आधारित नहीं है।

सीआरपीः मानदेय नहीं बढ़ा

बीआरपी सीआरपी को हेमंत सरकार पर बहुत भरोसा था लेकिन यह भरोसा अब हताशा में बदलने लगी है।

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत सेवा दे रहे पारा शिक्षकों और परियोजना कर्मियों की तरह सीआरपी बीआरपी स्कूली छात्र छात्राओं के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने बताया कि एक ओर परियोजना कर्मियों के मानदेय में हमेशा बढ़ोतरी हो रही है। पारा शिक्षकों को सहायक अध्यापक बनाकर बढा. हुआ मानदेय दिया जा रहा है। लेकिन सीआरपी बीआरपी के मानदेय में पिछले 4 सालों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण निर्णय से झारखंड में कार्यरत बीआरपी सीआरपी में निराशा अब हताशा में परिणत हो गई है। वर्ष 2019 के बाद से मानदेय में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है जबकि राज्य में कार्यरत 2900 बीआरपी सीआरपी अपनी मांगे सरकार के समक्ष रखते आए हैं। संघ के महासचिव नितिन कुमार ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मियों के मानदेय में 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव कैबिनेट से पास कर दिया गया लेकिन बीआरपी सीआरपी की चर्चा तक नहीं की गई। वहीं धरातल पर विद्यालयों से जुड़कर सीधे ईमानदारी पूर्वक कई तरह के कार्य करने वाले सीआरपी बीआरपी में सरकार की उदासीनता के कारण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी को हेमंत सरकार पर बहुत भरोसा था लेकिन यह भरोसा अब हताशा में बदलने लगी है। विदित हो कि बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी कमिटी ने नवंबर 2022 में ही विभाग को अपना निर्णय और रिपोर्ट दे दी थी लेकिन उक्त निर्णय को अब तक कैबिनेट के द्वारा पारित नहीं कराया जा सका। उल्लेखनीय है कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) सहित विद्यालय का अनुश्रवण करने वाले बीआरपी सीआरपी को अधिकतम 17500 एवं 16500 मानदेय दिया जा रहा है वहीं सहायक अध्यापकों का मानदेय जनवरी 2022 से ही 22500 कर दिया गया। चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि भी लागू कर दी गई। लेकिन बीआरपी सीआरपी के संदर्भ में कोई विचार नहीं किया गया। कृष्णा प्रसाद ने कहा कि महंगाई के दौर में बीआरपी सीआरपी लगातार अपनी मेहनत और लगन से विभाग के निदेर्शों का पालन कर रहे हैं। इसके बावजूद उपेक्षा पूर्ण नीति के कारण बीआरपी सीआरपी का मनोबल टूटने लगा है।

ऑन-एयर रेस्टोरेंट पर अगले आदेश तक रोक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
ऑन-एयर रेस्टोरेंट के संचालन पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी गई है। साथ ही 8वें मिलिस्टोन के मालिक और मैनेजर को नोटिस जारी किया गया है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 सहपठित धारा 142 के तहत बोड़ेया, काँके-ओरमांझी रोड स्थित 8वें मिलिस्टोन में संचालित ऑन-एयर रेस्टोरेंट का संचालन अगले आदेश या मामले के निस्तारण तक प्रतिबंधित किया गया है। 8वें मिलिस्टोन द्वारा संचालित डल्ल-अ१ रेस्टोरेंट में आये लोगों को क्रेन की मदद से लगभग 150 फीट ऊपर उठाकर मंच पर भोजन और पेय पदार्थ परोसा जाता है। सोशल मीडिया पर इससे संबंधित कई वीडियो एवं फोटोग्राफ्स हैं, जिनके अवलोकन से यह नागरिकों के जीवन और सुरक्षा के लिए खतरनाक प्रतीत होता है। रेस्टोरेंट के संचालन हेतु आवश्यक सुरक्षा मानदंडों/मानकों के पालन से संबंधित कोई दस्तावेज अनुमंडल दंडाधिकारी के कार्यालय में संचालकों द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। आवश्यक सेफ्टी क्लीरियेंस से संबंधित दस्तावेजों के अभाव में नागरिकों के जीवन और सुरक्षा के लिए खतरे को देखते हुए रेस्टोरेंट के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। 8वें मिलिस्टोन के मालिक और प्रबंधक को उपस्थित होकर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर रांची के न्यायालय में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया गया है।

अपग्रेड होंगी सेविकाएं

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग
लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय पोषण ट्रैकर प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ पूजा कुमारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाओं को विभिन्न विषयों पर प्रविष्टि करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण से आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने कार्यों को अपग्रेड करने का मौका मिलेगा। आंगनबाड़ी सेविका है पूरी ईमानदारी से पोषण ट्रैकर में बेहतर जानकारी की एंट्री करेंगी। समाज कल्याण निदेशालय के निदेर्शानुसार बाल विकास परियोजना लापुंग में 21 एवं 22 फरवरी को लगातार दो दिनों तक झारखंड डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के राज्य समन्वयक बबलू कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को विधिवत समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लापुंग के सभी सेक्टर से आये आंगनवाड़ी कार्यकताओं को पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में विभिन्न विषयों पर डाटा प्रविष्टि कैसे करे इस संबंध में बबलु कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को आधार वेरिफिकेशन, बच्चों की लंबाई तथा वजन प्रत्येक महीने भरने के संदर्भ में जानकारी दी। झारखंड डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के राज्य समन्वयक के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण उपरांत आंगनवाड़ी सेविका काफी खुश नजर आई और उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से बहुत कुछ सीखने को मिला है। अब वें बेहतर तरीके से डाटा प्रविष्टि कर पाएंगे। इस मौके पर सुपरवाइजर सोनी तिर्की, महुगांव की आंगनबाड़ी सेविका रंजीता कुमारी, फूलजेंम्सिया आईंद, आशा लकड़ा, लालगंज की रेखा देवी, गुदगुद की मुक्ता होरो सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

आज श्याम बाबा को निशान अर्पित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री श्याम मण्डल, रांची के 60 सदस्यों का दल बुधवार को हवाई मार्ग से दिल्ली होते हुए जयपुर से खाटू धाम (राजस्थान) के लिए रवाना हुए। दिनांक 23 फरवरी 2023 रिंगस में पवित्र निशान (ध्वजा) का पूजन कर ये दल रिंगस से खाटू धाम की यात्रा 17 किलोमीटर की दूरी तय कर पवित्र निशान (ध्वजा) को श्री श्याम प्रभु को अर्पित करेंगे । दिनांक 24 फरवरी 2023 को श्री श्याम मण्डल का 60 सदस्यों का दल सालासर धाम में दर्शन एवम धोक लगाकर 25 फरवरी 2023 को पुष्कर जी के लिए प्रस्थान करेगा तथा एक दिन के विश्राम के पश्चात 26 फरवरी 2023 को रांची के लिए प्रस्थान करेगा । इस निशान पद यात्रा में मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, अमित जलान, नितेश केजरीवाल, प्रदीप अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, श्याम सुंदर गोयल, विक्रम परसरामपुरिया, रत्न मोर, विकाश पाड़िया, शशि बागला, श्वेता बंका, मीना देवी गोयल , जीतेश अग्रवाल आदि शामिल हैं।

14 मार्च से होंगी परीक्षाएं

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए 57 केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 82 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंग

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में करीब आठ लाख विद्यार्थी शामिल होने जा रहे हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जैक बोर्ड की ओर से समय से प्रश्न पत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री जिलों को उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा पाने के लिए मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जून के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए जैक ने जिला स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाया है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 2022 में जैक बोर्ड ने 1936 परीक्षा केंद्र बनाए थे। जबकि इस बार अभी तक करीब 1400 केंद्रों को निर्धारित किया गया है। रांची में 159 केंद्रों पर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी, जिसमें 102 मैट्रिक की परीक्षा के लिए और इंटर की परीक्षा के लिए 57 केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 82 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए मैट्रिक के परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर जबकि इंटर के परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाए गए हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में आयोजित की जाएगी। जैक अध्यक्ष ने कहा कि इस बार बदले हुए पैटर्न से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी। इसमें परीक्षा ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका दोनों पर ली जाएगी। दोनों के 40-40 अंक होंगे और 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे। छात्रों से परीक्षा में वस्तुनिष्ठ एवं लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि कि साल 2023 की मैट्रिक - इंटर परीक्षा में राज्यभर के आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर की परीक्षा में 3.50 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त लालपुर थाना काण्ड सं0–161/13, दिनांक–11.06.13, धारा–406/420/467/469/471/120 बी0 भा0द0वि0 में प्राथमिकी अभियुक्त 1.निजामुदीन अंसारी पे0–स्व0 भीकु अंसारी 2.श्रीमति नूरजहाँ खातुन,पति–निजामुद्दीन अंसारी दोनो सा0–असवद एन्क्लेव नियर आलम नर्सिंग होम थाना–बरियातु जिला–राँची 3. गिरीश चन्द्र राय, पे0–महाबीर प्रसाद राय, सा0–फ्लैट न0–401 अभिलाशा एन्क्लेव कुसुम बिहार रोड़ न0–6 थाना–बरियातु, जिला–राँची है। इनके विरूद्व द0प्र0स0 की धारा–82 के तहत माननीय न्यायालय के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है। इसके संबंध में झारखण्ड़/बिहार राज्य के दैनिक अखबार में प्रकाशन की आवश्यकता है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त 1. निजामुदीन अंसारी 2. श्रीमति नूरजहाँ खातुन 3.गिरीश चन्द्र राय, के बारे कोई जानकारी प्राप्त होने पर या पता चलने पर इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, लालपुर, राँची। –9431706159

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 290933Police(22-23)#D

कार्यालय : नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

email-npnagaruntari@gmail.com

आवश्यक-सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अन्तर्गत वर्ष 2015–16 से 2018–19 तक स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक के तहत स्वीकृत आवास के निम्न लाभुकों द्वारा विभिन्न किस्तों की राशि प्राप्त कर अब तक आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ/पूर्ण नहीं किया गया है, जो अत्यन्त ही खेद का विषय है।

इस कार्यालय द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ/पूर्ण करने हेतु आपको कई नोटिस दिया गया है फिर भी आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ/पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे ऐसा प्रतित होता है कि आप आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु इच्छुक नहीं है, इस कारण सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को ससमय पूर्ण कराने में कठिनाई हो रही है।

क्र0सं0	लाभुक का नाम	पिता/पति का नाम	वार्ड सं0	डी0पी0आर
1	तसलीमा बीबी	रहमतुल्लाह खान	1	382
2	दिलसवा बीबी	सैनुल्लाह खान	1	1375
3	कसीदा बीबी	रेयाज खान	1	1375
4	पुष्परानी देवी	बिहारी साव	2	1375
5	रेहाना बीबी	मरूफ डफाली	2	1375
6	अनीशा बीबी	करार अंसारी	2	269
7	बब्लू प्रसाद	शिव प्रसाद	4	1375
8	रिमा देवी	पिन्टु पासवान	4	1375
9	पानपती देवी	विजय उरॉव	5	382
10	सुमित्री देवी	इन्द्रदेव उरॉव	5	382
11	रेशमी देवी	छोटू उरॉव	5	1375
12	कमला देवी	अनील विश्वकर्मा	6	50
13	कान्ती देवी	राजेश्वर महतो	6	50
14	कुमारी रीता	रजनीकान्त कुशवाहा	6	50
15	रम्भा देवी	बसंत उरॉव	6	382
16	रीता देवी	मदन उरॉव	6	382
17	चन्दा देवी	भोला राम	7	382
18	जुगती देवी	बसंत राम	7	382
19	कुमारी चंचला	चंदन कुमार पासवान	7	382
20	रीता देवी	ललीत राम	7	382
21	अमरावती देवी	पृथ्वीनाथ तिवारी	7	1375
22	बिमला देवी	प्रगास राम	7	1375
23	बिन्दा देवी	सुनिल राम	7	1375
24	गायत्री देवी	उमेश पासवान	7	1375
25	प्रमीला देवी	सुदर्शन राम	7	1375
26	रिम्पू देवी	लिलेश पासवान	7	1375
27	रिना देवी	श्रवण कुमार	7	1375
28	शिवकुमारी देवी	बलराम तिवारी	7	1375
29	सीता देवी	विजय राम	7	1375
30	सुशीला देवी	महेन्द्र राम	7	1375
31	हीरमनीया देवी	कामेश्वर पासवान	7	269
32	राजमुनी देवी	ब्रजेश कुशवाहा	7	269
33	सुषमा देवी	सनकुमार दुबे	7	1375
34	आशा देवी	बब्लू प्रसाद	9	269
35	गोविन्द कुमार	कन्हाई प्रसाद	9	1375
36	विपीन कुमार	गोविन्द शर्मा	9	1375
37	अफसाना प्रवीण	मंसूर आलम	10	1375
38	मीरा देवी	उपेन्द्र प्रसाद	10	1375
39	पुनम देवी	रविन्द्र कुमार पाल	10	1375
40	संजु देवी	शुकुल बैठा	10	1375
41	सरीता देवी	सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता	10	1375
42	सविता कुँवर	स्व0 सत्येन्द्र पाल	10	1375
43	उमेन्द्र कुमार पाल	सुशील कुमार पाल	10	1375
44	शिला देवी	ललन पाल	10	269
45	मालती देवी	रामधारी राम	10	1375
46	रूही निशा	मोबीन खलीफा	12	1375
47	ललीता देवी	नागेन्द्र राम	13	382
48	मीना देवी	रामप्रवेश प्रसाद	13	269
49	कान्ती देवी	खुबलाल मेहता	14	1375
50	राधिका देवी	रमेश सेठ	14	1375
51	रेखा देवी	प्रदीप सेठ	14	1375
52	विनोद कुमार देव	मंदीप नारायण देव	15	1375
53	सुमित्रा देवी	किसुन राम	16	1375
54	बेबी चौबे	राजकुमार चौबे	17	269

अतः उपरोक्त वर्णित सभी लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 03.03.2023 को 11 बजे ~~अपराह्न~~/पूर्वाह्न में अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के समक्ष अनुमण्डल कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में स्वंय उपस्थित होकर आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ/पूर्ण करने के संबंध में अपना लिखित रूप से पक्ष रखें।

उक्त निर्धारित तिथि को अनुपस्थिति की स्थिति में एकतरफा निर्णय लेकर आपके विरूद्ध सरकारी राशि के गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज/सर्टिफीकेट वाद दायर कर राशि वसुली हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायगी जिसके लिए लाभुक स्वंय जिम्मेवार होंगे एवं बाद में इस संबंध में आपका कोई भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी

PR 290984 Urban Development (22-23)_D नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,गढ़वा

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–25 फरवरी 2023

सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–25.02.2023 को पूर्वाह्न–10.00 बजे से 4.00 अपराहन् तक फॉरेस्ट कॉलोनी परिसर, कचहरी रोड,गढ़वा में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2023" आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

SL. No.	Name and Add. Of the Employer	Name of the Post	No. Of Vacancy	Qualification		Experience	Age	Salary Remarks
				Essential	Desirable			
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	Reliance Retail Ltd. (Trends) Garhwa	Sales Associate	08	12th Pass	-	0-2yr	18+ yr	8500-10000
02	V-Mart Retail Ltd. Garhwa	FM	01	12th Pass	-	-	18-25yr	9600
		Cashier	01	12th Pass	-	-	18-25yr	10000
03	Vananchal Institute of Health Edu. & Research / Vananchal School of Nursing / Vanachal Collage Of Science Dinesh College of Education / Vananchal Dental Collage and Hospital Devki Mahaveer Homoeopathic Medical College & Research Hospital, Farathiya Garhwa.	Lecturer	88	M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject	-	-	Upto 65 yr	As Per Norms.
		HOD	01	PG in Soci.	M.Ed	5yr	Upto 65 yr	As Per Norms.
		Professor And Reader	49	M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject	-	4yr	Upto 65 yr	As Per Norms.
		Principal and Vice Principal	02	B.sc/M.sc. etc. Concerned Subject	-	3-5 yr	Upto 65 yr	As Per Norms.
		Tutor	10	B.sc/M.sc./Nursing /Diploma etc. Concerned Subject	-	2yr	Upto 65 yr	As Per Norms.
		Clerk Cum Computer Operator	02	Graduation	Computer	-	Upto 60 yr	As Per Norms.
		Store Keeper	02	Graduation	Computer	-	Upto 45 yr	As Per Norms.
		Electrician	03	ITI (Elect.)	-	-	Upto 45 yr	As Per Norms.
		Plumber	01	Matric	-	-	Upto 60 yr	As Per Norms.
		Gardener	02	Matric	-	-	Upto 45 yr	As Per Norms.
		Cook Male/Female	02	Matric	-	-	Upto 45 yr	As Per Norms.
		Hostel Warden	02	Graduation	-	-	Upto 45 yr	As Per Norms.
		Care Taker	01	Graduate	-	-	Upto 45	As Per Norms.
04	Sai Sobha Nand Motor Garhwa.	Accountant	01	12th Pass	Graduation	3-5yr	25-30yr	12000
		Sales Executive (Boy)	02	12th Pass	Graduation	02yr	22-30yr	8000
		Sales Executive (Girl)	02	12th Pass	Graduation	02yr	22-30yr	8000
		Data Entry Operator	02	12th Pass	Graduation	2-4 yr	22-30yr	9000
05	Universal Sewa Samiti. Garhwa	AE Trainer	02	Diploma	B. tech	2yr	00-40 yr	10000/-
		Counsellor	01	12th Pass	Graduation	0-1yr	18-35yr	7000/-
		Mobilizer	02	12th Pass	Graduation	0-02yr	18-35yr	8000/-
		Office Boy	01	10th pass	12th	0-01yr	18-35yr	7000/-
		Warden (Female)	01	12th Pass	Graduation	0-1yr	18-35yr	7000/-
06	AROGYAM HOSPITAL & REASERCH (P)Ltd. GARHWA	Computer Operator	01	12th Pass	English Knowledge	1yr	18-25yr	8000-9000/-
		Counsellor (Female)	02	Graduation	-	2yr	18-25yr	8000-10000/-
		Guard	02	12th Pass	-	-	18-40yr	8000/-
		Driver	01	10th Pass	-	2yr	18-35yr	8000/-
		Mali	01	Eight pass	-	-	18-40Yr	8000/-
07	Bazaar Style Retail Ltd. Garhwa	Cashier	02	12th Pass	-	1yr	18-35 yr	9000/-
		Team Member	02	12th pass	-	1yr	18-35yr	9000/-
		Team Leader	02	12th Pass	-	1yr	18-35yr	10000/-
08	Baba Kamlesh Textiles Garhwa	Sales Man	05	10th PASS	-	3yr	20-35yr	9000-15000/-
09	Maya Sheel Retail India Ltd. (BAZAAR INDIA) Garhwa	Manager	01	Graduation	Computer	0-5yr	20-40yr	15000-25000/-
		Internal	01	12th Pass	-	0-1yr	18-30yr	8000-12000/-
		Electrician	01	12th Pass	-	0-1yr	18-30yr	8000-12000/-
		Lobby Man	17	12th Pass	-	0-1yr	18-30yr	7000-9000/-
10	JYOTI Nursing Home Meral, GARHWA	Staff Nurse	01	ANM	-	-	18-30yr	8000/-
		Staff Nurse	01	GNM	-	-	25-45yr	9,000/-
		Sweeper	02	Non Metric	-	-	20-45yr	6,000/-
11	IIFL Samasta Finance Limited Ranchi	Customer Relationship Officer (CRO)	50	12th Pass	-	-	18-29 yr	10500/-
12	Metacentric InfoTech Pvt Ltd. Pune.	Machine Operator	200	ITI / Diploma	-	-	18-30yr	14000/-
		Invigilator	100	Graduate	-	-	30-45yr	20000/-
12	SEVA SAHYOG SECURITY AND FACILITY MANAGEMENT Pvt. Ltd. JAMSHEDPUR	Security Guard	200	10th pass	-	-	18-45 yr	7500-13000/-
		Security Supervisor	25	Graduation	-	2yr	18-45 yr	8500-15000/-
		Gun Man	40	10th pass	Gun License	-	25-45 yr	20,000-25000/-
		Cook	25	10thpass	-	-	18-45 yr	7000-9000/-
		Filed Officer	15	Graduation	Computer	2yr	24-45 yr	12000-20000/-
		Office Staff	15	12th	Computer	1yr	20-45 yr	7500-12000/-
		House Keeper	12	Non Matric	-	-	18-45yr	7000-9000/-
13	NIIT Ltd.(ICICI Bank)	Relationship Manager	100	Graduation	-	-	25 yr	2.45 - 2.85 lakh p.a
14	Manosha Foundation (Axis Training For Skills) Patna.	Loan Officer	150	10th Pass	-	-	18-35yr	9000-23800/-
		BCM	50	10th Pass	-	-	18-35yr	9000-23800/-
15	Credit Access Grameen Ltd. Bangaluru	Trainee Kendra Manager	40	12th Pass	ITI/Diploma	-	19-29yr	11525/-CTC and Fuel and PF
16	Accurate One Employment Services (JBM Auto Ltd) Patna.	Production Operator	50	10th pass	ITI/12th pass	-	18-33yr	10000-11000/-
		Trainee Credit Officer	50	12th Pass	Graduation	-	18-27yr	9500/-+Fuel+ Accommodation
17	SIS Ltd. Garhwa	Security Guard	300	10th Pass	-	-	21-36yr	12000/-
		Security Supervisor	50	12th Pass	-	-	21-36 yr	16000/-
		Graduate Trainee Officer	20	Graduation	-	-	21-30yr	20000/-
18	Dev Assist Services Pvt. Ltd. Bokaro	Raj Mistri	50	Non Matric	-	1yr	22-50 yr	19000/- + Accommodation
		Carpenter	25	Non Matric	-	1yr	22-50 yr	19000/- + Accommodation
		Sariya Fitter	25	Non Matric	-	1yr	22-50 yr	19000/-+ Accommodation
		Labours	100	Non Matric	-	-	22-50 yr	12000/- + Accommodation
19	Schoolnet India Ltd.	School Coordinator	20	Graduation +PGDCA	BCA/ MCA	-	21-40 yr	10,000 CTC
		DM	02	Graduation	MBA	1-3 yr	25-40yr	18000-25000
20	Jay Bharat Maruti	Helper / Operator	200	10/ 12/ ITI	-	-	18-35yr	18,500/ CTC
21	RDAD Security Pvt. Ltd.	Manager	5	MBA		1	22-35yr	15,000-35,000/
		Computer Operator	20	Graduation	ADCA	-	20-35yr	8,000/ - 15,000/
		Security Guard	80	10th		-	18-35yr	9,000/ - 18,000/
		IT Technician	80	10th	ITI	-	18-35yr	10,000/ - 20,000/
22	PREJHA Foundation (SPCL Co Pvt. Ltd & JMC CO. Pvt. Ltd)	Shuttering Carpenter	100	Non Metric	-	-	18-30yr	15,500/
		Bar- Bender	100	Non Metric	-	-	18-30yr	15,500/
		Mason	100	Non Metric	-	-	18-30yr	15,500/
23	Grasim Industries Ltd. Rehla	Junior Engineer	04	Diploma in Chemical	-	3yr	25-28yr	3.5 Lakh p.a.
		Junior Engineer	02	Diploma in Instrumentation	-	3yr	25-28yr	3.5 Lakh p.a.

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रुप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट –www.rojgar.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 290986Labour Employment and Traning(22-23)#D

वित्त मंत्री ने कर समाधान का किया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। रांची
कर से प्राप्त राशि का उपयोग सरकार देश एवं राज्य के विकास कार्यों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं में खर्च करती है। करदाता समय पर कर का भुगतान कर इस कार्य में सरकार का साथ दें एवं देश और राज्य के विकास में भागीदार बनें। राज्य में व्यावसायिक क्षेत्र के जितने भी बड़े करदाता है, जिनका टैक्स बकाया है और जिनके मामलें कोर्ट में लम्बित हैं, उनके वन टाइम सेटेलमेंट के लिए ही कर समाधान योजना लायी गई है। करदाता इस योजना से लाभ लें और इस योजना को सफल बनायें । उक्त बातें वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री डा.रामेश्वर उरांव ने कही । वह बुधवार को होटल बीएनआर चाणक्य में कर समाधान योजना का शुभारम्भ कर रहे थे।

डा. रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य में कर बाकायदारों से सम्बंधित करीब 5000 केस विभिन्न कोर्ट में लम्बित है। इससे राज्य सरकार को कर का नुकसान हो रहा है और करदाताओं को कोर्ट का चक्कर भी लगाना पड़ रहा है। इससे पैसे भी खर्च हो रहे हैं, जो ना उनके हित में है और ना सरकार के हित में है। इसलिए सरकार कर समाधान योजना लेकर आयी है ताकि व्यावसायिक क्षेत्र के करदाता इस योजना का लाभ लेकर वन टाइम सटलमेंट से मामला सुलझा लें और कर का भुगतान कर दें। वाणिज्य कर मंत्री ने कहा कि राज्य गरीब है, पिछड़ा है, हमें राज्य को विकास के पथ पर ले जाने के लिये राशि की आवश्यकता है। इसलिये कर का सही समय पर भुगतान करें । उन्होंने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि कर बकायादारों से सहुलियत के साथ टैक्स वसूलें। कोर्ट में लंबित मामलों को सुलझायें। कर समाधान योजना के तहत उनका भुगतान करायें। उन्होंने कहा कि हमें राज्य में रिसोर्स

इस वर्ष लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली

कर समाधान योजना से बकाया करदाताओं को टैक्स भुगतान करने में होगी सहुलियत

मोबिलाइजेशन पर ध्यान देने की जरुरत है। राजस्व उगाही विभाग की समीक्षा करने की जरुरत है, ताकि राज्य में राजस्व को और अधिक बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि ओडिशा और झारखण्ड में खनन क्षेत्र करीब करीब बराबर ही है, लेकिन वहां का खनन राजस्व लगभग 50 हजार करोड़ रुपये है और हमारे यहा मात्र 9 हजार करोड़। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमने लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्त किया है। इसके लिये विभाग के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं और वे करदाता भी जिन्होंने समय पर कर का भुगतान कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग दिया । वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती आराधना पटनायक ने कहा कि झारखण्ड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान अधिनियम 2022 (कर समाधान योजना) का उद्देश्य बकाया करदाताओं, जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं उनका वन टाइम सेटेलमेंट करा कर टैक्स का भुगतान करने की सहुलियत देना है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में लंबित मामलों के कारण करीब 3500 करोड़ रुपये बकाया है। लंबित मामलों के कारण सरकार को तत्काल कोई राशि प्राप्त नहीं हो रही है। कर समाधान योजना से लंबित एवं विवादित मामलों के समाधान से राज्य सरकार को करीब 500 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की संभावना है।

10 दिन तक बंद रहेगा पतरातू लेक रिसॉर्ट

रांची। राजधानी में जी-20 की बैठक दो मार्च को होने वाली है। इस बैठक को लेकर लंबे समय से तैयारी की जा रही है। जी-20 के 60 डेलीगेट इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक को लेकर शहर की साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क के किनारे लगने वाले ठेलों को भी बंद कर दिया गया है। रांची में दो-तीन मार्च को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। बैठक में शामिल जी-20 देशों के प्रतिनिधि पतरातू डैम का आनंद लेने भी जा सकते हैं। ऐसे में पर्यटन निदेशालय, झारखंड ने पतरातू लेक रिसोर्ट को 11 दिनों तक आम लोगों के लिए बंद रखने का फैसला किया है। जी-20 समिट को देखते रामगढ़ जिला स्थित पतरातू लेक रिसोर्ट को 22 फरवरी से चार मार्च तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में आम लोगों के लिए लेक रिसोर्ट एरिया पूरी तरह से बंद रहेगा।

सांसद ने एचईसी के निदेशकों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सांसद संजय सेठ एवं भाजपा नेता विनय जायसवाल के नेतृत्व में एचईसी के निदेशकों के साथ बैठक हुई इस बैठक मे निदेशक वित्त आर.के.द्विवेदी, कार्मिक निदेशक ए.के.बेहेरा साथ ही साथ नगर प्रशाशक आर.के.झा व प्रभाकर शर्मा की मौजूदगी में बकाया वेतन, उत्पादन एवं एचईसी के दुकानों की रेंट पर पर चर्चा हुई, निदेशक(वित्त) ने आश्वासन दिया है कि होली से पहले वेतन भुगतान किया जायेगा एवं कंपनी को चलाने का विस्तृत कार्ययोजना भी साझा किया। अधिकारियों का कहना है कि सारे निदेशकगण की उपस्थिति में लोअर एवं मिडल अधिकारियों से कंपनी चलाने के विस्तृत कार्ययोजना को साझा करे जिससे की लोअर एवं मिडल प्रबंधन के अधिकारियों एवं उच्च प्रबंधन के बीच के विश्वास को कंपनी को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुनः बहाल किया जा सके। साथ ही एचईसी दुकानों की नया रेट पर सहमति बनी। मौके पर उपस्थित अधिकारियों के तरफ से पी.एस पासवान, पुनेंदु दत्त मिश्रा, तनवीर आलम, सुभाष चंद्रा एवं यूनियन के प्रतिनिधियों में रमाशंकर प्रसाद, विकास तिवारी, जीतू लोहरा, रामकुमार नायक, विमल महली। दुकानदार संघ के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह उपस्थित रहे ।

सागर व रोशन के शतकीय पारी से रांची विवि जीता

रांची। श्रेष्ठ सागर (नाबाद 115) और राम रोशन (126) की शानदार शतकीय पारी तथा पहले विकेट के लिए 212 की महत्वपूर्ण साझेदारी की बदौलत रांची विश्वविद्यालय की टीम में आज कटक में चले गए पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत एस ओ एस विश्वविद्यालय को 83 रनों से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया रांची की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवरों में 2 विकेट पर 261 रन का स्कोर खड़ा किया जवाब में पराजित टीम 25 ओवर में 178 रन बनाकर ऑल आउट हो गई राम रोशन ने अपनी शतकीय पारी में 11 छक्के व 8 चौके लगाए जबकि श्रेष्ठ सागर ने 16 चौके व दो छक्के जमाई वहीं गेंदबाजी में कप्तान नागेंद्र मिश्रा 44 रन देकर 3 शुभम दुबे ने 16 रन देकर दो आशीष और रामरोशन को एक-एक विकेट मिला।

उपायुक्त की अध्यक्षता में टेक्निकल व सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 22 फरवरी 2023 को टेक्निकल एंड सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, कार्यपालक अभियंता एनईआरपी-1 एवं 2, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, सिंचाई, सड़क, बिजली, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पदाधिकारी पूरी तन्मयता के कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्ति पर ध्यान केन्द्रित करें। उपायुक्त द्वारा ओडीएफ प्लस विलेज की कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में पांच-पांच विलेज स्टार रेटिंग प्राप्त करें। मनरेगा के तहत सिंगल पिट वाले टॉयलेट को डबल पिट करने हेतु ओरमांझी प्रखंड की सूची पर यथाशीघ्र अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश उपायुक्त द्वारा परियोजना पदाधिकारी मनरेगा को दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की जिन योजनाओं में धरातल पर काम पूर्ण हो चुका है परंतु पोर्टल इंट्री में समस्या आ रही है, उसका समाधान करते हुए उपायुक्त ने डेटा दुरुस्त करने के निदेश दिये। जल जीवन मिशन अंतर्गत एफएचटीसी, एमवीएस, एसवीएस स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति आदि की समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में सड़क निर्माण विभाग द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनायी जा रही सड़कें, रोड चौड़ीकरण, फ्लाई ओवर निर्माण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रिया जैसे भूमि अधिग्रहण, विभिन्न विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त करने, फॉरेस्ट क्लीयरेंस की जानकारी उन्होंने ली। परियोजनाओं के ससमय पूर्ण किये जाने को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा करने का निदेश दिया। विभिन्न विभागों द्वारा अंडरग्राउंड या सड़क पर चल रहे कार्यों को उपायुक्त द्वारा जल्द से जल्द पूरा करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी भूमिका समझें और तीव्र गति से कार्य पूरा करें ताकि जाम की समस्या से आम लोगों को परेशानी न हो। उपायुक्त ने सड़कों, बिजली के खंभां से विभिन्न प्रकार के तार को हटाने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के निदेश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी, अनटाइड फंड, जिका, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, एमएलए-एमपी लैंड सभी स्कीम की बारीकी से समीक्षा की।

फेंसिंग चैंपियनशिप की मेजबानी रामगढ़ को

नवीन मेल संवाददाता। रांची
14 वां झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 2023 रामगढ़ जिला में होगा। रामगढ़ जिले के चाइल्ड वर्ल्ड एंड स्कॉलर्स हाई स्कूल में दो दिवसीय 14 वां झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 2023 संपन्न होगा। चैंपियनशिप का आगाज 25 फरवरी को टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविजन के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित एवं विशिष्ठ अतिथि राज्य संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद एवं महासचिव जय कुमार सिन्हा करेंगे। 26 फरवरी को मुख्य ड्रॉ के मैच एवं पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। जिसको लेकर बुधवार को चाइल्ड वर्ल्ड एंड स्कॉलर्स हाई स्कूल हॉल में स्कूल प्रबंधन, रामगढ़ जिला तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों और टेक्निकल डायरेक्टर की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम की सफलता और बच्चों के बीच पढ़ाई के साथ साथ खेल में रुची जगाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। वहीं संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से चुने गए बेहतर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। 24 फरवरी को राज्य भर के विभिन्न जिलों से आए 200 से अधिक प्रतिभागी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। खिलाडियों के ठहरने की व्यवस्था कुमार मैरेज हॉल में किया गया है।

ब्रह्मचारी मुकुंदानंद जी का हुआ भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बुधवार को ब्रह्मचारी मुकुंदानंद जी के देहरादून वाया दिल्ली से रांची आगमन पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर वरीय भाजपा नेता मुकेश मुक्ता, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, वरीय संरक्षक राज वर्मा के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया गया।इस मौके पर क्लब के संरक्षक युवराज पासवान, कुमारी चंद्रकांता सहित विज्ञान सिंह, सागर वर्मा,गोपाल सिंह, मनोज कुमार, रवि कुमार, शैलेंद्र गुप्ता, पिया बर्मन, महेश चंद्रा, राजू महतो आदि उपस्थित थे।विज्ञान सिंह ने बताया वे विश्व विख्यात धार्मिक कथा वाचक के साथ-साथ पुरे देश में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जी का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। रायडीह गुमला मे स्थापित महासदाशिव मंदिर मरदा के पंचम वार्षिक महोत्सव समारोह में स्वामी मुकुंदानंद जी आमंत्रित हैं। सड़क मार्ग से गुमला के लिए रवाना हो गए।

सांसद संजय सेठ ने मुक्ति वाहन का किया लोकार्पण

रांची। सांसद संजय सेठ ने सांसद निधि से मुक्ति वाहन (अंतिम यात्रा वाहन) मारवाड़ी सहायक समिति को सांसद संजय सेठ द्वारा प्रदान किया गया । इस अवसर पर सांसद सेठ ने कहा मारवाड़ी सहायक समिति निस्वार्थ भाव से जरुरतमंद लोगों की सेवा करती है सेठ ने कहा मोक्ष वाहन जरूरतमंद लोग गरीब लोग 50 किलोमीटर के रेडियस शब ले जाना है उसे संस्था द्वारा एकदम कम दर पर दिया जाएगा साथ ही सभी जरुरतमंद लोगों के लिए 24 घंटा यह बाहनउपलब्ध रहेगा। आज के इस अवसर पर अशोक नरसरिया सचिव कौशल राजगढिया निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप राजगडरिया संयोजक प्रेम मित्तल देवकीनंदन नरसरिया मुकेश काबड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन, कहा

आपातकाल के दौर से गुजर रहा है देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में जनता दल यूनाइटेड संगठन को मजबूत करने की कवायद में जुटी हुई है। अपने तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे जदयू झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन बुधवार की शाम रांची पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता, कोर कमेटी के सदस्य, सदस्यता हेतु नियुक्त कोऑर्डिनेटर एवं जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड आने का मकसद पार्टी के प्रमुख लोगों से बातचीत कर संगठन को मजबूत करना है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड जदयू का प्रभारी बनने के बाद अशोक चौधरी का यह दूसरा दौरा है। हर महीने ये झारखंड आएंगे और पार्टी के कामों की समीक्षा करेंगे। 2024 के चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत बनाएंगे और इसी विषय पर चर्चा करने के लिए झारखंड आए हैं। बिहार की कानून व्यवस्था पर राजीव रंजन ने कहा कि यदि सबसे ज्यादा देश में कानून व्यवस्था खराब है, तो वह दिल्ली की है। जो देश के गृहमंत्री के अधीन आता है। बिहार में एक-दो घटना होना स्वाभाविक बात है। यह की कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है। कहा कि 1975 के आपातकाल को हम लोगों ने देखा और वह घोषित आपातकाल था। आज जिस हालत से देश गुजर रहा है यह अघोषित आपातकाल है। भारत सरकार की संस्थाओं के माध्यम से इस देश के लोकतंत्र को चलाया जा रहा है। राजीव रंजन ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में राहुल गांधी और सोनिया गांधी को आग्रह किया था कि आप बड़े दल हैं पहल कर सभी दलों को एक साथ बैठाएं। लेकिन कांग्रेस की तरफ से कोई पहल नहीं की गई। उपेंद्र कुशवाहा पर राजीव रंजन ने कहा कि पार्टी का एक भी नेता नहीं चाहते थे कि वे दल में आए। उन्होंने कहा था कि अब कही नहीं जाएंगे। उपेंद्र कुशवाहा ना तो राजद से मतलब है और ना ही जदयू से उन्हें अपने स्वार्थ से मतलब है। राजीव रंजन ने 1932 आधारित स्थानीय नीति के मामले पर कहा कि मुझे इसकी विशेष जानकारी नहीं है। जरूरत पड़ने पर यहां की सरकार से बातचीत किया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पार्टी के प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी, बिहार विधान परिषद के सदस्य विजय सिंह, संजय सिंह, बेलहर के विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा, उपेन्द्र सिंह, आबिद अली, अखिलेश राय समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

दुष्कर्म के प्रयास में आरोपित को भेजा गया जेल

रांची। डोरंडा के एक अपार्टमेंट के नीचे खेल रही छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपित गार्ड मो अजीमुद्दीन (58) को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बुधवार को बताया कि बच्ची अपार्टमेंट कैम्पस में ही खेल रही थी। इस क्रम में पारसटोली निवासी आरोपित गार्ड मो अजीमुद्दीन भी बच्ची के साथ खेलने लगा। बहला-फुसला कर बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने साथ गार्ड रूम में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग और परिजन वहां पहुंचे। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित गार्ड ने पुलिस के समक्ष पूछताछ के दौरान अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

अभियान जगुआर मुख्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

अभियान से नक्सली हुए कमजोर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में ग्रेहाउंड की तर्ज पर माओवादी अभियान में झारखंड जगुआर की महती भूमिका रही। निर्माण के पंद्रह सालों में जगुआर की वजह से नक्सली व तमाम उग्रवादी संगठनों पर नकेला कसा है। बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने जगुआर के पंद्रहवें स्थापना दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ये बातें कहीं। इससे पहले डीजीपी ने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में डीजी प्रशिक्षण अनुराग गुप्ता, एडीजी जैप प्रशांत सिंह, एडीजी वायरलेस आरके मल्लिक, आईजी जगुआर अमोल वी होमकर, डीआईजी जगुआर अनूप बिरथरे समेत पुलिस के कई आला अधिकारी मौजूद थे।

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में नक्सल अभियानों में जगुआर के जवानों ने प्राणों की आहुति दी। जगुआर विशेष बल है। 2008 में स्थापना से अब तक कई उपलब्धियां हैं। जवानों को संबांधित करते हुए डीजीपी ने कहा कि नक्सल पर आपके खून पसीने से काबू पाया गया, अब नक्सली चंद इलाकों में सीमित हैं। 15 साल में जगुआर ने नक्सल आउटफिट्स के खिलाफ बेहतर काम किया है। डीजीपी ने कहा कि कदम से कदम मिलाकर जगुआर के कर्मियों ने जिला पुलिस के साथ काम किया है। बल को श्रेष्ठ बनाने में बेहतर प्रशिक्षण की भूमिका है। नए लड़के बेहतर काम कर रहे। वर्तमान सरकार ने पुलिस को चुनौतियों को ठीक करने की दिशा में काम किया है, ऐसे में पुलिस का मनोबल बढ़ा है। जगुआर नक्सल की दिशा में बेहतर काम कर रही है। पंद्रह सालों में 300 से अधिक नक्सल की

डेमो के जरिए जगुआर जवानों ने दिखायी नक्सल एनकाउंटर का लाइव नजारा

गिरफ्तारी हुई, कईयों को मार गिराए गया। उग्रवादी संगठनों पर कार्रवाई में जगुआर सक्षम है। डीजीपी ने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतों का उन्मूलन नहीं होता तब तक जगुआर अपनी भूमिका में है। कार्यक्रम के दौरान जगुआर के जवानों ने डेमो कर नक्सल अभियान के दौरान एनकाउंटर जैसा लाइन नजारा दिखाया। जवानों ने इस डेमो में बताया कि कैसे माओवादी जंगल, पहाड़ों में ग्रामीणों को उकसाते हैं, इसके बाद पुलिस बलों की घेराबंदी के लिए जगह जगह पर आईईडी लगायी जाती है।

एमसीए विभाग के आठ विद्यार्थियों का प्लेमसेंट

रांची। रांची विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से विश्वविद्यालय के एमसीए अंतिम वर्ष के छात्रों (सत्र 2021-2023) के लिए आद्रिका एंटरप्राइजेज का प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। यह रांची स्थित एक आईटी/आईटीईएस-आधारित सेवा प्रदाता कंपनी है। इसकी निदेशक कविता कौशिक तीन अधिकारियों के साथ सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर पद के लिए छात्रों का साक्षात्कार लेने आईं। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन रांची विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट समन्वयक जितेंद्र शर्मा ने किया। इसमें 8 विद्यार्थियों का चयन किया गया। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा व एमसीए विभाग के निदेशक डॉ सीएसपी लुगुन, ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

आधी आबादी को सशक्त करने के लिए आजसू कटिबद्ध

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के आधी आबादी को नेतृत्व का अवसर प्रदान करने के प्रति सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्रा इकाई गठन किया गया। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय प्रभारी सह रांची महानगर संयोजक अभिषेक झा ने सूची जारी किया।

अध्यक्ष आयुषी कसेरा, वरीय उपाध्यक्ष- ज्योति उरॉव, नैना कुमारी, शीतल कुमारी, तन्नू कुमारी, सलोनी कुमारी, नेहा सिंह, उपाध्यक्ष- श्रुति मिश्रा, जयश्री जयसवाल, अंजू तिर्की, शिवानी वर्मा, महासचिव- अंशु कुमारी, सचिव- पल्लवी दुबे, जयंती कुमारी, अपर्णा, अनीता कुमारी, आंचल कुमारी, उप सचिव- कीर्ति कुमारी, स्तुति जैन, संजना कुमारी, ईशा कुमारी, अनिता सिंहा, प्रवक्ता- स्वाति सिन्हा, कोषाध्यक्ष - अनुष्का कुमारी, मीडिया प्रभारी- सृष्टि कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी- स्वेता कुमारी को मनोनित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा उपस्थित थे उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू छात्र संघ स्थापना काल से ही छात्र हितों के प्रति संपूर्ण प्रतिबद्धता के साथ विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत है और छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन तथा अन्य गतिविधियां इसके द्वारा समय-समय पर चलाई जाती है। आजसू आधी आबादी को सशक्त बनाने के साथ साथ नेतृत्व के लिए आगे लाने को कटिबद्ध है इसी क्रम में आज दर्जनों छात्राओं को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशा है कि नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा आजसू के इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा।

बोकारो में बर्ड फ्लू से मुर्गियों की मौत, कई जिलों में अलर्ट जारी

नवीन मेल संवाददाता। बोकारो
राज्य के कई जिलों में बर्ड फ्लू ने पशुपालन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। बोकारो और धनबाद जिले में इसके बढ़ते मामले को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है। बोकारों में कुछ दिनों में ही लगभग 700 मुर्गियों की मौत हो चुकी है। पशुपालन विभाग ने बुधवार को बोकारो के अलावा अन्य सभी जिलों के डीसी को अलर्ट कर दिया है। जिला प्रशासन के सूत्रों के अनुसार धनबाद, गिरिडीह और आसपास के जिलों में विशेष सतर्कता बरतने और आवश्यकता के अनुसार सैंपलिंग कराने का निर्देश विभाग ने जारी किया है। धनबाद जिला पशुपालन पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जिले के हर मुर्गी फॉर्म के सैंपल इकट्ठा करने की जिम्मेदारी पशु चिकित्सकों को दी गई है। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्थित सरकारी फॉर्म में लगभग 925 मुर्गियां थी, जिसमें अब तक करीब 700 मुर्गियां मर चुकी हैं। बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने एडवाइजरी जारी करते हुए सेक्टर 12 स्थित राजकीय कुक्कुट पर क्षेत्र के 10 किलोमीटर के इलाके में मुर्गी-बत्तख बिक्री पर रोक लगा दी है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीओ और पुलिस पदाधिकारी को मुर्गे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। वहीं उन्होंने लोगों से चिकन खाने से परहेज करने की अपील की है। हालांकि, अब तक राज्य में सिर्फ बोकारो में ही बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। अभी तक किसी निजी मुर्गी फॉर्म में इतनी तादाद में मुर्गियों के मरने की खबर नहीं मिली है। डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से जारी एसओपी का पालन किया जाएगा। इसका निर्देश दिया जा चुका है। प्रभावित इलाके के आलावा सभी प्रखंड में स्थित पोल्ट्री फॉर्म की जांच करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के बड़े पोल्ट्री फॉर्म से नमूने लिए जाएंगे और इसे प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

सांसद खेल महोत्सव में लाला लाजपत राय मिडिल स्कूल का योग में शानदार प्रदर्शन

रांची। तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में योग प्रयोगिता में लाला लाजपत राय मिडल स्कूल के छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। बालिका वर्ग में -पलक शर्मा,सोनाली कुमारी, तनु कश्यप, सौम्या इंदिवार, रिया बारा, आलिया जाहिद, श्रेया कुमारी सुनीता कुमारी, अक्षरा थापा, सिमरन रानी, मुस्कान रिजवी, खुशी कुमारी झा बालक वर्ग-अंकुश कुमार रजक, जैन लोहरा, सिद्धांत राज, रौशन कुमार यादव, सोनू कुमार, अंकित कुमार, कृष्णा झा इस अवसर पर लाला लाजपत राय मिडल स्कूल की हेड मिस्ट्रेस श्रीमती पुष्पा सेरेफि म तथा कोच बिस्वजीत कर्माकर ने सभी को शुभकामनाएं दी।

चितरंजन जीआरपी रेल थाना प्रभारी निलंबित

धनबाद। रेल पुलिस के महानिदेशक (डीजी) अनिल पालट के निर्देश पर धनबाद रेल एसपी ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए चितरंजन जीआरपी रेल थाना प्रभारी सुरेश पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। धनबाद रेल पुलिस एसपी ने इस बाबत आदेश जारी करते हुए कहा कि सोशल मीडिया में जीआरपी थाना चितरंजन के बगल में स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि समारोह के अवसर पर महिला डांसरों के साथ थिरकने का रेल थाना प्रभारी सुरेश पासवान का वीडियो वायरल हुआ था। इस संबंध में आरपीएफ कंट्रोल (आसनसोल) से ईमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें जीआरपी प्रभारी चितरंजन के अलावा अन्य पुलिसकर्मियों के होने का भी उल्लेख है। आदेश में कहा गया है कि सुरेश पासवान के जिम्मेदार पद पर होते हुए महिला डांसरों के साथ अश्लील गीतों पर थिरकने से पुलिस जैसे अनुशासनिक विभाग की छवि धूमिल हुई है।

मनरेगा व पीएम आवास निर्माण को लेकर बैठक

बारियातू। प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मनरेगा लोकपाल संतोष पंडित के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया बैठक मे जीआरएस, पंचायत सचिव को गुड गवर्नेंस के अंतर्गत सेवन रजिस्टर का संधारण एवं प्रत्येक सप्ताह रोजगार दिवस मनाने का निर्देश दिया गया। वहीं लोकपाल ने बारियातू पंचायत क्षेत्र के स्वेता देवी का आम बागवानी एवं दीदी बाड़ी योजना का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इधर शिबला पंचायत सचिवालय परिसर मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने नव चयनित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के साथ बैठक की। बैठक में भाटचतरा के कई आवास लाभुकों के साथ बात चित की और इस दौरान अवश्यक जानकारी देते हुए बीडीओ प्रतिमा ने कहा की सभी लाभुक अपना अपना आवास पूरा करवा ले और ससमय अपना अपना कार्य पूर्ण करें। पंचायत सचिव को कहा की आवास योजना लाभुकों यदि एक वर्ष के अंदर अपना आवास कार्य को पूर्ण नहीं करते हैं तो वैसे लभुकों पर कार्रवाई करते हुए बैंक खाता बंद करें।

बालूमाथ : वन विभाग की लापरवाही से हाथियों का आतंक है जारी : लक्ष्मण कुशवाहा

बालूमाथ। मरंगलोइयाँ पंचायत के अंतर्गत थलिया ग्राम में बीते रात हाथियों के झुंड ने करमा गंजू पिता महादेव गंझु के घर को पूरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे महुआ धान चावल गेहूं को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। जिससे पीड़ित को आर्थिक क्षति हुई है। अचानक हुए इस हमले में महादेव की पत्नी बाल बाल बची हैं। पीड़ित परिवार के समक्ष संकट की स्थिति उत्पन हो गयी है। वन विभाग के कोई भी अधिकारी अब तक सुध लेने भी नहीं पहुंचे हैं। हालांकि बार बार सूचित करने के बाद भी अधिकारी नही पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रामनरेश सिंह मरंगलोइया मुखिया पति दिलीप भगत अभिषेक कुमार सिंह बालेश्वर अंजुमन बोध प्रसाद यादव दिल मोहन सुरेश गंजू सुरेंद्र भगत लाल बिहारी भगत दिलीप प्रजापति समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

आईएएस पर डॉक्टर से बदसलूकी का आरोप

हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने की हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की प्रशासक प्रेरणा दीक्षित (आईएएस) के खिलाफ आंदोलित डॉक्टरों ने बुधवार को हड़ताल कर दी। इस कारण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज घंटों ठप रहा। हजारीबाग की उपायुक्त के हस्तक्षेप पर लगभग चार घंटे बाद हॉस्पिटल में आपातकालीन सेवा बहाल कर दी गई है, लेकिन उन्होंने प्रशासक प्रेरणा दीक्षित को हटाने की मांग को लेकर विरोध जारी रखने का फैसला लिया है। डॉक्टरों का आरोप है कि आईएएस ने मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ विशाल के साथ न केवल बदसलूकी की, बल्कि उनके कहने पर उनके बॉडीगार्ड ने डॉक्टर को कॉलर पकड़कर उनके चैंबर से बाहर निकाल दिया। इस प्रकरण को लेकर मंगलवार को बुधवार को चिकित्सकों ने बैठक की। इसमें यह फैसला लिया गया कि जब तक आईएएस प्रेरणा दीक्षित को हजारीबाग से नहीं हटाया जाता है, तब तक काम पर वापस नहीं लौटेंगे। इस बाबत चिकित्सको ने डीसी को पत्र भी लिख कर दे दिया है। पत्र में डॉक्टरों के मान सम्मान की सुरक्षा, मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और डॉक्टर से बदसलूकी करने वाली आईएएस से माफी मांगने की मांग शामिल है। डॉक्टरों का कहना है कि डॉक्टरों के साथ जिस तरह से व्यवहार किया जा रहा है, यह बेहद दुखदाई, शर्मनाक और चिंतनीय है। डॉक्टरों की कोशिश होती है कि वह अपना भरपूर सेवा दें. लेकिन सेवा देने के बावजूद अब प्रशासनिक पदाधिकारी उन लोगों के साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं, तो यह खेद का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पदाधिकारी डॉक्टरों से माफी नहीं मांगेंगी, वे लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल जाएंगे और इसकी पूरी जिम्मेवारी प्रशासन पर होगी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक ने प्राचार्य को आवेदन दिया है और उसमें लिखा है कि कुछ दिन पहले ही डीडीसी प्रेरणा दीक्षित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों के व्हाट्सएप ग्रुप में जबरन शामिल हुईं। इसके बाद ग्रुप में ही धमकियों भरी भाषा और अपशब्द का प्रयोग करने लगीं। आवेदन में यह भी कहा गया है डॉक्टरों के साथ लगातार अव्यावहारिक, अपशब्द, मानसिक प्रताड़ना और डॉक्टर विशाल के साथ दुर्व्यवहार से प्रतीत होता है कि उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

सीसीएल से प्रभावित रैयत आंदोलन की तैयारी में

शशि पाठक। टंडवा
जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में संचालित सीसीएल की कोल परियोजनाओं का विस्तारीकरण के लिए औने-पौने मुआवजा देकर किए जा रहे भूमि अधिग्रहण पर अब विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। विरोध का आधार भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 है। भू रैयतों का कहना है कि जब इसी अधिनियम के तहत अधिसूचना कोयला धारक अधिनियम (अर्जन एवं विकास) 1957 (सीबीए, ए एंड डी एक्ट 1957) के तहत नोटिफिकेशन संख्या 1244 ई 17 मार्च 21 के आलोक में हजारीबाग जिले के डाडी थाना क्षेत्र के गिद्दी में जगदीश साव, बिगन साव, गुंजा साव, अमृत साव, कार्तिक महतो व अन्य को प्रति 1 डिसमिल जमीन का आकलन 2 लाख 54 हजार चार सौ अस्सी रुपए किए गए थे। जिसपर सीसीएल ने अपनी ओर से विभिन्न समाचार पत्रों में दावा-वाद की सूचना भी प्रकाशित कराया था। दूसरी ओर टंडवा में हुए भूमि अधिग्रहण में महज प्रति डिसमिल महज 9 से 10 हजार के बीच हीं है। इस मामले में दुर्गा सोरेन सेना के जिला महासचिव संतोष नायक ने बताया कि सीसीएल भू रैयतों को गुमराह कर अपना हित साध रही है। महेश महतो ने बताया कि जानकारी के अभाव यहां के भू-दाताओं को सीसीएल व अन्य कंपनियां गुमराह कर चंद मुआवजा और नौकरी देकर उन्हें गुलाम बना रही है। मामले पर आम्रपाली परियोजना के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर मुआवजा अलग-अलग होता है।

महारुद्र यज्ञ शुरू

चतरा। जिले के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में आयोजित 11 दिवसीय महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश सह शोभा यात्रा के साथ हुवा। इस अवसर पर राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं के कलश चुनरी नारियल देकर यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। श्री भोक्ता तथा श्री तिवारी ने श्रद्धालुओं को महायज्ञ की शुभकामना देते हुए देश प्रदेश-प्रतापपुर प्रखंड में सुख समृद्धि की कामना की और जल यात्रा नगर भ्रमण के क्रम में साथ रहे। वहीं यज्ञ मंडप से लगभग 1400 श्रद्धालुओ ने माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए अमझर नदी पहुंचे। जहां आचार्य पंडितों के मंत्रोंचार के साथ नदी से जल उठाया और पुनः यज्ञ मंडप परिसर में पहुंचकर विधिवत रूप से कलश को रखा।

विभाग आया हरकत में

री-एडमिशन के नाम पर वसूली करनेवाले स्कूलों पर गिरेगी गाज

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
बरवाडीह प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा प्रखंड के कई निजी विद्यालयों के द्वारा री एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से प्रत्येक वर्ष मोटी रकम वसूलने की शिकायत जिला परिषद की बैठक में के जाने के बाद जिला शिक्षा विभाग हरकत में आ गई है और री एडमिशन के नाम पर रकम वसूलने वाली निजी विद्यालय पर नकेल कसने की तैयारी में जुट चुकी है । जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा गया है कि जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर के द्वारा प्रखंड में कई निजी विद्यालयों के द्वारा री एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से पैसे वसूलने की तैयारी की जा रही है जो किसी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही पूरे मामले को लेकर सभी निजी विद्यालयों को प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी के माध्यम से नोटिस भी जारी किया गया है और री एडमिशन के नाम पर अवैध वसूली ना करने की हिदायत दी गई है । उधर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने बताया कि अभिभावकों के द्वारा लगातार यह शिकायतें की जा रही है सरकार के निर्देश के बावजूद निजी विद्यालयों के द्वारा री एडमिशन के नाम पर अलग-अलग तरीके से पैसे की वसूली की जाने की तैयारी है साथ ही बेवजह ऑफिस में भी बढ़ोतरी करने की तैयारी चल रही है जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा जो किसी हालत में सरकार और शिक्षा के नियमों की अनदेखी है इसलिए विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि अभिभावकों से री एडमिशन और बेवजह फीस बढ़ोतरी के नाम पर अवैध वसूली निजी विद्यालय के द्वारा न हो ।

24 घंटे में कुलदीप को कोर्ट में पेश करें

लातेहार । तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) उग्रवादी संगठन के कामरेड जितेंद्र जी ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पलामू व लातेहार पुलिस संयुक्त अभियान में कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी को आज गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उन्हें 24 घंटे के अंदर कोर्ट में प्रस्तुत करें। कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी वर्तमान में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के लातेहार उतरी सबजोनल कमेटी के सदस्य है। उन्होंने आगे कहा कि तुम्बागड़ा से केड रोड़ निर्माण कार्य में आज हुए आगजनी की घटना में टीएसपीसी संगठन का कोई हाथ नहीं है। इस घटना को टीएसपीसी संगठन घटना से इंकार करती है। इस घटना की अंजाम असामाजिक तत्वों के लोगों को द्वारा दी गई है। पुलिस उसे चिन्हित कर कार्रवाई करें अन्यथा टीएसपीसी संगठन भी असामाजिक तत्वों के लोगों को पकड़कर जनता की अदालत में सजा देगी।

सीआरपीएफ अधिकारी को जीवन रक्षा पदक से किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
अमरनाथ यात्रा के दौरान खाई में गिरे टैंपो ट्रैवलर वाहन में फंसे यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार को प्रधानमंत्री जीवन रक्षा मेडल से सम्मानित किया गया है। सीआरपीएफ द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2019 में अमरनाथ यात्रा को पूर्ण कराने के लिए सुरक्षा की जिम्मेदारी सुरक्षा बलों को दी गई थी। अमरनाथ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मील पत्थर (माइल स्टोन) 79 से 145 तक सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार को नियुक्त किया गया था। ड्यूटी में तैनाती के दौरान 31 जुलाई 2019 को शाम के लगभग सात बजे अधिकारी को मील पत्थर 139.2 में पिक्ट संख्या तीन और चार के बीच एक टैंपो ट्रैवलर के खाई में गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मृत्युंजय कुमार अपनी टीम के साथ बिना देर किये घटना स्थल पर पहुंचे और स्वयं ही बटालियन के जवानों के साथ मिलकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे 15 यात्रियों को निकालने के लिए पानी में आधा डूब चुके वाहन को सीधा किया और वाहन में फंसे यात्रियों को निकालकर अस्पताल भेजा। इनमें से 12 यात्रियों की जान बच गई, जबकि तीन लोगों की मौत हो गई थी।

देवघरः हिंदी विद्यापीठ के कर्मी का संदिग्ध अवस्था में शव मिला

देवघर। नगर थाना क्षेत्र के हिन्दी विद्यापीठ के एक कर्मी का शव उसके कार्यालय में बुधवार की सुबह लटका हुआ मिला। मृतक का नाम 48 वर्षीय आशुतोष पांडेय उर्फ आशुतोष भारती निवासी गांव रोहिणी, जसीडीह है। वह हिन्दी विद्यापीठ में कंप्यूटर ऑपरेटर सह संगणक प्रभारी के तौर पर कार्यरत थे। वह हिन्दी विद्यापीठ के त्रैमासिक पत्रिका के प्रकाशन, बीएड कॉलेज व तक्षशिला के प्रिंटिंग का भी काम करते थे। कुछ कारणों से ये घटना संदेहास्पद प्रतीत होती है। मृतक के दोनों हाथ उसी रस्सी से बंधा हुए मिले हैं जिससे उसका शव लटका हुआ था। ऐसे में हैरानी की बात ये है कि अगर कोई फांसी लगाएगा तो वह अपना हाथ क्यों व कैसे बांधेगा। वहीं उसने अगर पीछे करके अपने हाथ को बांध लिया तो फिर उसने फांसी कैसे लगाई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मानवता | हिंडाल्को ने किया मल्टी स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

250 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दी दवा

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
प्रखंड के चकला बाजारटाँड़ के समीप बुधवार को चकला कोल ब्लॉक को लेकर अधिकृत हिंडाल्को प्रा लि कंपनी के सीएसआर एंव वेल स्प्रिंग हेल्थ केयर के द्वारा मल्टी स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे थे। शिविर में हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग व जेनरल फिजिसियन के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम पहुंची हुई थी। डॉक्टरों के द्वारा शिविर में पहुंचे लोगों के स्वास्थ्य जांच के उपरांत उनके बीच दवा का भी वितरण किया।शिविर में मौजूद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुबोध कुमार (रांची)ने कहा कि नवजात शिशुओं को पौष्टिक आहार ही देनी चाहिए बच्चों के खान पान पर विशेष ध्यान रखकर ही हम अपने बच्चों को बीमारी से दूर रख सकते हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कुसुम (रांची)ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि घर के आस पास हमेशा साफ सफाई रखें घर के आस पास जमी गंदगी ही बीमारियों का कारण बनती है स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ परिवार बनता है और स्वस्थ परिवार से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।शिविर में लगभग 250 मरीजों के स्वास्थ्य जांच कर उनके बीच दवा का वितरण किया गया।मौके पर हिंडाल्को सीएसआर हेड लोपामुद्रा मिश्रा,अभय शर्मा, अशफाक खान,चकला मुखिया रंजीता एक्का, मो इजहार,नवल शाही, मंटू राम,डॉ राहुल (रांची),डॉ सौरभ समेत बड़ी संख्या स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

मनिका में समाजसेवी ने किया गरीबों के बीच वस्त्र का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
मनिका। मनिका प्रखंड स्थित कोपे पंचायत के ग्राम दुमी मे आज दिन बुधवार को वंदे मातरम निष्काम कर्म योग कि साधना समाजसेवी निर्दोष कुमार के द्वारा जरूरतमंदों के बीच सैकड़ों वस्त्र का वितरण किया गया। समाजसेवी निर्दोष कुमार ने लगातार दो साल से गरीबों के बीच आज तक 50000 से ऊपर कपड़े का वितरण कर चुके है आज तक 200 गांव में घूम कर एवं सुदूर इलाके में लगातार इनके द्वारा समाज के प्रति हमेशा क्षेत्र में लगातार जरूरतमंद लोगों के बीच कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा हमें गरीब असहाय लोगों के बीच मदद करने में मन में बहुत ही संतुष्टि मिलती है। और लोगों को भी क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों के बीच बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा एक दूसरे को मदद करने को कहा साथ ही शिक्षा के प्रति नाशा मुक्ति धर्म और सांस्कृति बाल विवाह पर जागरूक किया गया। आज का जो कपड़ा जिनके द्वारा उपलब्ध कराया गया। पप्पू सिन्हा बोहिता माइंस के द्वारा वितरण किया गया। उन्हें कमेटी आभार प्रकट करती है। मौके पर उपस्थित संदीप कुमार गुप्ता, राजकुमार सिंह, नरेश घासी, सुरेश घासी, राजदेव सिंह, उदित सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सुदेश महतो-डॉ लंबोदर महतो ने सुनीता चौधरी के पक्ष में मांगा समर्थन

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने बुधवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायतों में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस क्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गोला प्रखंड क्षेत्र के सुलरी, रकुवा, बंदा, हेसापोडा और चाडी पंचायत में चुनावी सड्डा की। मौके पर आजसू सुप्रीमो महतो ने कहा कि आजसू के चूल्हा प्रमुख को देखकर विपक्ष में घबराहट की स्थिति है। आजसू प्रमुख ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की धर्मपत्नी सुनीता चौधरी के पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आजसू पार्टी ही आपके क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कर सकती है। सुदेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में समूचे रामगढ़ जिले के कोने कोने तक सड़क, बिजली, पानी पहुंचाने का काम किया। कहा कि आजसू पार्टी लोगों के हर सुख दुख में साथ दिया और आगे भी देती रहेगी। जबकि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने लोगों से कहा कि इसबार आप सड्डी एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को वोट देकर विजय बनाएं। आपके क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।

कई लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की

वहीं, आजसू की नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा के दो दर्जन लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर निरु शांति भगत, प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य सरस्वती देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

प्रतियोगिता में रामगढ़ के बच्चों ने लहराया परचम

रामगढ़। एसआईपी अबेकस द्वारा खेलगांव टाना भगत स्टेडियम राज्य स्तरीय गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ के बच्चे भी शामिल हुए। रामगढ़ से शामिल बच्चों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर परचम लहराया। जिनमें ईशा उमंग, श्रेष्ठ मितल, शुभम राज, रिद्धि रानी, ईशान सलूजा आदि छात्रों छात्राओं का नाम शामिल है। प्रतियोगिता का संचालन संस्था संचालक अनुराधा कुमारी, सहयोगी रत्नेश कुमार, तनुश्री झा, कल्याणी व राखी कुमारी ने किया। प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाली ईशा उमंग के पिता डॉ सुनील कुमार कश्यप व माता कुमारी प्रतिमा अपनी पुत्री के प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन से काफी खुश नजर आए। साथ ही उन्होंने कहा कि एसआईपी अबेकस में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को गणित की बारीकियों की बेहतर जानकारी दी जाती है।

बरकट्ठा : लकड़ी के साथ आरा मशीन जब्त

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत के चौथा में अवैध आरा मिल के खिलाफ (आरएफओ) रेंज फॉरेस्ट अधिकारी कमलेश सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें चौथा में अवैध संचालित आरा मशीन समेत भारी मात्रा में शाल लकड़ी का बोटा जब्त किया गया। आरएफओ कमलेश सिंह ने बताया कि छापामारी में दो ट्रैक्टर शाल लकड़ी का बोटा और अवैध संचालित आरा मशीन को जब्त किया गया है। उन्होंने अवैध संचालित आरा मशीन के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही। छापामारी अभियान में चौपारण,बरही और बरकट्ठा के वन विभाग के कर्मी राजेंद्र कुमार,नाजिर हुसैन,देवचंद महतो, उपेन्द्र कुमार, संतोष कुमार रजक, सिकंदर कुमार, बीरेंद्र कुमार,अजीत गंझू,शिशिर मिंज समेत बरकट्ठा पुलिस शामिल थे।
चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

हजारीबाग। पेलावल ओपी की पुलिस ने लूट के कई घटनाओं को अंजाम देने वाले पेलावल क्षेत्र के रोमी निवासी मोहम्मद सुहेल और समीउल्लाह उर्फ बाबू को पकड़ा है। पुलिस रिकार्ड में लंबे समय से फरार चल रहे इन आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी के लैपटॉप और चार मोबाइल भी बरामद किया है। बरामद सामान एक माह पूर्व रोमी निवासी मोहम्मद रिजवान के घर से चोरी हुए थे। पुलिस ने इनके पास से एक स्मार्ट वॉच व एक ब्लूटूथ नेक बैंड भी बरामद की है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपितों को न्यायिकक हिरासत में भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक लैपटॉप को बरामद किया गया। इसके बाद कड़ाई से पूछताछ की तो चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए अन्य सामान की जानकारी। इनके निशानदेही पर चोरी के सामान बरामद किए गए। पेलावल पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो चोरों को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

डीसी ने सेक्टर दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दी जानकारी

अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें : डीसी

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल रामगढ़ में ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी से कहा कि 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के सफल आयोजन हेतु बहुत जरूरी है कि जो भी बातें अब तक आपको प्रशिक्षण के दौरान बताई गई है आप उन्हें स्मरण रखें एवं 27 फरवरी को होने वाले मतदान के मद्देनजर 26 फरवरी को ससमय अनिवार्य रूप से रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ पहुंचाएं जिसके उपरांत आप सभी अपने पोलिंग पार्टी के साथ संबंधित मतदान केंद्र/क्लस्टर तक पहुंच जाएं। उन्होंने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी पोलिंग पार्टी डिस्पैच के उपरांत अपने-अपने मतदान केंद्र/ क्लस्टर पहुंच जाए एवं इससे संबंधित जानकारी कंट्रोल रूम को दे दी जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव के शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त आयोजन में आप सभी की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। इसलिए सभी सेक्टर दंडाधिकारी उनके साथ टैग किए गए पुलिस पदाधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहें। मौके पर उन्होंने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने व ससमय आवश्यक जानकारियां चुनाव कोषांग, कंट्रोल रूम आदि को देने का निर्देश दिया। ब्रीफिंग के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव के दौरान उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की गंभीरता को समझते हुए अपने सभी दुविधाओं को दूर कर लेने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी को अपने-अपने क्षेत्र के अधिकारियों का नंबर अपने पास रखने, ससमय मॉक पोल कराकर मतदान शुरू करने, नियमित रूप से कंट्रोल रूम को आवश्यक जानकारियां साझा करने सहित चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। ब्रीफिंग के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा सेक्टर दंडाधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से मतदान दल की पहुंच क्लस्टर तक सुनिश्चित करने, पुलिस बल से समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था को स्थापित करने, मतदान कर्मियों के सामग्रियों की जांच करने, मतदान कर्मियों के बीच चुनाव प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी का अभाव हो तो उन्हें आवश्यक जानकारी देने, चुनाव के दिन किए जाने वाले कार्य, मतदान के अंत में कागजातों की जांच करने, सेक्टर में विभिन्न दलों की रिपोर्ट देने के प्रपत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जानकारी दी गई वहीं उनकी दुविधाओं को भी दूर किया गया।

मामला : बरही में जमीन की मापी को लेकर दो पक्षों में विवाद

दल-बल के साथ पहुंचे सीआई, हुई भूमि मापी

नवीम मेल संवाददाता। बरही
सीओ के निर्देशानुसार सीआई सतीश कुमार दल बल के साथ हरिला मौजा अंतर्गत खाता 78/76 प्लॉट संख्या 1467/1883 के विवादित जमीन की मापी के लिए अंचल अमीन के साथ पहुंचे। जहां जमीन मालिकों और स्थानीय लोगो के भारी विरोध के बीच मापी करवा सके । सीआई ने बताया कि स्थल मापी में 12.60 एकड़ के स्थान पर जमीन का रकवा करीब साढ़े सात एकड़ ही पाया गया है । इस संबंध ने अंचल अमीन और राजस्व कर्मचारी को रिपोर्ट बनाने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट मिलते ही अंचलाधिकारी को उचित कारवाई के लिए सुपुर्द किया जायेगा ।

क्या है आरोप : माधुरी देवी पति राजेंद्र यादव अपना पोजिशन छोड़कर कुमारी देवी के हिस्से में कब्जा जता रहे है । इसे लेकर दोनो पक्षों के बीच विवाद गहराता जा रहा है । जबकि राजेंद्र यादव का कहना है कि वह अपने पोजिशन पर सही है । कुछ भू माफियाओं की मदद से उनके हिस्से के जमीन की दबाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि यदि जमीन कम है तो उसे तीनो के बीच नियमसंगत बांटा जाय। क्योंकि तीनों एक ही प्लॉट के बराबर के हिस्सेदार है । बहरहाल सीआई आई के द्वारा जमीन की मापी करवाई जा चुकी है । अब सी आई के रिपोर्ट और सीओ के फैसले का इंतजार है ।

नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

बरकट्ठा:1001 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक व पूर्व विधायक

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत के ग्राम जतघघरा में श्री श्री 108 श्री नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाला गया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने 1001 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं को कलश देकर रवाना किया। कलश यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल के पास कलश को स्थापित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को ज्ञान के साथ-साथ खुशियां मिलती है, साथ ही साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। मौके पर मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, केदारनाथ यादव , जयनगर प्रमुख अंजू देवी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष जयनगर बीरेन्द्र मोदी, मुखिया राजकुमार यादव, गणपत यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष चलकुशा दशरथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, पंसस मनोज यादव, पंसस प्रतिनिधि मुकेश दास, पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेन्द्र यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र सिंह, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव यादव, सचिव मथुरा यादव, कोषाध्यक्ष दशरथ राणा, पूर्व मुखिया भोला यादव आदि उपस्थित थे।

जंगल से दो सौ पेटी शराब बरामद

हजारीबाग। उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को चौपारण थाना के मोरवा जंगल से 200 पेटी ब्लू गोल्ड शराब बरामद किया है। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय मेहता, अवर निरीक्षक उत्पाद प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी कर उक्त शराब बरामद की गई। बताया गया कि बीते मंगलवार को भी इसी स्थान पर छापेमारी कर 550 पेटी शराब बरामद की गई थी। बरामद शराब की बोतल में हिमाचल प्रदेश का मार्का लगा हुआ है। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि होली त्योहार को लेकर अभी लगातार छापेमारी की जा रही है।

सिपाही को गोली मारने के मामले में दो युवक धराये

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर मोहनपुर सेंट्रल जेल के सिपाही शशिभूषण सिंह को गोली मारने के मामले में मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों को मुफ्फसिल थाना इलाके के तुरुकडीहा गांव से दबोचा गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपित युवकों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने ही जेल के सिपाही शशिभूषण सिंह पर उसके ही सर्विस पिस्तौल से फायरिंग की थी। फिलहाल मुफ्फसिल थाना पुलिस दोनों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। बता दें कि सिपाही शशिभूषण व एक अन्य पुलिस जवान के साथ मोहनपुर में शराब दुकान पर इन युवकों का कुछ विवाद हुआ था। इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों युवक सिपाही को देख लेने की धमकी देकर शराब दुकान से तो चले गए, लेकिन कुछ देर बाद अजीडीह पेट्रोल पंप के समीप सिपाही और उसके साथ के जिला पुलिस बल के जवान से भिड़ गए।

कोडरमा में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

कोडरमा। जिले के जयनगर थाना अंतर्गत सरमाटांड स्टेशन डुमरी फाटक के समीप बुधवार को ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीव कुमार (22) पिता श्रीपाल कुमार निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संजीव कोलकाता जा रहा था। जयनगर क्षेत्र के सरमाटांड डुमरी फाटक के समीप वह अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया, इससे उसकी मौत हो गई। जयनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

बरही : महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों पर

बरही । आगामी 24 मार्च से भगवती मंदिर परिसर बरही में जलयात्रा के साथ ही श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह 13वें बरही महोत्सव की शुरूआत हो जायेगी । इसे लेकर महायज्ञ समिति की ओर से महायज्ञ की तैयारियां जोरो पर है । यज्ञशाला का नव निर्माण किया जा रहा है । श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर यज्ञ मंडप में पेवर्स ब्लॉक बिछाए जा रहे है । एन एच परिसर में अभी से ही मीना बाजार सहित कई झूलो को लगाए जा रहे है । अध्यक्ष बिपिन सिन्हा ने बताया कि यज्ञ में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रवचन की व्यवस्था की गई है । उन्होंने महायज्ञ समिति की ओर से सभी लोगो से अधिकाधिक संख्या में महायज्ञ में भाग लेने की अपील किया है । महायज्ञ सुचारू और सुव्यवस्थित करने हेतु महासमिति के लोग दिन रात लगे हुए है ।

स्वागत | रामगढ़ उपचुनाव को लेकर 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन

राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला : आदित्य

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की घोषणा होने के बाद से ही एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू को उप चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनको प्रभारी बनाए जाने के बाद से आदित्य साहू ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा क्षेत्र के गली मोहल्ले एवं चौक चौराहों पर प्रत्येक दिन उनकी चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत स्थानीय महिला ,पुरुष मतदाता भारी संख्या में जुट रहे हैं। बुधवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में जनसंपर्क के दौरान आदित्य साहू व्यवसाई सह आजसू नेता विमल बुधिया के आवास पर उपस्थित व्यवसाइयों से मिले। मौके पर कार्यक्रम के आयोजक बिमल बुधिया, संगीता बुधिया, प्रियांशी बुधिया ने मंचासीन सांसद समेत सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, विधायक समरी लाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, मारवाड़ी समाज प्रदेश अध्यक्ष बसंत मित्तल, विजय जायसवाल, छोटन सिंह,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,कीर्ति गौरव उपस्थित थे। स्वागत भाषण विजय मेवाड़ ने दिया। मंच संचालन प्रो. संजय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन बिमल बुधिया ने किया । मौके पर आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा और आजसू का गठबंधन झारखंड एवं झारखंडी वासियों के समग्र विकास के लिए बना है। जो प्रत्यक्ष रूप से दिख रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अपराध का बोलबाला है। राज्य में महिलाएं सुरक्षित नही हैं। वहीं, राज्य सरकार जिन वादों के चलते सत्ता में आयी उन वादों को भूल गई। जिससे लोगों में राज्य सरकार के प्रति आक्रोश का माहौल है। कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की लहर है और यहां की जनता उन्हें भारी मतों से विजय बनाने का कार्य करेगी।

परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार शर्मा की विदाई समारोह बुधवार को आयोजित की गई।वहीं कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं मंच संचालन शिक्षक यमुना साव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शर्मा विगत 35 वर्षों से इस विद्यालय को बड़ी लगन के साथ सींचने का कार्य किए हैं ।इन्होंने कई वर्षों तक बिना वेतन के ही जो सेवा दिया उसका हम सब ऋणी रहेंगे। कहा कि विद्यालय को प्लस टू कराने के लिए पूरा प्रयास जारी है और जल्द ही यह विद्यालय प्लस टू के रूप में विकसीत होगा। वहीं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य कुमकुम देवी ने श्री शर्मा के विदाई में भावुक होते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि परिवर्तन संसार का नियम है और परिवर्तन से ही विकास की नई रेखा खींची जा सकती है। कहा कि मैं भी इस विद्यालय की छात्रा रही हूं। वहीं उपस्थित अतिथि बीईईओ किशोर कुमार ने उनके आगामी जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा कि शर्मा ने शिक्षक की संपूर्ण परिभाषा को बेहतर तरीके से परिभाषित किया । मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी,बीईईओ किशोर कुमार, एचएम मुजीब अंसारी ,शिक्षक रामकिशुन महतो आदि उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

कोयला तस्करी के मामले में 4 गिरफ्तार

कुडू। कुडू थाना पुलिस ने ट्रैक्टर से कोयला तस्करी मामले में चार लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चंदवा थाना क्षेत्र निवासी सूरज गोप के पुत्र पप्पू गोप, सरयू गंझू के पुत्र रवि गंझू, ननका गंझू के पुत्र रवि गंझू एवम संजय गंझू शामिल है। इन सभी पर कांड संख्या 25/23 धारा 414/34 भादवि व कोल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

केरसई पुलिस ने ड्रम से बनाया गति अवरोधक

केरसई। सिमडेगा जिले के केरसई पुलिस ने थाना प्रभारी अंशु कुमार की अगुवाई में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सिमडेगा-कुरडेग मुख्य मार्ग के रेंगार टोली (करंगागुड़ी) चौक के पास ड्रम लगाकर गति अवरोधक बनाई। इस दौरान उन्होने आस पास के लोगों और वाहन चालकों को रोक कर सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों की जानकारी दी। वहीं उन्होने कहा कि वाहन चलाते समय चालक पूरा ध्यान सड़क पर रखें और पूरी एकाग्रता से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करें। बगैर हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन नही चलायें। शराब का सेवन कर किसी भी परिस्थिति में वाहन लेकर सड़क पर नहीं उतरे वाहन के सभी कागजात साथ रखें। मौके पर थाना प्रभारी अंशु कुमार, एसआई राजीव रंजन, एएसआई अवधेश प्रसाद मौजूद रहे।

माघ जतरा धूमधाम के साथ संपन्न

बोलबा। बोलबा प्रखंड के आवगा गांव में एक दिवसीय माघ जतरा धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अवगा गांव में माघ जतरा आयोजन किया गया। जिसमें पैंकी नृत्य के साथ खेल तमाशा, मिठाई की दुकान सहित विभिन्न प्रकार के दुकान सजाए गए थे। जिसमें पैंकी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पैंकी नृत्य का कार्यक्रम मालसाड़ा के टीम द्वारा प्रस्तुत किया। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में मेरतल खलखो, योगेंद्र माझी, रतेन्द्र मांझी, नरेश प्रधान, गोविंदा खलखो, के अलावा अन्य लोगों का सहयोग रहा।

मरीजों के बीच फल का वितरण

कैरो। देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर प्रखंड क्षेत्र में संचालित मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी कैरो के द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र कैरो में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर सोसाइटी के सदर महताब आलम ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद एक प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान थे। वे एक कवि लेखक पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। देश की आजादी के बाद वे एक महत्वपूर्ण राजनैतिक पद पर भी आसीन हुए। उन्हें सरकार द्वारा भारत रत्न जैसे महत्वपूर्ण उपाधि से भी नवाजा गया। मौके पर डॉक्टर राकेश प्रसाद, सोसाइटी के महासचिव खुर्शीद अंसारी, अनवर, अंसारी, अप्पू अंसारी आदि उपस्थित थे।

किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला आयोजित

कुडू। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा के बैनर तले बुधवार को कुडू प्रखंड परिसर में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन कुडू बीडीओ मनोरजंन कुमार, सहायक जिला कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार, तकनीकी सहायक दिनेश चंदर, प्रभारी कृषि पदाधिकारी किशोर उरांव, प्रमुख, उप प्रमुख, बीससूत्री अध्यक्ष व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बीडीओ ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यत कृषि के क्षेत्र में किसान भाइयों की आय कैसे दोगुनी हो। साथ ही साथ किसान ज्यादा जैविक खेती कैसे करें और कृषि विभाग अंतर्गत मिलने वाली योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसान बंधुओं को कैसे मिल सके इस पर चर्चा की गई।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व अन्य बिंदुओं पर हुआ कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा में शिक्षण सेमिनार विषय वस्तु 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 स्कूली शिक्षा संभावनाएं एवं चुनौतियां' चर्चा के केंद्र बिंदु जिसमे पूर्व प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, अध्यापक शिक्षा के विषय पर जिले के विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक एवं महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सम्मानित अतिथि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी तथा अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह डायट के प्राचार्य बादल राज के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान डायट प्रशिक्षुओं के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डायट व्याख्याता दीपक राम के द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों एवं डायट के प्रशिक्षुओं ने अपना अपना विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डायट के द्वारा नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया वही जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों को तैयार होने का आह्वान किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा शिक्षकों को ईमानदारी से अपना काम करने और बदलाओ के अनुसार खुद को तैयार होने का सुझाव दिया गया साथ ही क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी महोदया के द्वारा नई शिक्षा नीति पर जोर डालते हुए शिक्षको के क्षमता संवर्धन करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के बीच में डायट सिमडेगा के द्वारा दीक्षा पोर्टल पर शिक्षकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु डायट सिमडेगा के द्वारा तैयार किया गया प्रशिक्षण मॉड्यूल गणित शिक्षण के सीखने का प्रतिफल का जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया।

जिसमे जिला दीक्षा कॉर्डिनेटर सुनील कुमार गुप्ता द्वारा जिले सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण का कोर्स ऑनलाइन पूरा करने करने के लिए अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के अंत में व्याख्याता डायट सुनील कुमार गुप्ता के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता में डायट के व्याख्याता कंचन मंगला किंडो, पियूस लकड़ा एवं सुनीति जाडिया सहित ज़िले के दूर दराज से आए शिक्षाकवृंद का अहम योगदान रहा।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में छात्रों के अभिभावकों संग हुई बैठक

सिमडेगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा-सिमडेगा में कक्षा अरुण तथा कक्षा उदय के छात्र छात्रों के अभिभावकों की एक आवश्यक बैठक आहूत हुई। छात्र-छात्रों के शैक्षणिक, बौद्धिक तथा मानसिक विकास के निमित्त हुए इस बैठक में छात्र-छात्रों के विकास के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीता कुमारी तथा माधुरी देवी ने किया। इस बैठक में प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने कहा कि छात्र-छात्रों के विकास के लिए आचार्य-आचार्या के साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी के सामूहिक प्रयास से ही शिशु का अपेक्षित विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से कहा के वे छात्र-छात्रों को घर पर भी पूरा समय दें तथा उनके प्रतिदिन के दिनचर्या पर उचित रूप से ध्यान दें और विद्यालय द्वारा सिखाए गए संस्कार पक्ष को मजबूती के साथ घर पर पालन कराना सुनिश्चित करें। इस पर भी जोर दिया

गया कि प्रातः काल बच्चे उठकर प्रणाम करें क्योंकि प्रणाम करने से आयु, विद्या, यश और बल, इन चार चीजों में वृद्धि होती है। इस अवसर पर हेठमा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने भी शिशुओं के विकास तथा विद्यालय के विकास के विषय में चर्चा करते हुए उपस्थित अभिभावकों को अपना संदेश दिया। बैठक के दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रही सीता कुमारी तथा माधुरी देवी ने भी संबोधित किया। बैठक में आचार्या गीता कुमारी, मुदित टोप्पो, सुलोचना कुमारी, तथा गौरी देवी उपस्थित थे।

सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित गुटखा बरामद

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्र में अजय उद्यान के पास जुरिया रोड में गुप्त सूचना के आधार पर नगर परिषद द्वारा प्रतिबंधित गुटखा और सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम के लिए यह छापेमारी की गई। जिसमे गुप्ता जनरल स्टोर से भारी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा कमला पसंद और भारी मात्रा में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और थमाकोल के प्लेट बरामद की गई। नगर परिषद द्वारा जिले में पहले ही व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री करने पर रोक लगाई गई थी जिसके बावजूद जिले में धड़ल्ले से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित गुटखा का बिक्री किया जा रहा है। जिसे लेकर नगर परिषद की टीम हरकत में आई और गुप्ता जनरल स्टोर में छापेमारी कर पांच पेटी गुटखा, 20 बोरा सिंगल यूज प्लास्टिक, प्लास्टिक गिलास और भारी मात्रा में थमाकोल के प्लेट बरामद कर सीजर बनाकर कानूनी कार्रवाई में जुट गई।

छापेमारी दल में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, प्रभारी सदर अंचलाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास, सिटी मैनेजर विजय कुमार, सिटी मैनेजर अनिल कुमार, के साथ नगर परिषद के महिला कर्मचारी भी शामिल थे। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने कहा जिले में पूर्ण रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक और गुटखा बैन है। वार्निंग देने के बाद भी शहरी क्षेत्रों में लगातार इसकी बिक्री की जा रही है जिसके रोकथाम के लिए यह छापेमारी की गई और आगे भी लगातार करवाई की जायेगी।

राजस्व संग्रहण संबंधी समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन

मार्च 2023 तक राजस्व संग्रहण 100 प्रतिशत पूर्ण करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण संबंधी समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन से सरकार को होने वाले राजस्व प्राप्ति की जानकारी ली तथा जिला अन्तर्गत विभिन्न विभागवार राजस्व वसूली से संबंधित कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्राप्त निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप माह मार्च 2023 तक राजस्व संग्रहण की प्रतिशत को पूर्ण करें। उन्होंने खनन, मत्स्य, उत्पाद, निलाम पत्र, भू-लगान वसूली, वन प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति, व सहकारिता सहित कई विभागों के राजस्व संग्रहण की प्रतिशत की कमी को देख, संबंधित पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उत्पाद अधीक्षक से सरकार द्वारा प्राप्त राजस्व संग्रहण से संबंधित निर्धारित लक्ष्य की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप मार्च 2023 तक शत प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने खनन एवं माइनिंग से

संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत योजना के तहत अब तक किसानों से धान की खरीद की प्रखंड व लैम्पसवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अंचल अधिकारी को धान अधिप्राप्ति के तहत लैम्पसवार कुल पंजीकृत किसानों के अन्तर्गत धान की ब्रिकी किये किसान की संख्या की समीक्षा की। सभी अंचल अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति योजना के तहत धान की खरीद से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग करने की बात कही। साथ ही किसानों को लैम्पस में धान की ब्रिकी हेतु प्रेरित करने की बात कही। तथा बीसीओ से लैम्पसवार प्रति दिन अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की बात कही। कोलेबिरा एवं बानो प्रखंड के लैम्पसों में धान की खरीद का प्रतिशत काफी कम है जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने राशन कार्ड में आधार सीडिंग से संबंधित कार्य को ससमय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक के क्रम उपायुक्त ने अंचलवार लगान एवं सेस की मांग एवं वसूली की समीक्षा कर सभी अंचल अधिकारियों को उत्तराधिकारी दाखिल-खारिज, लगान रसीद, पंजीकरण सुधार सहित अन्य कार्य हेतु हल्कावार कैम्प आयोजन कर राजस्व वसूली को बढ़ाने की बात कही। साथ ही जन शिकायत से संबंधित लंबित मामलें को ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल झारसेवा पोर्टल पर लंबित जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा कर ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। तथा लोहार एवं चीक बड़ाईक जाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित आ रही समस्याओं को ग्राम सभा कराते हुए ससमय मामले का निवारण करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विभागों/कार्यालयों के लिए सरकारी जमीन चिन्हित करने के लंबित मामले की समीक्षा की। जलडेगा प्रखंड के ओड़गा ओपी का भवन निर्माण हेतु कितने जमीन की आवश्यकता है जिसकी जानकारी ली। संबंधित अंचल अधिकारी को जमीन चिन्हित एवं हस्तांतरण करने की दिशा आवश्यक निर्देश दिये। भू-अर्जन से संबंधित लंबित मुआवजा राशि को रैयतों के बीच ससमय वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पूनम कच्छप, जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुमलता तिर्की, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस पलटी, चार घायल;एक रिम्स रेफर

नवीन मेल संवाददाता। कुडू लोहरदगा से रिम्स रांची मरीज लेकर जा रही एम्बुलेंस वाहन कुडू थाना क्षेत्र के टाटी-जिमा के बीच पुल के पास पलट गई। जिससे चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रही हैं। जबकि एक गंभीर रूप से घायल मरीज को दूसरे एम्बुलेंस से रिम्स भेजा गया है। वही एम्बुलेंस का चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार एम्बुलेंस लोहरदगा पवारगंज निवासी स्व. विजय भगत का पुत्र ओम भगत को रिम्स ले जा रही थी। उसने फांसी लगाने की कोशिश की थी। जिसे आनन फानन में परिजनों ने सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल से ओम भगत को रिम्स रेफर किया गया। एम्बुलेंस रिम्स ले जाने के दौरान कुडू टाटी जिमा के बीच अनियंत्रित हो कर पलट गई जिसे ग्रामीणों के द्वारा सभी को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। ओम भगत की गंभीर हालत देख कर उसे एंबुलेंस से रिम्स भेजा गया एवम ओम भगत की पत्नी पूजा देवी, बहन रूपा कुमारी एवम सुरेंदर राम का इलाज कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

सेन्हा में टेम्पू बाइक में टक्कर, चार घायल

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा लोहरदगा गुमला मुख्य पथ के सेन्हा थाना के समीप टेम्पू एवं बाइक में टक्कर हो गया। जिसमें 4 लोग घायल हो गये। घायलों में घाघरा निवासी 40 वर्षीय महिला प्रभा किंडो, रांची निवासी 23 वर्षीय आशीष चौधरी, तथा डोका निवासी 42 वर्षीय कार्तिक उरांव और 37 वर्षीय जयमन्ती उराइन शामिल है। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस घटना स्थल पहुंच सभी घायलों को इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दिव्या निशि ने बताया कि अंदरूनी चोटें होने के कारण सभी को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही गस्ती दल को घटना स्थल भेजा गया जहां से घायलों को अस्पताल भिजवाते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को जप्त कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

अफीम की खेती करने वाले दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर चैनपुर पुलिस ने अफीम की खेती कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमें चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल निवासी निकोदीन टोप्पो पिता स्व. कुंजल टोप्पो एवं चतरा जिला निवासी पिंकू तिर्की पिता प्रभु प्रकाश तिर्की के नाम शामिल हैं। सोमवार को पुलिस ने दिया दतरा एवं तिगावल गांव के बीच लगभग एक एकड़ में लगे अफीम की खेती को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में नष्ट किया था। वहीं खेती से संबंधित कुछ उपकरण भी जब्त किए थे। जिसके बाद से ही अभियुक्तों की तलाश जारी थी जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा पता चला कि जमीन मालिक निकोदीन टोप्पो ने चतरा जिला निवासी पिंकू तिर्की एवं जुगेश्वर भुंईया को अपना खेती अफीम लगाने के लिए दिया था।

उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, उर्दू शिक्षक का पदस्थापना की मांग

नवीन मेल संवाददाता। कैरो स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी कैरो के आजीवन संरक्षक समीद अंसारी, सदर महताब आलम,व अनवर अंसारी बुधवार को जिले के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराड़ीह में उर्दू शिक्षक समेत अन्य विषयों की शिक्षकों की कमी से अवगत कराते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा लिखी व मुखीया सुमन उरांव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष डहरु उरांव व अन्य सदस्यों द्वारा किये गए हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपी तथा विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने की गुहार लगाई। मौके पर समीद अंसारी ने कहा कि विद्यालय में पहली से दसवीं कक्षा तक संचालित होती है जहां पर कुल 449 बच्चे नामांकित हैं और एक सरकारी व चार पारा शिक्षक हैं माध्यमिक स्तर का एक भी शिक्षक नही हैं कहने को तो यह उर्दू उच्च विद्यालय है परन्तु आज एक भी उर्दू शिक्षक नही है जिससे शिक्षण कार्य मे भारी परेशानी होती है। उपायुक्त इसे गंभीरता से लेते हुए जल्द ही कोई न कोई हल निकालने की बात कही। मौके पर अनवर अंसारी आदि उपस्थित थे।

सेन्हा में चला वाहन जांच अभियान तीन बाइक जब्त

सेन्हा। सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी के निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से

बुधवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान बाइक चालकों का हेलमेट, वाहन सम्बन्धित कागज, डिक्की, थैला का जांच किया गया। बाइक चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों का तथा वाहन का कागजात नही रहने के कारण 3 बाइक को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए 3 लोगों का वाहन को जप्त कर नियम संगत कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा सेन्हा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जाँच अभियान लगतार चलाया जाएगा और हेलमेट नही पहनने वालों पर सख्त कारवाई जारी रहेगा।

कार्यक्रम पेंशन समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न, बैंक प्रबंधक ने कहा

सभी पेंशनधारी काफी परिपक्व होते हैं

पेंशन समाज का गुमला जिला नई कमेटी का किया गया चुनाव

तेजपाल राम मोची अध्यक्ष, सचिव महावीर प्रसाद मिश्र, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन बने

नवीन मेल संवाददाता। गुमला पालकोट रोड़ स्थित उत्कल पोईंट में झारखंड राज्य पेंशनर समाज की गुमला इकाई का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि राज्य संयुक्त

सचिव डी. विश्वकर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य कोष प्रभारी चन्द्रकांत सिंह तथा प्रबंधक यूको बैंक राजन कुमार के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। पेंशनर समाज के वरीय सदस्य तेजपाल राम के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जब कि कार्यकारी सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज के कोष की अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए शांति प्रकाश केरकेट्टा के द्वारा आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया। अस्वस्थता के कारण पेंशनर समाज के गुमला जिला इकाई अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्र अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाये, उनके द्वारा संप्रेषित लिखित संबोधन को पढ़ कर सुनाया गया। उनके द्वारा जिले के समस्त पेंशनरों के मंगलमय जीवन की कामना की गयी। उपस्थित पेंशनरों को संबोधित करते हुए यूको बैंक के प्रबंधक राजन कुमार ने कहा कि सभी पेंशनधारी काफी परिपक्व होते हैं, ऐसे में उनसे किसी प्रकार के चूक होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। फिर भी उन्हें सचेष्ट रहना चाहिए। पेंशनधारियों को बैंक में किसी प्रकार की परेशानी होने पर उनसे मिलने की बात कही गयी। उन्होंने अपने आधार तथा मोबाइल नं. को अपडेट रखने का सुझाव देते हुए प्रत्येक वर्ष नियत माह में जीवन प्रमाण पत्र सबमिट करने की बात कही गयी। कार्यक्रम में उपस्थित बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक पवन कुमार ने बैंकों में कर्मियों की कमी रहने के कारण कुछ कार्यो का निष्पादन समय पर नहीं हो पाता है। परन्तु धीरे धीरे स्थिति में सुधार किया जा रहा है।आने वाले दिनों में किन्ही भी पेंशनर को किसी प्रकार की दिक्कत होने पर उनसे संपर्क कर सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि डी. विश्वकर्मा द्वारा कहा गया कि पेंशनरों को एकजुट रहने का समय आ गया है। एकजुट रहकर ही हम पेंशनरों के विरुद्ध किये जाने वाले नीतिगत फैसलों का प्रतिकार कर सकते हैं।

पशुपालन विभाग ने पशु सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

सेन्हा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत ग्राम दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशु सखीयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र सरकार के पशुधन योजना के तहत पशुपालन विभाग के द्वारा आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड पशुपालन चिकित्सक डाक्टर मनोज कुमार ने पशु में उतपन होने वाली बीमारी एवं बचाव को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी पशु सखीयों को दिया गया। मवेशियों को एफ एम डी वैक्सीन लगाने के बारे में बताया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बदला ग्राम में 46 पशुपालक का 131 पशुओं को एफएमडी वैक्सीन लगया गया। और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने में पशु सखी संचु उरांव, सीता उरांव सविता कुजूर एवं संगीता देवी जो पूर्व से छोटे पशु का देख भाल एवं दवा देने का कार्य कर रही थी। उन्हें पूर्णतः प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान डॉ0 मनोज कुमार, शशि कुमार महतो, शंकर महली, बाबू साहेब सिंह मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

किशोर के लापता से परिजन परेशान पुलिस से लगाई गुहार

किस्को। किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह का एक आदिवासी युवक विगत 9 दिनों से घर से लापता है जिसे लेकर परिवार वाले काफी चिंतित और परेशान हैं। बता दें कि बीते 13 फरवरी को किस्को थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीह निवासी सालकुमार उरांव का 15 वर्षीय पुत्र सुमन उरांव सुबह करीब 9:00 बजे घर से अपने माता पिता को किस्को जाने की बात बोलकर घर से निकला था परंतु देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर उक्त युवक का परिजनों के द्वारा सभी सगे संबंधी व इधर-उधर खोजबीन शुरू कर दिया गया। बावजूद एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। इसे लेकर परिवार वाले काफी चिंतित और परेशान हैं। युवक के पिता सालकुमार उरांव ने किस्को थाना में लिखित आवेदन देकर लापता युवक सुमन उरांव की खोजबीन हेतु गुहार लगाया है।

केजीबीवी में नामांकन के लिए शिक्षा समिति की समीक्षा बैठक

सेन्हा। कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं का नामांकन हेतु शिक्षा समिति का समीक्षा बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। नामांकन सम्बन्धी जानकारी देते हुए वार्डेन पूनम कुमारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय में 75 छात्राओं का नामांकन लेना है। जिसमें नामांकन के लिए 699 छात्रओं द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा 75 छात्रओं का नामांकन कोटिवार चयन किया जा चुका है। एससी 2,एसटी 35, ओबीसी 9, अल्पसंख्य 9,अन्य 2 तथा बीपीएल 18 छात्राओं का नामांकन के लिए सूची जारी किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी ने बताया कि कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में वैसे छात्राओं का नामांकन लिया जाता जो गरीब असहाय एवं अनाथ हो या किसी कारण से पढ़ाई छूट गया हो और पढ़ने में रुचि रखते हैं।

यौन शोषण करने वाले आरोपी को भेजा जेल

सिमडेगा। सिमडेगा महिला थाना की पुलिस के द्वारा शादी की झांसा देकर यौन शोषण करने वाले एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गिरफ्तार आरोपी गुमला जिला के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजवाल निवासी आमुस बखला के रूप में हुई। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ललिता सोरेन ने बताया कि विगत तीन-चार वर्षों से मुख्य सेल थाना क्षेत्र अंतर्गत तामड़ा पंचायत की एक लड़की के साथ युवक के द्वारा शादी की झांसा देकर यौन शोषण करता रहा ।इस बीच युवती के द्वारा दबाव बनाया गया और बात गुमला थाना पहुंची जहां पर सुलहनामा के आधार पर मामले को शांत कराया गया। लेकिन कुछ दिन बीतने के बाद युवक द्वारा किसी और लड़की के साथ सगाई कर ली।जिसकी सूचना लड़की को हुई और उसने तत्काल सिमडेगा महिला थाना में युवक के खिलाफ शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद महिला थाना में युवक के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ और युवक को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया।

फायर सेफ्टी को लेकर कर्मियों को मिली ट्रेनिंग

सिमडेगा। सदर अस्पताल सिमडेगा परिसर पर अग्निशमन विभाग की फायर सेफ्टी टीम द्वारा आग से बचाव एवं उनके सुरक्षित तरीके तथा आग से होने वाले नुकसान पर किस प्रकार से आग पर काबू पाना है इन सभी बिंदुओं को लेकर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण देकर जानकारी दी मौके पर जिला अग्निशामक पदाधिकारी भगवान ओझा एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही जहां पर सदर अस्पताल के डॉक्टर ने सफाई कर्मी सहित सभी कर्मचारियों को आग लगने पर किस प्रकार सावधानी बरतने ठोस तरल द्रव तीनों प्रकार के आग में किन किन उपकरणों का प्रयोग इन सभी चीजों को लेकर जानकारी दी। मौके पर अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने कहा कि हाल के दिनों में झारखंड के कई जगहों पर आग से बड़े हादसे हुए जिसको देखते हुए हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

बच्ची व भाभी के साथ छेड़खानी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। टाउन थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय बच्ची और उसकी भाभी के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। छेड़खानी का आरोप मकान मालिक पर लगा है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद तत्काल एक्शन में आई और आरोपी मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में पीड़िता अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती है। पीड़ित बच्ची और उसकी भाभी घर में अकेले थी अकेला पाकर मकान मालिक पहुंचा और छेड़खानी करने लगा। बताया जा रहा है कि पीड़िता और उसकी भाभी घर में सोई हुई थी। इसी दौरान आरोपी मकान मालिक राजू राम पहुंचा और बच्ची के साथ छेड़खानी करने लगा। बच्ची चिल्लाने लगी आवाज

सुनकर उसकी भाभी वहां पहुंची तो मकान मालिक ने उसके साथ भी छेड़खानी करना शुरू कर दिया। बच्ची और उसकी भाभी मकान मलिक की हरकत से परेशान होकर चिल्लाने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी राजू राम ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। मिली जानकारी के अनुसार राजू राम ठेला लगाता है और चाट चौमिंग बेचता है। दो दिन पहले ही पीड़िता के परिवार राजू राम के घर में किराए पर रहना शुरू किया था। टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी शराब की नशे में छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित बच्ची के बयान पर पॉस्को के साथ साथ अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के सदीक चौक स्थित केजी स्कूल रोड में एक दुकान में बुधवार की सुबह 5:00 बजे अचानक आग लग गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना दुकान मालिक रिंटू कुमार को दी। जानकारी मिलते ही दुकान मालिक दुकान पर पहुंचकर आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझाया। आग लगने की वजह से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी रिंटू कुमार ने बताया कि इस अगलगी की घटना में दुकान में रखें लगभग लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो चुके हैं। वही अगलगी की घटना की खबर मिलने पर टीओपी 2 के एक टाइगर मोबाइल के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानदार से अगलगी की घटना में जानकारी लिया। जानकारी देते हुए भुक्तभोगी ने टाइगर मोबाइल के जवान को बताया कि बुधवार की सुबह उसे दुकान के स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली कि दुकान में आग लगी हुई है। भुक्तभोगी ने बताया कि आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया है।

सगुना शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पाटन प्रखंड के ग्राम सगुना में श्री शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई। प्राण -प्रतिष्ठा के पूर्व गाजे -बाजे के साथ मंदिर परिसर से शिवलिंग की शोभायात्रा निकाली गई जो गांव के प्रमुख मार्गो से गुजरी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते हुए चल रहे थ। वहीं शिवलिंग को रथ में विराजमान किया गया था। शोभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं महिलाओं ने शिवलिंग की आरती उतारी। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वही प्राण -प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर को फूलों से आकर्षक ढंग से सजावट की गई थी। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया। यज्ञ की पूणार्हुति के बाद आचार्य पंडितों ने अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण- प्रतिष्ठा की। इस दौरान पूरा मंदिर भगवान के जयकारों से गूंज उठा। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन कार्यक्रम के मौके पर पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि भगवान की पूजा अर्चना से लोगों का मन शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि भक्ति में शक्ति है। ईश्वर की आराधना से लोंगो को आंतरिक शक्ति तो मिलती है। वहीं यज्ञ होने से सामाजिक व्यवस्था में लोंगो के बीच अनुशासन, प्रेम, सात्विकता का विचार आता है।

पलामू में गर्मी का कहर शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में फरवरी के महीने में ही मार्च-अप्रैल की गर्मी का अहसास होने लगा है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। सुबह से ही

■ मौसम विभाग ने दी सूचना तापमान में लगातार होगी बढ़ोत्तरी

धूप में गर्मी लग रही है, हालांकि सूर्योदय से पहले अभी भी हल्की ठंड महसूस हो रही है। लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ता जा रहा है, वैसे वैसे गर्मी भी बढ़ रही है। इधर मौसम विभाग ने भी सूचना दी है कि तापमान में लगातार अभी बढोत्तरी होगी। पलामू रांची, गढ़वा,

बोकारो, लातेहार, धनबाद में भी में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। पलामू में अधिकतम तापमान 31 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो-तीन दिन में झारखंड का तापमान 2-3 डिग्री बढ़ने की सम्भवना है। इसके बाद दो दिनों तक उसमें कोई बदलाव नहीं आयेगा। अभी सिर्फ उच्चतम तापमान में वृद्धि होगी । जबकि न्यूनतम तापमान में अगले 5 दिनों तक किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा और मौसम भी शुष्क रहेगा। लेकिन राज्य के दक्षिण हिस्से में आंशिक बादल भी छाये रहेंगे। ज्यादातर इलाकों में तापमान बढ़ने के साथ-साथ गर्मी की शुरूआत होने लगी है। हालांकि, उत्तर पूर्व भारत के कुछ राज्यों मे तेज बारिश की भी सम्भवना है। मौसम विभाग के अनुसार 24 फरवरी तक उत्तर पूर्व भारत के इलाकों में भारी बारिश के आसार हैं। ऊपर के स्तर पर पश्चिभी हवाएं भी आ रही हैं। हवाओं के साथ नमी आ रही है। इससे ऊंचाई के स्तर पर बादल बन रहे हैं। उधर पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर प्रेरित चक्रवात समाप्त हो जायेगा। इससे तापमान में गिरावट होने लगेगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

लापुंग। लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आंगनवाड़ी कार्यकताओं का दो दिवसीय पोषण ट्रैकर प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ पूजा कुमारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाओं को विभिन्न विषयों पर प्रविष्टि करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण से आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने कार्यों को अपग्रेड करने का मौका मिलेगा। आंगनबाड़ी सेविका है पूरी ईमानदारी से पोषण ट्रैकर में बेहतर जानकारी की एंट्री करेंगी। समाज कल्याण निदेशालय के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना लापुंग में 21 एवं 22 फरवरी को लगातार दो दिनों तक झारखंड डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के राज्य समन्वयक बबलू कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

सदर अस्पताल में जिंदगी व मौत से जूझ रहा है ब्रह्मदेव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ईटकदाग का रहने वाला ब्रह्मदेव भुइयां सदर अस्पताल में आज एक सप्ताह से जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। बताते चलें कि ब्रह्मदेव भुइयां का एक सप्ताह पहले अचानक तबीयत बिगड़ गया। जिसके बाद परिजनों ने ब्रह्मदेव भुइयां को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक सप्ताह तक इलाज चलने के बाद भी ब्रह्मदेव भुइयां की हालत जस की तस बनी हुई है। वहीं अल्ट्रासाउंड का रिपोर्ट देखकर चिकित्सकों का कहना है कि ब्रह्मदेव भुइयां के पेट की आत पूरी तरह से खराब हो चुका है। जिसके वजह से उसकी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। वही परिजनों ने बताया कि वह बहुत गरीब तबके का व्यक्ति है । किसी तरह पैसे का जुगाड़ कर वह सदर अस्पताल में इलाज करवा रहा है। परिजनों ने बताया कि उसके पास पैसे का अभाव है। वह प्राइवेट डॉक्टर के पास नहीं जा सकता । अब जो भी इलाज होगा वह सदर अस्पताल में ही होगा। उनका कहना है कि सदर अस्पताल में तो कुछ सरकारी दवा मिल भी रहा है। लेकिन अधिकतर दवा बाहर से ही खरीदना पड़ रहा है।

विदाई समारोह : सेंट मेरिज सामटोली में 12वीं के छात्रों को दी गयी विदाई

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

शहर का प्रसिद्ध विद्यालय सेंट मैरिज सामटोली अपने उन्नत कार्य के लिए हमेशा से जाना गया है। हर वर्ष एक बेहतरीन रिजल्ट के साथ अपने अच्छे नाम से जाना जाने वाला यह विद्यालय सर्वगुण संपन्न माना जाता है। सेंट मैरिज वैसे विद्यार्थी जो बोर्ड परीक्षा लिखने वाले हैं उन्हें विदाई दी गई। पूरी कार्यक्रम को खूबसूरत तरीके से व्यवस्थित किया गया था। सर्वप्रथम विदाई हो रहे बच्चों को तिलक लगाया गया और पूरे रीति-रिवाज के साथ उन्हें बैठाया गया। फिर दीप प्रज्वलन के साथ रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रेयर डांस के साथ हुई। फेयरवेल मैसेज के रूप में शिक्षक अनुज कुमार बख्शी को चुना गया था। सर अनुज कुमार

बख्शी ने बताया कि हम शिक्षक इसी जगह पर होते हैं लेकिन अनेक विद्यार्थी यहां आते हैं पढ़ते हैं और भावी जीवन में बड़े ओहदे मे पहुंचकर अपना और साथ-साथ इस विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। आप इतने सारे बच्चे यहां पर बैठे हैं आप ही मे कोई भावी इंजीनियर है कोई डॉक्टर है कोई बिजनेसमैन है या कोई एक बहुत बड़ा अधिकारी बैठा है।बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से सबो का मन मोह लिया। प्रधान अध्यापक फादर फैड्रिक कुजूर ने बताया कि इस विद्यालय का इतिहास गौरवमयी रहा है। भावी जीवन में आप एक नेक इंसान बनेंगे एक अच्छे जगह पर काम करेंगे और इस विद्यालय के इतिहास की एक कड़ी में आप भी जुड़ जाएंगे। विद्यालय का मान सम्मान आपके कंधों पर है।

थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर बच्चों को किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में मनातू थाना अंतर्गत कार्तिक उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत थाना प्रभारी कमलेश कुमार के द्वारा सभी स्कूली बच्चों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की सलाह दी गई। इसके अलावा बच्चों को समझाया गया कि वाहन को तेज गति से ना चलाएं। अपने आगे वाले वाहन से 10 कदम पीछे ही रहे, ताकि दुर्घटना ना हो। उन्होंने 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को समझाते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण हो जाने पर ही वाहन का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन अनमोल है। हमारा दायित्व है कि हम स्वयं के साथ- साथ अपने परिजनों की भी रक्षा करें। उन्होंने विशेषकर कम उम्र के बच्चों को बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर कानूनन सजा के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। कहा हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कोरोना से भी अधिक व्यक्तियों की मौत हुई है। बिना लाइसेंस, हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी ड्राइविंग करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाने की चेतावनी दी।

मेयर प्रत्याशी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेयर प्रत्याशी संजय त्रिपाठी ने नगर निगम क्षेत्र में नागरिक सेवा उपलब्ध कराने को लेकर पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से श्री त्रिपाठी ने पलामू उपायुक्त को बताया है कि मेदिनीनगर नगर निगम के पूरे क्षेत्र में वर्षा की कमी के कारण गम्भीर पेयजल की समस्या हो गई है। जिससे निजात पाने के लिए टैंकर के द्वारा पुरे निगम क्षेत्र में पेयजल उलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। पुरे निगम क्षेत्र में बंद पड़े चापाकल (हैण्डपम्प) को शीघ्रता शीघ्र ठीक कराया जाये। जिसमें हॉउसिंग कॉलोनी, बारालोटा का गुरियाही टोला प्रमुख है। बारालोटा हॉउसिंग कॉलोनी में एक सप्ताहिक बाजार लगाने की भी व्यवस्था की जाए। रांची रोड़ रेड़मा हरिजन हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के लिए भगवती हॉस्पिटल के पास नाली निमार्ण कराया जाये। पूरे नगर-निगम क्षेत्र में मतदाताओं की मत सूची दूसरे वार्ड में चला गया है। जिसका पांच-पांच किलोमीटर की दूरी पर बुथ कर दी गई है। जिस कारण जनता आने वाले चुनाव में मत देने से वंचित रह जायेगी। इसलिए हॉउसिंग कॉलोनी में ही पांच सौ घरों के वोटरों का बूथ सामुदायिक भवन या पंचायत भवन हाउँसिंग कॉलोनी में ही बूथ बना दिया जाये । उन्होंने पलामू उपायुक्त से आग्रह किया है कि नगर निगम के नागरिकों को हो रहे समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाये।

जल-जमीन का समाधान करें मंत्री : महापौर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। निगम के महापौर अरुणा शंकर ने एक पत्र लिखकर मेदिनीनगर की प्रमुख समस्या जल और जमीन की ओर मंत्री मिथिलेश ठाकुर का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने पत्र में मेदिनीनगर की प्रमुख समस्या शुद्ध पेयजल एवं खास महाल भूमि लिज नवीकरण को लेकर लिखा है। झारखंड सरकार का लक्ष्य भी 2024 तक हर घर शुद्ध जल का है। फिर भी पलामू प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर शुद्ध पेयजल को लेकर तरस रहा। मैं यह भी बताना चाहूंगी कि मैंने एवं पलामू सांसद ने स्वयं रघुवर सरकार में पहल कर मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेस 2 के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से लगभग 160 करोड़ की लाइफ लाइन योजना पूरे निगम क्षेत्र के लिए स्वीकृत कराई थी । जिसकी 90% राशि भारत सरकार दे रहा है । फिर भी आपके विभाग की कमजोरी के कारण अब इस योजना पर पहल नहीं हो सका है। पहल नहीं होने के चलते यह महत्वपूर्ण योजना कछुए की चाल चल रहा है। दूसरी और मेदिनीनगर की प्रमुख दूसरी समस्या खासमहल भूमि का है। जो राज्य के अन्य भाग के साथ-साथ आपके विधानसभा क्षेत्र गढ़वा से भी संबंधित है । लोग इसे एक काला कानून के रूप में देख रहे हैं। लिज नवीकरण नहीं होने के कारण शहर का विकास भी रुका हुआ है। खासकर व्यवसायी वर्ग लीज वाली जमीन पर नवीकरण नहीं होने के कारण व्यापार का विस्तार नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में शहर में रोजगार नहीं बढ़ रहा है। देश आजादी के बाद सरकार द्वारा पूरे देश में खासमहाल भूमि पर छोटे-छोटे जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से सरल लीज कर हमारे बुजुर्गों को बसाया गया। अब जबकि यह काला कानून लगभग पूरे देश से समाप्त हो गया है।

आस्था

एसपी ने कोलेबिरा थाना का किया निरीक्षण

अनजान शाह पीर बाबा की मजार पर चादरपोशी

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा

पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार के कोलेबिरा थाना पहुंचने पर कोलेबिरा थाना के जवानों के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने हजरत शुफीशाह कयामउद्दीन दाता अनजान शाह रहमतुल्ला अलैह के मजार पर जा कर चादर पोशी किया। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार ने कोलेबिरा थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों गणमान्य एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की जहां उनके समस्याओं के विषयों पर चर्चा किया। जनकल्याण के सुविधा एवं उनके समस्याओं पर चर्चा करते हुए उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि कोलेबिरा मेन रोड में गाड़ियां सड़कों पर ही खड़े किए जाते हैं।

बस भी बस स्टैंड में ना लग कर चौक चौराहों पर खड़े किए जाते हैं जिससे सड़क दुर्घटना होने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है एवं कई बार इन सभी चीजों के कारण कई लोग सड़क दुर्घटना के शिकार भी हुए हैं। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि हम लोग बहुत जल्द इन सभी बिंदुओं पर कार्य करेंगे।साथ ही कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जितने भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं उन जगहों को ब्लैक स्पॉट बनाया जा रहा है ताकि संभावित दुर्घटना को कम किया जा सके। मौके पर एसपी सौरभ कुमार ने सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया।उन्होंने बताया कि लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जो सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं कर रहे हैं उनका चालान काट जुमार्ना भी वसूला जा रहा है। एसपी सौरभ कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को अपना मोबाइल नंबर साझा किया एवं कहा कि आपको किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो आप मुझसे फोन कर बात कर सकते हैं या फिर मुझे व्हाट्सएप के माध्यम से भी सूचना दे सकते हैं। जिसके बाद उन्होंने ह्यूमन ट्रैफिकिंग मानव तस्करी को कैसे रोका जाए इस पर लोगों से उनकी प्रतिक्रिया जानने की कोशिश किया। साथ ही उन्होंने बताया कि अभी के समय में लोग बच्चियों को बहला-फुसलाकर अलग राज्यों में ले जाते हैं और उन्हें बेचने का कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से कार्रवाई करने की मांग : शत्रुघ्न

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच के चिकित्सकों की भीषण लापरवाही की वजह से पाटन के बलगड़ा निवासी कुलदीप यादव की 14 वषीर्या पुत्री कंचन कुमारी की दर्दनाक मौत पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसके लिए जिम्मेदार चिकित्सकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व जिले के उपायुक्त श्री ए दोड्डे से की है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि 21 फरवरी को खून की उल्टी की शिकायत पर कुलदीप यादव व उनके परिजनों ने अपराह्न 3 बजे अपनी पुत्री को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया था। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा.राहुल पाण्डेय व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने उसे देखना तक उचित नहीं समझा। इलाज की प्रतीक्षा में टकटकी लगाए व दर्द से तड़पती लाचार गरीब की बेटी शाम 6 बजे अव्यवस्था की भेंट चढ़कर एमएमसीएच प्रबन्धन के सामने यक्ष प्रश्न खड़ा कर मौत के आगोश में समा गई। इलाज के अभाव में दर्दनाक मौत की खबर पर जेकेएम संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष कई लोगों के साथ एमएमसीएच पहूंचे । जिसमें राजद के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा, झारखण्ड क्रांति मंच के मेदिनीनगर निगम के अध्यक्ष प्रदीप राम, अनुसूचित जाति महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्णा राम आदि ने सीएस पलामू व एमएमसीएच प्रबन्धन की कड़ी आलोचना करते हुए भीषण अव्यवस्था के खिलाफ आन्दोलन करने की चेतावनी दी । उपरोक्त मामले को लेकर शीघ्र ही उपायुक्त पलामू को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

ज्ञान की बात

तपस्वी लोग व्यर्थ का रक्तपात नहीं चाहते ... किन्तु अत्याचारी के शव से बहा हुआ रक्त पृथ्वी को पवित्र करता है। तुम अत्याचारियों का नाश कर धर्म की रक्षा करोगे; इसलिए तुम्हारी रक्षा के लिए तेजस्वी समाज बहुत सजग है।

– ठाकुरजी

मौसम की गर्मी या कुछ और..

प्रकृति के सामने किसी की नहीं चलती है। यह जीवन का चक्र है। इसी में मौसम का आना -जाना लगा रहता है। कभी जाड़ा,गर्मी तो कभी बरसात। बस रह जाती हैं उसकी यादें। यह जीवन का शाश्वत सत्य है। यह काल की तरह जीवन में बना रहता है। बहरहाल मौसम तेजी के साथ बदल रहा है। अभी दो दिन पूर्व जहां ठंड की अनुभूति हो रही थी,अब गर्मी का एहसास होने लगा है। फरवरी महीना अपने अंतिम पड़ाव पर है। अभी होली का त्योहार आना भी बाकी है। लेकिन इससे पहले ही मौसम ने करवट ले ली है। दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि, सुबह शाम ठंड अभी बाकी है। मौसम विभाग की मानें तो दो से तीन दिनों में पारा ऊपर चढ़ेगा। आगामी कुछ दिनों में मौसम में और बदलाव की संभावना है। झारखंड के पलामू में तामम्मान बढ़ा है। मंगलवार को 5.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दूसरी ओर न्यूतम तापमान भी दो डिग्री बढ़कर 14.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया । दिन के साथ ही रात का तापमान तेजी से बढ़ते हुए सामान्य से 3 डिग्री तक अधिक हो जाने से लोगों को अब दोपहर में गर्मी का एहसास होने लगा है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो देवघर, दुमका, धनबाद और साहिबगंज के तापमान में अगले कुछ दिनों में दो-तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से रांची और आसपास के जिलों में दोपहर के समय तेज धूप खिलने से गर्मी महसूस होने लगी है। यही हाल सभी जगहों का करीब -करीब है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच जाने की वजह से अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार गर्मी कहर बरपायेगी। इस स्थिति में लोगों के सामने इस बार जल संकट की समस्या भयावह होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। कारण पिछले साल अक्तूबर में बारिश नहीं हुई है। जिस कारण धरती की सतह सूख गयी है। नमी कम होने से वातावरण और गर्म हो रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि जल संकट का लोगों को सामना नहीं करना पड़े,इसकेलिए अभी से उसके निराकरण की दिशा में प्रयास शुरू कर देनी चाहिए। ऐसा देखा जाता है कि पानी की समस्या पिछले कई सालों से मौसमी समस्या लोग मानते हैं। नेता पानी के लिए अगले कुछ दिनों में मौसमी बाजा बजायेंगे। कारण यह गर्मी का मौसम है। इसके सम्पूर्ण निवारण की दिशा में आज तक कोई पहल का नहीं होना यह दर्शाता है कि हमारी चेतना में दीमक लग गयें हैं। इस स्थिति में किसी अच्छे डॉक्टर से शल्य चिकित्सा की जरूरत है। राज्य की वर्तमान हेमन्त सरकार इस गंभीर विषय को संज्ञान में ले। तभी जाकर इसका इलाज संभव है। कारण प्रत्येक साल हम सब प्रकृति के साथ हो रही नाइंसाफी को बहुत दिनों तक नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

मौसम विभाग की मानें तो दो से तीन दिनों में पारा ऊपर चढ़ेगा। आगामी कुछ दिनों में मौसम में और बदलाव की संभावना है। झारखंड के पलामू में तामम्मान बढ़ा है। मंगलवार को 5.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से और सबसे पहले करें

जी किशन रेड्डी

नौ साल पहले जनादेश मिलने के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 'कर्म परमो धर्म' के दर्शन का अनुकरण किया, जो कठिन परिश्रम और ईमानदार इरादे के साथ कड़ी मेहनत करने से सम्बन्धित है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे सामने कितनी कठिन चुनौतियां हैं, भारत को 'विश्व गुरु' बनाने के सपने के लिए हम अपने मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। पूरे देश ने पिछले 9 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखे हैं- उपेक्षा और संकट की छाया के बीच पूर्वोत्तर का उदय हुआ है और यह क्षेत्र भारत के विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसे अभूतपूर्व प्रयासों और अविश्वसनीय इच्छाशक्ति की एक प्रेरक कथा माना जा सकता है। परिणामस्वरूप, समग्र प्रगति और विकास के युग की शुरूआत हुई है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने हाल ही में 2023-2024 का बजट पेश किया है और बजट में प्रस्तावित प्रगति के मार्ग का विश्लेषण; पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण के जरिये किया जाना चाहिए। अष्टलक्ष्मी राज्यों की 7 प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक लाभ, अवसंरचना, निवेश क्षमता, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र में सुधार- को सप्तऋषि की संज्ञा दी गयी है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर राज्यों को इन प्राथमिकताओं से लाभ प्राप्त होगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के लिए 2023-24 के लिए बजट में 5,892.00 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जो 2022-23 के आरई आवंटन (2,755.05 करोड़ रुपये) से 114 प्रतिशत अधिक है। यह इरादे के अनुरूप कार्य का निर्विवाद और अकाट्य प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि इनमें से पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण के लिए समर्पित पूंजीगत व्यय के रूप में 4,093.25 करोड़ रुपये (92 प्रतिशत) का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, 2014 से, 54 केंद्रीय मंत्रालयों के बजट आवंटन में भी भारी वृद्धि हुई है तथा मंत्रालयों के लिए कायार्देश है कि वे अपने सकल बजटीय समर्थन का 10 प्रतिशत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए समर्पित करें। यह अब बढ़कर 94,679.53 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2022-23 के आवंटन से लगभग 30 प्रतिशत अधिक है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए पिछले कुछ वर्षों के वित्तीय प्रोत्साहन को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि 2023-24 में 10 प्रतिशत जीबीएस का प्रावधान; 2014-15 के वास्तविक व्यय, जो लगभग 24,819.18 करोड़ था, की तुलना में लगभग 281 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके होंगे और यह प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर क्षेत्र को दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण की पुष्टि है तथा हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप भी है। जमीनी स्तर पर अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए डोनर को लक्षित पैकेज और योजनाओं के साथ राजकोषीय समर्थन प्रदान किया गया है। उदाहरण के तौर पर, पूर्वोत्तर के लिए नयी प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना के तहत 6,600 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन करते हुए, पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने की परियोजनाओं के साथ अवसंरचना-विकास को पुनः सशक्त करना है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को समर्थन या जनजातीय समूहों के विकास और उत्थान के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) कार्यक्रम जैसी पहल के माध्यम से हमारी जड़ों को मजबूत करने और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने पर बजट का विशेष ध्यान; महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों की क्षमता को भी बढ़ावा देगा। पूर्वोत्तर का कृषि-बागवानी क्षेत्र संभावनाओं से भरपूर है और बजट में इसके उपयोग के लिए कई अवसर मौजूद हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र को सफलता के उदाहरण के रूप में पेश किया जा सकता है और प्राकृतिक खेती के तहत 1 करोड़ किसानों को लाने का लक्ष्य हासिल करने की बात देश को प्रेरित कर सकती है। इसी तरह, कृषि-त्वरक कोष इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स की मौजूदा क्षमता को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही, कौशल विकास, पर्यटन क्षमता के विकास, डिजिटलीकरण, सतत विकास पर जोर और हरित कार्यक्रम पर हमारा विशेष ध्यान; पूर्वोत्तर क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे मौजूदा प्रयासों का पूरक है। सुरक्षा और शांति इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती थी, लेकिन सरकार के निरंतर प्रयासों और राज्यों के घनिष्ठ सहयोग से, पूर्वोत्तर आज शांति और स्थिरता के एक अभूतपूर्व युग में प्रवेश कर गया है। 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में उग्रवाद की घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी आयी है और 8,000 से अधिक युवा आत्मसमर्पण करने के बाद उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इसी तरह, परिवहन व दूरसंचार संपर्क का विकास किसी क्रांति से कम नहीं है। 2014 से पहले सिर्फ असम ही रेलवे से जुड़ा था। अब अगरतला और ईटानगर को भी जोड़ दिया गया है तथा अन्य राजधानियों को भी जल्द ही रेल-सुविधा प्राप्त होगी।

प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक लाभ, अवसंरचना, निवेश क्षमता, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र में सुधार- को सप्तऋषि की संज्ञा दी गयी है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर राज्यों को इन प्राथमिकताओं से लाभ प्राप्त होगा।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कथा

सभी गोकुलवासी, पशु - पक्षी आदि उनकी बाँसुरी की धुन सुनकर बड़े ही खुश होते थे और उनको ये आवाज बहुत प्रिय लगती थी। गोकुल में राधा से श्री कृष्ण प्रेम करते थे। श्री कृष्ण का अज्ञातवास समाप्त हो रहा था तथा अब राज्य का भी भय हो रहा था। इसीलिए श्री कृष्ण और बलराम को शिक्षा दीक्षा के लिए उज्जैन भेज दिया गया। उज्जैन में दोनों भाइयों ने संदीपनी ऋषी के आश्रम में शिक्षा और दीक्षा प्राप्त करना आरंभ कर दिया। उसी आश्रम में श्री कृष्ण की मित्रता सुदामा से हुई। वे घनिष्ठ मित्र थे। उनकी मित्रता के चर्चे काफी दूर दूर तक थे। शिक्षा - दीक्षा के साथ साथ अस्त्र शस्त्र का ज्ञान प्राप्त करके वे वापस आ गये तथा द्वारिकापुरी के राजा बन गये। मध्यप्रदेश के धार जिले में अमझेरा नामक एक कस्बा है। वहाँ उस समय राजा भीष्मक का राज्य था। उसके पांच पुत्र तथा एक बेहद ही सुंदर पुत्री थी। उसका नाम रुक्मिणी था। वो अपने आप को श्री कृष्ण को समर्पित कर चुकी थी। जब उसको उसकी सखियों द्वारा यह पता चला कि उसका विवाह तय कर दिया गया है। तब रुक्मिणी ने एक वृद्ध ब्राह्मण के हाथों श्री कृष्ण को संदेश भेजवा दिया। जैसे ही यह संदेश श्री कृष्ण को प्राप्त हुआ वे वहाँ से तुरंत निकल पड़े। श्री कृष्ण ने आकर रुक्मिणी का अपहरण कर लिया और द्वारिकापुरी ले लाये। श्री कृष्ण का पीछा करते हुए शिशुपाल भी आ गया जिसका विवाह रुक्मिणी से तय हुआ था। द्वारिकापुरी में दोनों भाइयों श्री कृष्ण और बलराम की सेना तथा शिशुपाल की सेना के साथ भयंकर युद्ध हुआ।

(क्रमशः)

भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने वालों पर कार्रवाई

ललित गर्ग

इन दिनों छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लगभग एक दर्जन नेताओं के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापों की कार्रवाई चल रही है। इससे कांग्रेस में बौखलाहट देखने को मिल रही है, पार्टी के नेताओं का कहना है कि इस तरह के हथकंडों से डराया नहीं जा सकता। केंद्रीय एजेंसियां- ईडी, सीबीआई अथवा आयकर विभाग इन दिनों राजनीतिक दलों एवं नेताओं पर कार्रवाई करती हुई नजर आ रही हैं, आजादी के बाद से भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर नियंत्रण के लिये आवाज उठती रही है, इसके लिये आन्दोलन एवं अनशन भी होते रहे हैं, लेकिन सबसे प्रभावी तरीका केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई एवं न्यायालयों की सख्ती ही है, जो भ्रष्टाचारियों पर सीधा हमला करती हैं। देश में सर्वाधिक भ्रष्टाचार राजनीतिक दलों में ही व्याप्त रहा है, इसलिये अब तक केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाईयां उन पर प्रभावी नहीं हो पा रही थीं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता हासिल करते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ कमर कसी है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। भले ही इन दिनों हो रही केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक प्रेरित बताया जाये, लेकिन इसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में एक कारगर एवं प्रभावी कदम कहा जायेगा। दिल्ली में आम आदमी पार्टी हो या कांग्रेस या अन्य राजनीतिक दल, जब-जब उनके भ्रष्टाचार उजागर हुए, केन्द्रीय एजेंसियों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की, उसे डराने का हथकंडा कहा गया हो या राजनीति से प्रेरित, जनता ने एजेंसियों का स्वागत ही किया है। भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने की मानसिकता से उबरना ही होगा। इन दिनों छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लगभग एक दर्जन नेताओं के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापों की कार्रवाई चल रही है। इससे कांग्रेस में बौखलाहट देखने को मिल रही है, पार्टी के नेताओं का कहना है कि इस तरह के हथकंडों से डराया नहीं जा सकता। प्रश्न यह है कि राजनीतिक दलों का सर्वोच्च नेतृत्व अपने नेताओं के भ्रष्ट कारनामों पर खुद सख्त क्यों नहीं होता? क्यों भ्रष्टाचार पर ये दल संरक्षण की मुद्रा में दिखाई देते हैं? चूंकि ईडी की यह कार्रवाई राज्य में कांग्रेस के अधिवेशन के पहले हुई, इसलिए उसके कुछ ज्यादा ही राजनीतिक मायने देखे जा रहे हैं। वैसे यह अधिवेशन न होता तो भी यह तय था कि कांग्रेस की ओर से ईडी को कोसा जाता और यह आरोप लगाया जाता कि केंद्रीय एजेंसियों का अनुचित इस्तेमाल किया जा रहा है। वास्तव में यह वह आरोप है, जो हर उस राजनीतिक दल की ओर से उछाला जाता है जिसके नेता ईडी, सीबीआई अथवा आयकर विभाग की जांच के दायरे में आते हैं। छत्तीसगढ़ में जो छापेमारी हुई, वह अवैध कोयला खनन के मामले में हुई, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पता नहीं इस घोटाले का सच क्या है, लेकिन आज कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि राज्यों में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर के भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार की आए दिन आने वाली खबरें यही बताती हैं कि केंद्रीय एजेंसियां डाल-डाल हैं तो भ्रष्टता का जाल पात-पात। विडम्बना तो यह है कि नेतृत्व करने वाली ताकतें भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। लेकिन आज भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में जो माहौल बना है, वह निश्चय ही बहुत बड़ी बात है और एक शुभ संकेत है। हमें इस मौके को बर्बाद नहीं करना चाहिए। निश्चित ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का जो केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का तरीका अपनाया जा रहा है, वह सही तरीका है। पूर्व में कुछ लोग अनशन और भूख हड़ताल को इसके खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाते रहे हैं। मेरा मानना है कि यह गलत तरीका है। अनशन में मुद्दा पीछे छूट जाता है और अनशन करने वाले आदमी पर सारा ध्यान केंद्रित हो जाता है। मुद्दे को पीछे छोड़कर हम कुछ हासिल नहीं कर सकते। तमाम कोशिशों के बावजूद भ्रष्टाचार और घोटालों का घटाटोप मौसम है, ऐसा कुछ भी कह पाना भले मुश्किल हो, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो जंग के मैदान में आहें भर रहा है। कोई नहीं जानता, किसके दामन में कितने दाग हैं? कोई ऐसा नहीं जिस पर यकीन किया जा सके, धरती का कोई कोना नहीं, जिसके नीचे दबा कोई घोटाला खुदाई का इंतजार न कर रहा हो। लेकिन यही मौके होते हैं, जब किसी देश के सच्चे चरित्र का पता चलता है। आगे-पीछे फैशन के तहत हजारों जुमलों में किसी समाज को बहलाया जा सकता है, लेकिन बुरे वक्त में नहीं। भारत के चरित्र को परखने का भी यही समय है और मैं समझता हूं, इस पड़ताल की शुरूआत उन गलतफहमियों को उघाड़े जाने से होनी चाहिए।

केंद्रीय एजेंसियां- ईडी, सीबीआई अथवा आयकर विभाग इन दिनों राजनीतिक दलों एवं नेताओं पर कार्रवाई करती हुई नजर आ रही हैं, आजादी के बाद से भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर नियंत्रण के लिये आवाज उठती रही है।

राजनीति

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

Saryu Roy
@roysaryu
ई॰ वीरेन्द्र राम की एक ख़ासियत है. जिन्होंने अपने कार्यकाल में इनकी मदद किया, सरकार बदल जाने के बाद की सरकार में भी ये उनकी मदद पूर्ववत करते रहे हैं. ऐसा वे स्वयं की प्रेरणा से करते रहे हैं या किसी के निर्देश पर! इसका खुलासा #ED जाँच से ज़रूर होगा, सबूत सामने आने का इंतज़ार है.

फेसबुक वॉल से

Journalist Arun Burnwal
18 h
बागेश्वर धाम वाले धीरेंद्र शास्त्री जी ने भी अलग ही सुलगा रखी है विरोधियों की...125 जोड़ों की शादी कराई और सबको #श्री_रामचरितमानस भेंट की!! जलन बरकरार रहे !
जय श्री राम

खरीद-फरोख्त की भट्ठी में जलता बचपन

मुकुंद

सूडान में इस साल पहली जनवरी को दुनिया का सबसे कुख्यात और अमीर मानव तस्कर किडेन जेकारियास हब्टेमरियाम इंटरपोल के हत्थे चढ़ चुका है। वह अफ्रीकी देश इरीट्रिया का रहने वाला है। हब्टेमरियाम के लीबिया में संचालित शिविर में यूरोप जाने के लिए लालायित हजारों पूर्वी अफ्रीकी प्रवासियों को बंधक बनाकर रखा जाता था। खुलासा हुआ था कि इस शिविर में बंधक बनाकर रखी गई महिलाओं और बच्चों का यौन शोषण कराया जाता था। देश-दुनिया में फलते-फूलते इस उद्योग की जड़े कितनी गहरी हैं, इसका खुलासा 24 घंटे पहले जयपुर में जारी की गई 'रेलवेज-मेकिंग द ब्रेक इन ट्रैफिकिंग' नामक रिपोर्ट से भी होता है। इस रिपोर्ट को नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक संजय चंदर ने जयपुर में 18वीं यूआईसी विश्व रेलवे सुरक्षा कांग्रेस में सार्वजनिक किया है। इसमें कहा गया है कि आज मानव तस्करी दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित आपराधिक उद्योग है। यह रिपोर्ट हर संवेदनशील, विकासशील, प्रगतिशील व्यक्ति और राष्ट्र को चुनौती देती है। कैलाश सत्यार्थी इस दिशा में 1980 से बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से काम कर रहे हैं। बचपन बचाओ आंदोलन और रेलवे सुरक्षा बल का संयुक्त अध्ययन 'रेलवेज-मेकिंग द ब्रेक इन ट्रैफिकिंग' आंखें खोलने के लिए काफी है। बचपन बचाओ आंदोलन अब तक 1,13,500 बच्चों को क्रूर पंजों से छुड़ा चुका है। सत्यार्थी अब यह अभियान रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर चला रहे हैं। उनका मानना है कि इस घिनौने और बर्बर उद्योग से जुड़े खूंखार मानव तस्कर आमतौर पर रेलगाड़ियों का प्रयोग करते हैं। इस संगठित आपराधिक उद्योग की कमर तोड़ने में यह बल महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। बचपन बचाओ आंदोलन के इस मकसद को पूरा करने में रेलवे सुरक्षा बल से काफी मदद मिल रही है। जनवरी, 2020 से अब तक 1600 से ज्यादा बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया जा चुका है। इन बच्चों को रेलवे स्टेशन और ट्रेन के डिब्बों से अपराधियों को दबोचकर मुक्त कराया गया। खुशी की बात है कि बचपन बचाओ आंदोलन और रेलवे सुरक्षा बल कई साल से ऐसे अपराधियों के चेहरों से नकाब हटा रहे हैं। यह उद्योग अरबों डॉलर की कमाई का साधन बन चुका है। इन बच्चों से जबरन मजदूरी, वेश्यावृत्ति और भीख मंगवाई जाती है। किशोरियों को शादी के लिए बेच दिया जाता है। यह कितना दुखद है कि कोविडकाल में लॉकडाउन इन मानव तस्करों के लिए उत्सव की तरह रहा। यह किसी से छिपा नहीं है कि इस काल ने लाखों लोगों को गरीबी की ओर धकेला और इन अपराधियों ने इन बेवश परिवारों को शिकार बनाया। रेलवे सुरक्षा बल ने जनवरी, 2020 से अब तक संयुक्त छापामार कार्रवाई में 337 मानव तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। सत्यार्थी कहते हैं कि संभवतः यह दुनिया में मानव तस्करों के खिलाफ सबसे बड़ा अभियान है। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक संजय चंदर की भूमिका इस अभियान में स्वप्नदर्शी जैसी है। वह इंटरनेशनल यूआईसी सेक्योरिटी प्लेटफॉर्म के चेयरमैन भी हैं। इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के मौके पर आयोजित समारोह में इस प्लेटफॉर्म के 22 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इन प्रतिनिधियों ने बचपन बचाओ आंदोलन और रेलवे सुरक्षा बल के इस अभिनव अभियान को अपने यहां लागू करने पर सहमति जताई है। सभी का मानना है कि बच्चों को सुरक्षित रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। अच्छी बात यह है कि इस समय दुनियाभर में नई बाल सुरक्षा नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। सत्यार्थी और चंदर ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में 2021 में रोजाना आठ बच्चों की तस्करी और उनका उत्पीड़न होने संबंधी आंकड़ा दिया गया है। इस आकंड़े के मुताबिक इस साल भारत में मानव तस्करी के कुल 2,189 मामले दर्ज किये गये। 2020 में यह संख्या 1,714 थी। विशेषज्ञों ने रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए देश में सख्त मानव तस्करी रोधी कानून लागू करने की मांग की थी। कहते हैं बाल शोषण दुनिया का सबसे बुरा काम है। बुरे काम का नतीजा भी बुरा ही होता है। मशहूर फाइनेंशर अमेरिका का जेफरी एप्सटिन यौन संतुष्टि के लिए बच्चों की खरीद-फरोख्त के लिए दुनिया में कुख्यात रहा है।

बचपन बचाओ आंदोलन और रेलवे सुरक्षा बल का संयुक्त अध्ययन 'रेलवेज-मेकिंग द ब्रेक इन ट्रैफिकिंग' आंखें खोलने के लिए काफी है। बचपन बचाओ आंदोलन अब तक 1,13,500 बच्चों को क्रूर पंजों से छुड़ा चुका है।

दुनियादारी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

मप्र में गोवंश की दुर्दशा बन रही है सियासी मुददा

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में एक बार फिर सड़कों पर घूमते और दुर्दशा का शिकार बने गो-वंश अब सियासत के केंद्र में आ रहा है। भाजपा की शिवराज सरकार सड़क पर घूमते गौ-वंश की स्थिति पर चिंतित है और इस पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने पर जोर दे रही है तो वहीं कांग्रेस सत्ता में आने पर गौ-शालाएं शुरू करने का वादा कर रही है। राज्य के किसी भी इलाके में चले जाइए आपको सड़कों पर घूमते गाएं नजर आ जाएंगी। इसके चलते एक तरफ आवागमन बाधित होता है, तो हादसे भी होते हैं। इतना ही नहीं यह गौवंष किसानों की मेहनत पर भी पानी फेरते नजर आते हैं। हरी भरी फसल को बचाए रखना किसानों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होता, क्योंकि बड़ी तादात में यह मवेशी फसलों को अपना निशाना बनाते हैं।

प्रदेश में पशु की संख्या पर गौर करें तो संगणना 2019 के अनुसार, एक करोड़ 87 लाख गौ-वंश हैं। प्रदेश में कुल निराश्रित गौ-वंश आठ लाख 54 हजार हैं। निराश्रित गौ-वंश के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा 627 गौ-शालाओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें लगभग एक लाख 84 हजार गौ-वंश हैं। मनरेगा में निर्मित एक हजार 135 गौ-शालाओं में 93 हजार गौ-वंश हैं। साथ ही 1995 गौ-शालाएं निमाणार्धीन एवं संचालन के लिए तैयार हैं। इनकी क्षमता दो लाख गौ-वंश की है। शेष पांच लाख 60 हजार गौ-वंश की व्यवस्था की जानी है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गौ-संवर्धन बोर्ड की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रदेश में सड़कों एवं बाहर घूमते हुए गौ-वंश न दिखे। इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम बना कर गौ-शालाओं का निर्माण पूरा किया जाए। सेवा के भाव से गौ-शालाएं तैयार करने के लिए लोग आगे आएं।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बाहर घूमते गौ-वंश के कारण लोगों को असुविधा नहीं हो, इसके लिए प्रयास किए जाना जरूरी है। सालरिया गौ-अभयारण्य को सफलता प्राप्त हुई है। सालरिया गौ-अभयारण्य की तरह अन्य स्थानों पर भी प्रयोग शुरू किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शर्तें पूरी होने पर गौ-शालाओं को खोलने की अनुमति दी जाए। मृत गौ-वंश एवं अन्य प्राणियों का सम्मान के साथ निष्पादन किया जाए। गौ-तस्करों पर नजर रखी जाए। गाय का गोबर और गौ-मूत्र से कई तरह के उत्पाद बनते हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। गौ-शालाओं को विभिन्न उत्पादों की बिक्री के द्वारा आर्थिक रूप से सशक्त किया जाए। वेस्ट-टू-बेस्ट के सिद्धान्त को अपनाया जाए। पशुपालक अपने गौ-वंश को बांध कर रखें, बाहर न छोड़ें। गौ-उत्पादों की खरीदी के लिए कार्य-योजना बने।

एक तरफ जहां सरकार लगातार गौवंष संरक्षण को लेकर चिंताएं जता रही है, वहीं कांग्रेस की ओर से गौशालाओं का हाल बेहतर न होने व गौशालाएं बद करने का सरकार पर आरोप लगाया जा रहा है।

कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा है कि शिवराज सरकार द्वारा बंद की गई प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण की योजना को मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही फिर बहाल किया जाएगा।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सड़कों पर घूमते गौ-वंश से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, किसानों की फसलों को एक तरफ यह मवेषी नुकसान पहुंचाते हैं तो वहीं हादसे बढ़ते हैं। कमल नाथ के कार्यकाल में पहल हुई थी, मगर सरकार चली गई, अब वर्तमान सरकार इस दिशा में पहल कर रही है, चुनाव आने तक इंतजार तो करना ही होगा कि आखिर होता क्या है। राजनीतिक दल है और वे वादों के जरिए लोगों को लुभाने में पीछे तो नहीं रहेंगे।

बिहार में शराबबंदी के पक्ष में 99 प्रतिशत महिलाएं : सर्वे

एजेंसी। पटना

बिहार सरकार शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बीच, कराए गए एक सर्वे से यह खुलासा हुआ है कि राज्य की 99 प्रतिशत महिला आबादी और 92 प्रतिशत पुरूष आबादी शराबबंदी के पक्ष में है। यह अलग बात है कि शराबबंदी कानून और लागू करने के तरीके को लेकर विपक्ष सवाल उठाता रहा है। बिहार रुरल लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जीविका), चाणक्य विधि विश्वविद्यालय और पंचायती राज द्वारा संयुक्त रूप से कराए गए सर्वे के मुताबिक बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम 2016 लागू होने के बाद से अब तक 1.82 करोड़ यानी करीब 96 प्रतिशत लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है।

बताया गया है कि इस सर्वे में 10 लाख से अधिक लोगों से संपर्क किया गया। सर्वेक्षण के लिए सभी जिलों और सभी प्रखंडों को आधार बनाया गया। इसके लिए जीविका समूह से 10 हजार लोगों का चयन किया गया था। इस दौरान इन्होंने 7968 पंचायतों के लोगों से संपर्क किया।

मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा शराबबंदी का आम लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के आकलन के लिए कराए गए सर्वे के विषय में जीविका समूह के कार्यपालक निदेशक राहुल कुमार ने बताया कि सर्वे से जुड़ी 10 हजार महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था।

मद्य निषेध उत्पाद विभाग द्वारा तैयार प्रश्नों के सेट के आधार पर 10.22 लाख से अधिक लोगों से सवाल पूछे गए। सभी जवाब इस काम के लिए बनाए गए एप पर डाले गए। इससे पहले भी बिहार में शराबबंदी का आम जन पर होने वाले प्रभाव की जानकारी के लिए दो सर्वे हो चुके हैं।

NEWS इन ब्रीफ

ट्रक-कार की टक्कर में चार की मौत

बालोद/रायपुर। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में ट्रक और कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा गुंडरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम खप्परवाड़ा में हुआ है। हादसे में बालोद के सलूजा परिवार के तीन सदस्य और कार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को नोटिस

कानपुर देहात। अपने 'यूपी में का बा' गाने के लिए मशहूर लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ को अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने 160 सीआरपीसी का नोटिस दिया है। अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान कानपुर देहात के मडौली गांव में एक मां-बेटी को जिंदा जलाए जाने के बाद नेहा ने अपने ट्विटर हैंडल, फेसबुक और यूट्यूब चैनल से 'यूपी में का बा' सहित कई गाने पोस्ट कर राज्य सरकार पर कटाक्ष किया था। सीओ अकबरपुर प्रभात कुमार ने बताया कि तरह-तरह के ट्वीट और मौखिक शिकायतें मिलीं कि नेहा के गाने समाज में भेदभाव और वैमनस्य फैला रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए उनसे तीन दिन के भीतर नोटिस के जरिए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

हाजीपुर। बिहार में वैशाली जिले के विदुपर थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि मंगलवार की देर रात मनसूरपुर गांव के समीप से अपराध की योजना बना रहे दो अपराधी सोनु कुमार और मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल, दो कारतूस, तीन बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद की गयी है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी जिले के राजापाकड़ थाना क्षेत्र के झकराहा गांव के निवासी हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

बैंक लूटने आया एक अपराधी गिरफ्तार

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के मारवाड़ी बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बुधवार की सुबह बैंक लूटने आये एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बुधवार की सुबह बैंक खुलते ही दो अपराधी बैंक में ग्राहक बन कर प्रवेश कर गए और बैंककर्मियों को हथियार के बल पर अपने कब्जे में लेकर लॉकर खोलने को कहा। इस दौरान बैंक के सुरक्षा गार्ड ने एक अपराधी को पकड़ लिया, जबकि एक अन्य अपराधी फरार हो गया। इस दौरान प्रतिरोध करने पर अपराधी ने तेज हथियार से महिला बैंककर्मी और सुरक्षा गार्ड को घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने बैंक पहुंच कर गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ की।

यूपी का बजट 2023-24 : योगी सरकार ने पेश किया सबसे बड़ा बजट

युवा, दिव्यांग योगी ने बजट में रखा हर किसी का ध्यान

हमने तो समंदर के रुख बदले हैं, मोदी-योगी ने सोचने के सलीके बदले हैं, आप कहते थे कुछ नहीं होगा, हमने आपके भी सोचने के तरीके बदले हैं

योगी सरकार ने पेश किया लगातार छठवां और दूसरे कार्यकाल का दूसरा बजट

6.90 लाख करोड़ का बजट पेश, यूपी के इतिहास का रहा सबसे बड़ा बजट

प्रदेश की जनता की खुशहाली और तरक्की के साथ ही वन ट्रिलियन इकॉनमी का नजर आया विजन

हर वर्ग और तबके पर रहा फोकस, इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट को दी गई खास तवज्जो

नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जैसे ही इन पंक्तियों के साथ अपने बजट भाषण का समापन किया, पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जैसी उम्मीद थी, योगी का बजट उसी के अनुरूप रहा। बजट में प्रदेश की जनता की खुशहाली और उसकी तरक्की के साथ ही प्रदेश को आगामी वर्षों में वन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने के लक्ष्य का पूरा रोडमैप नजर आया। युवा, महिला, गरीब, वृद्ध, दिव्यांग, किसान समेत सीएम योगी ने बजट में हर वर्ग और तबके का ध्यान रखा तो वहीं प्रदेश में जीआईएस-23 के तहत होने वाले भारी निवेश को दृष्टिगत रखते हुए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट पर भी विशेष फोकस रहा। यह बजट कई अन्य मामलों में भी ऐतिहासिक रहा। यह योगी सरकार का लगातार छठवां, जबकि दूसरे कार्यकाल का दूसरा बजट भी था। वहीं, यह प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट भी रहा। प्रस्तुत बजट का आकार 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपए (6,90,242.43 करोड़ रुपए) है।राज्य सरकार का पिछले वर्ष का मूल बजट 6.15 लाख करोड़ रुपए और अनुपूरक बजट 33,769 करोड़ रुपए का था।

किसानों का रखा ध्यान : हमेशा की तरह इस बार भी किसानों को इस बजट में खास तवज्जो दी गई। उनके हितों के साथ-साथ उनकी एजुकेशन पर भी फोकस रहा। बजट घोषणा के अनुसार, द मिलियन फार्मर्स स्कूल हेतु किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा। नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर योजना हेतु 831 करोड 93 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना पर 113 करोड़ 52 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। किसानों के लिए निजी नलकूपों को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति हेतु 1950 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु 984 करोड़ 54 लाख रुपए खर्च किए जाने का ऐलान किया गया है। यही नहीं, नेशनल क्रॉप इन्श्योरेन्स के लिए 753 करोड 70 लाख रुपए तो यूपी मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम पर 55 करोड़ 60 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रदेश के 4 कृषि विश्वविद्यालयों में एग्रीटेक स्टार्टअप योजना के लिए भी 20 करोड़ रुपए की व्यवस्था को भी स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही कुशीनगर में 50 करोड़ से महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय की शुरूआत होगी।

महिलाओं का बढ़ाया मान : सीएम योगी के बजट में महिलाओं का भी मान बढ़ाया गया है। इसके तहत मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 1050 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव है तो मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना पर 600 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। महिला सामर्थ्य योजना पर 83 करोड़ रुपए तो निराश्रित विधवाओं के भरण पोषण के लिए सरकार 4032 करोड़ रुपए खर्च करेगी। प्रदेश में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए 3 महिला पीएसी बटालियन का गठन किया जा रहा है।

युवाओं को मिलेगा मुकाम : सीएम योगी के बजट में युवाओं को कई सौगातें दी गई हैं। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना में पात्र छात्र-छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन देने के लिए 3600 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। आईटी एवं स्टार्टअप्स नीति हेतु 60 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। सरकार ने वस्त्रोद्योग क्षेत्र में 40 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा है। कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रशिक्षण योजना हेतु 70 करोड़ रुपए की व्यवस्था है। 31 हजार युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन्क्यूबेटर्स को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप्स के लिए सीड फंड हेतु 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में युवा उद्यमियों को एग्रीटेक स्टार्ट-अप्स की स्थापना के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड के लिए 20 करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं। युवा अधिवक्ताओं को कार्य के शुरूआती 3 वर्षों के लिए किताब एवं पत्रिका क्रय करने के लिए 10 करोड़ रूपए तथा युवा अधिवक्ताओं के लिए कॉर्पस फंड हेतु 5 करोड़ रुपए की व्यवस्था।

बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को दिया सम्मान : वृद्ध और दिव्यांग भी योगी सरकार की प्राथमिकता में हैं और इसकी झलक बजट में भी देखने को मिली। बजट घोषणा में योगी सरकार ने वृद्धावस्था / किसान पेंशन योजना के अंतर्गत 7240 करोड़ रुपए के खर्च का प्राविधान किया है। वहीं दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान के लिए 1120 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना के लिए 42 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है।

गरीबों का भी उत्थान : अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन लोगों की बेटियों की शादी पर सरकार 150 करोड़ रुपए अनुदान देगी। असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों हेतु संचालित मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना हेतु 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों हेतु संचालित मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना हेतु 12 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के तहत कार्यस्थल पर श्रमिक की मृत्यु की दशा में 05 लाख रुपए, स्थायी दिव्यांगता पर 04 लाख रुपए एवं आशिक दिव्यांगता पर 03 लाख रुपए की सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

बजट एक नजर में

बजट का आकार : 6,90,242.43 करोड़ रुपए
नई योजनाओं पर खर्च : 32,721.96 करोड़ रुपए
कुल प्राप्तियां : 6,83,292.74 करोड़ रुपए
राजस्व प्राप्तियां : 5,70,865.66 करोड़ रुपए
पूंजीगत प्राप्तियां : 1,12,427.08 करोड़ रुपए
कर राजस्व : 4,45,871.59 करोड़ रुपए
राज्य कर राजस्व : 2,62,634 करोड़ रुपए
केंद्रीय करों में राज्य का अंश : 1,83,237.59 करोड़ रुपए
कुल व्यय (अनुमानित)- 6,90,242.43 करोड़ रुपए
राजस्व बचत : 68,511.65 करोड़ रुपए
राजकोषीय घाटा : 84,883.16 करोड़ रुपए

आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रस्तुत 'नए उत्तर प्रदेश' का बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के इतिहास में नए स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा। यह बजट प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप प्रदेश के गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर तबके के हितों की पूर्ति करने वाला है।

योगी आदित्यनाथ, सीएम उत्तर प्रदेश

बजट हाइलाइटर्स

- प्रदेश में ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना होगी जिस पर 200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण / नए शहर प्रोत्साहन योजना हेतु 3,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 2023-2024 में 12,39,877 आवासों का लक्ष्य प्रस्तावित है। योजना हेतु 9000 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था दी गई है।
- आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश में 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा 16 घरेलू एयरपोर्ट समेत कुल 21 एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएंगे।
- महाकुंभ मेला, 2025 की तैयारी के लिए 2,500 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।
- आकांक्षी नागर योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1203 करोड़ रुपए प्रस्तावित।

- केंद्र सरकार की मदद से पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) नामक नई योजना के लिए 510 करोड़ रुपए का बजट।
- ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की नई योजना के लिए 300 करोड़ रुपए।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए 30 करोड़ रुपए की व्यवस्था।
- मेरठ में मेजर ध्यानचंद्र खेल विश्विद्यालय की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपए।
- 14 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना एवं संचालन के लिए 2491 करोड़ 39 लाख का बजट।

बिहार के जेठुली गांव में धारा 144 लागू



एजेंसी। पटना

पटना के जिला प्रशासन ने बुधवार को जेठुली गांव में धारा 144 लागू कर दी, जहां पिछले दो दिनों में हिंसा हुई है। जिला प्रशासन ने शांति बहाल करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया। ग्रामीणों को घर में रहने और जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकलने को कहा गया है। जेठुली हिंसा में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य अस्पताल में जीवन-मौत के बीच जूझ रहे हैं। हिसा पार्कि ग विवाद के बाद शुरू हुई। दो समूहों के भिड़ने के बाद मामले ने बड़ा मोड़ ले लिया। इस घातक झड़प के दौरान कम से कम 50 राउंड गोलियां चलाई गईं। रविवार को हुई गोलीबारी के बाद पीड़ितों के परिजनों और अन्य ग्रामीणों ने आरोपियों की संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया। पटना पुलिस ने मुख्य आरोपी बच्चा राय को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जो फायरिंग में शामिल था और फरार है। जिला पुलिस ने अब तक 22 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मुस्लिम विरोधी छवि को तोड़ने में जुटेगी भाजपा

विवेक त्रिपाठी। लखनऊ

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुस्लिम वोटों को रिझाने पर भाजपा जुटी है। विपक्ष द्वारा बनाई गई मुस्लिम विरोधी छवि को हटाने और सबका साथ सबका विकास के स्लोगन को कौमी चौपालों के माध्यम से मजबूत करने में पार्टी का पूरा फोकस है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी से 75 प्लस सीटें जीतने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा ने अल्पसंख्यकों के बीच पसमांदा सम्मेलन के बाद कौमी चौपालों और सूफी सम्मेलन का खाका तैयार किया है। अल्पसंख्यक मोर्चा इस कार्यक्रम को जमीन में उतारने की पूरी तैयारी में जुट गया है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री और योगी सरकार के मंत्री दानिश आजाद ने बताया कि मुस्लिमों की तरक्की के लिए भाजपा लगातार काम कर रही है। समय समय पर उनको योजना से अवगत कराने के लिए सरकार प्रयास करती रहती है। इसी क्रम में यह कौमी चौपालें और सूफी सम्मेलन भी आयोजित हो रहे हैं। इन्हें मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से और अवगत कराया जाएगा। साथ उनकी तकलीफों को दूर किया जाएगा। यह ग्रामीण चौपाल की तरह ही आयोजित होंगी।

उन्होंने बताया कि भाजपा ने सबका साथ सबका का विकास का सिर्फ नारा नहीं दिया है बल्कि इसे जमीन पर उतार दिया है। सरकार की हर योजना से अल्पसंख्यकों को बहुत फायदा हुआ है। उनके जीवन में खुशहाली आई है। उन्हें हर योजना में बराबर की हिस्सेदारी मिली है। विपक्ष द्वारा मुस्लिमों के बीच में हमारी पार्टी के लिए बनाई गई नकारात्मक तस्वीर भी अब साफ हो गई है। अब मुस्लिम भाई इन लोगों की वोट बैंक की राजनीति को समझ गए हैं।

हाय-हाय पानी — पानी को तरस रही बौद्ध महत्व की हिरण्यवती नदी

10 वर्ष में भी नहीं बन पाई कोई योजना

बोटिंग बना सपना, ट्यूबवेल भी नहीं कर रहा काम

एजेंसी। कुशीनगर

मई-जून की तपन अभी दूर है। फरवरी में ही बौद्ध महत्व की हिरण्यवती नदी पानी के लिए तरस रही है। पानी के लिए लगा ट्यूबवेल भी किसी काम नहीं आ रहा है। नदी के बुद्धा घाट पर चलने वाली बोटिंग भी बन्द हो गई है। साल 2013 में तत्कालीन जिलाधिकारी रिंग्जिन सैम्फिल ने नदी जल व पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ लोगों को सुखद वातावरण के लिए पिकनिक स्पॉट उपलब्ध कराने के लिए नदी तट बुद्धा घाट योजना की नींव रखी थी।

योजना में तहसील प्रशासन, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, नगरपालिका, टेम्पल एरिया मैनेजमेंट कमेटी की सहभागिता सुनिश्चित की गई।

लाइटिंग, पौधरोपण, शेड, सीढ़ियां, पार्किंग आदि बनाकर स्थल की खूबसूरती निखारी गई। घाट युवाओं व बच्चों का पसंदीदा पिकनिक स्पॉट बन गया। बाद के वर्षों में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक पांडेय व पूर्ण बोरा, एसडीएम वरुण पांडेय योजना को गति देते रहे। प्रसाधन, मियावाकी उद्यान, कैफेटेरिया, राष्ट्रीय ध्वज, चिल्ड्रेन्स पार्क आदि के नए कार्य कराए गए, किंतु दस साल की अवधि में जल प्रबंधन के लिए ठोस योजना नहीं बन पाई। जिससे बुद्धा घाट के वास्तविक उद्देश्य के औचित्य पर सवाल उठ रहे हैं। नवागत एसडीएम रत्नीका श्रीवास्तव ने इसका संज्ञान लेने की बात कही है।

नदी से जुड़ी है बौद्धों की आस्था

निर्वाण पूर्व बुद्ध ने अंतिम बार हिरण्यवती नदी तट से जल ग्रहण किया था। इस नाते देशी विदेशी बौद्ध अनुयाइयों में नदी का बहुत महत्व है। सैलानी नदी जल से आचमन करते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

जेवी ग्रेसिया लीड्स यूनाइटेड के नए कोच

लंदन। क्लब की वेबसाइट के अनुसार, वाटफोर्ड और वालेंसिया के पूर्व कोच जेवी ग्रेसिया को लीड्स यूनाइटेड के नए कोच के रूप में नामित किया गया है। 52 वर्षीय स्पैनियार्ड ने मंगलवार सुबह लीड्स के लिए उड़ान भरी और मौजूदा सत्र के अंत तक एक समझौते पर सहमत हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रेसिया जेसी मार्श की जगह लेंगे, जिन्हें 6 फरवरी को लीड्स द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। माइकल स्कुबाला को अस्थायी प्रभार के रूप में रखा गया था।

खेलो इंडिया वुमंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता शुरू

जयपुर। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला एवं खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने महाराजा कॉलेज ग्राउंड में चतुर्थ खेलो इंडिया वुमंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। डॉ. कल्ला एवं चांदना ने तीर से निशाना साधा और देशभर से पहुंचे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन एवं जयपुर आर्चरी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 23 फरवरी तक चलेगी।

एननर वेलंसिया को इंटरनेसियोनल ने की अनुबंध की पेशकश

रियो डी जेनेरियो। इंटरनेसियोनल ने इक्वाडोर के अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर एननर वेलंसिया को फेनरबाश से साइन करने की पेशकश की है। ब्राजील की मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 33 वर्षीय खिलाड़ी 30 जून तक तुर्की की टीम से जुड़े रहेंगे, जिसका अर्थ है कि वह फीफा नियमों के तहत किसी अन्य क्लब के साथ पूर्व-अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए स्वतंत्र है।

ईआईएसएल सीजन 2 की 28 फरवरी से होगी शुरुआत

नई दिल्ली। ईआईएसएल का दूसरा सीजन 28 फरवरी 2023 से शुरू हो रहा है, जिसका फाइनल 6 और 7 मई 2023 को दिल्ली में होगा। लीग में कुल 62 मैच (55 लीग और 7 प्लेऑफ) होंगे, जिसमें सभी मैच हीरो आईएसएल, ईआईएसएल यूट्यूब हैंडल और क्लब के यूट्यूब हैंडल पर स्ट्रीम किए जाएंगे। इस साल की शुरुआत का पहला मैच लीग टाइटल डिफेंडर चेन्नईयिन एफसी और पिछले सीजन की उपविजेता मुंबई सिटी एफसी के बीच खेला जाएगा। लीग के शुरूआती दिन में बेंगलुरू एफसी का मुकाबला नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी होगा।

कमिंस को पछाड़ नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बने एंडरसन

एजेंसी। दुबई

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर नंबर 1 गेंदबाज बन गए। उन्होंने पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम को 267 रनों से जीत दिलाई थी।

एंडरसन ने अपने करियर में छठी बार पुरुषों की टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है, पहली बार मई 2016 में नंबर 1 बने थे और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा से आगे निकलने से पहले नवंबर 2018 में शीर्ष पर थे। 40 साल की उम्र में एंडरसन के शीर्ष पर पहुंचने का मतलब यह भी है कि वह 1936 में ऑस्ट्रेलियाई महान क्लेरी ग्रिमेट के बाद शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज हैं। हालांकि, शीर्ष पर उनकी बढ़त काफी कम अंतर से है, अश्विन 864 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज से सिर्फ दो अंक पीछे हैं। इस बीच, 2019 से शीर्ष पर रहे कमिंस 858 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर आ गए हैं। लेकिन फिर भी भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान अच्छे प्रदर्शन करके वापस शीर्ष पर आ सकते हैं।

हरफनमौला रवींद्र जडेजा नौवें स्थान पर पहुंचे

भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा दिल्ली में दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने के बाद सात स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं, सितंबर 2019 के बाद पहली बार वह शीर्ष 10 में आए हैं। उनके स्पिन साथी रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर आ गए हैं, जबकि भारत के अन्य स्पिनर अक्षर पटेल को भी नई टेस्ट रैंकिंग में दो स्थानों की बढ़त के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने मैच में सात विकेट लेकर दो पायदान की छलांग लगाई है। वह अब 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट मास्टर्स से जुड़े फिंच

एजेंसी। नई दिल्ली

लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने बुधवार को घोषणा की है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच दोहा में एलएलसी मास्टर्स में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के 2021 टी-20 विश्व कप विजेता कप्तान फिंच, 6 फरवरी, 2023 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

उन्होंने टूर्नामेंट द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, मैं लीजेंड्स लीग क्रिकेट में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह एक शानदार पहल है और उच्च गुणवत्तावाले पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ और उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं। फिंच के अलावा, एलएलसी मास्टर्स के लिए पुष्टि किए गए खिलाड़ियों की सूची में इयोन मोर्गन, इरफान पठान, शोएब अख्तर, क्रिस गेल और एस श्रीसंत शामिल हैं। अब्दुल रज्जाक और इसुरु उदाना भी लीजेंड्स लीग क्रिकेट में पहली बार खेलेंगे। उन्होंने कहाः जब हमने लीजेंड लीग क्रिकेट की शुरुआत की, तो हम हर उस खिलाड़ी को वापस मैदान में लाना सुनिश्चित कर रहे थे, जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। अधिकांश क्रिकेटर या तो कमेंटेटर, कोच बन गए या अपनी क्रिकेट अकादमी खोल ली है। उनमें क्रिकेट बाकी है। यहां तक कि प्रशंसक भी उन्हें एक्शन में देखना चाहते हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि एलएलसी मास्टर्स में हमारे साथ खेलने के लिए हारून का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

महिला टी-20 विश्व कप

Final में पहुंचने के इरादे से खेलेगी टीम

सेमीफाइनल में इंडिया की ऑस्ट्रेलिया से होगी भिडंत

26 फरवरी को खेला जाना है फाइनल मुकाबला

एजेंसी। केपटाउन

भारत ने दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लेकिन 26 फरवरी को होनेवाले फाइनल में पहुंचने के लिए सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराना आवश्यक होगा। मौजूदा चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में मजबूत प्रबल दावेदार है। खासकर, महिला टी-20 विश्व कप मैचों में भारत पर 3-2 की बढ़त है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया ने 2020 टी-20 विश्व कप फाइनल और राष्ट्रमंडल गेम्स के स्वर्ण पदक मैच में भारत से बेहतर प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में पांच मैचों की टी-20 सीरीज भी 4-1 से जीती थी। इसके अलावा इस महीने की शुरूआत में एक अभ्यास मैच भी जीता था। लेकिन फिर भी वे भारत से सावधान रहेंगे, जिसकी एक झलक पिछले साल डीवाई पाटिल स्टेडियम में 47 हजार दर्शकों के सामने श्रृंखला के दूसरे मैच में रोमांचक सुपर-ओवर जीत हासिल करने पर देखी गई थी।

भारत एकमात्र टीम है, जिससे ऑस्ट्रेलिया 2021 के बाद से दो बार हार चुका है। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने अपने चार में से तीन मैच जीते। उन्हें सिर्फ इंग्लैंड से 11 रन से हार मिली। ग्रुप 2 में वे शीर्ष पर पहुंचने में नाकाम रहे हैं और दूसरे स्थान पर अपने ग्रुप चरण को समाप्त किया। भारत के लिए, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष ने फिनिशर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार मैचों में एक बार आउट होने के अलावा, 140 की स्ट्राइक रेट से 122 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीकी परिस्थितियों में वह एक शानदार बल्लेबाज रही हैं। वह अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम की भी सदस्य थीं। उंगली की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच न खेलने के बाद, उपकप्तान और बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ बैक-टू-बैक अर्धशतक के साथ फॉर्म में वापसी की है, जबकि जेमिमाह रोड्रिग्स भी शानदार रही हैं। लेकिन भारत चाहेगा कि शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर सेमीफाइनल में रन बनाए। तेज गेंदबाज रेणुका ने धमाल मचाया है, क्योंकि उनकी स्विंग ने प्रतियोगिता के ग्रुप चरणों के दौरान बल्लेबाजों को परेशान किया है।

स्वदेश लौटेंगे एश्टन एगर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर एश्टन एगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। वो स्वदेश लौट जाएंगे। एगर के अब अपनी घरेलू टीम वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड और मार्श कप मैच खेलने की उम्मीद है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, 1 मार्च से इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। हालांकि, एगर के भारत में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में खेलने की उम्मीद है, जो 17 मार्च से मुंबई में शुरू होगी।

डब्ल्यूपीएल : मुंबई में 4 से 26 मार्च तक खेला जाएगा पहला सीजन

यूपी वॉरियर्स ने एलिसा को बनाया कप्तान

एजेंसी। नई दिल्ली

यूपी वॉरियर्स ने बुधवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सीजन के लिए ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली को कप्तान बनाया। यह टूर्नामेंट मुंबई में 4 से 26 मार्च तक खेला जाएगा। खेल में सबसे अधिक पहचाने जाने वाले चेहरों में से एक एलिसा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए 139 मैच खेले हैं। उन्होंने एक शतक और 14 अर्धशतक के साथ लगभग 2,500 रन बनाए हैं।

उन्होंने विकेट के पीछे टी-20 में 110 शिकार किए हैं। प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई टीम की सबसे सीनियर सदस्यों में से एक, एलिसा एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रही हैं। बड़े टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जानी जाती है। उन्होंने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में महिला टी-20 विश्व कप 2020 फाइनल में 39 गेंदों में शानदार 75 रन बनाए थे, जहां रिकॉर्ड तोड़ 86,174 लोगों ने ऑस्ट्रेलिया को पांचवां खिताब जीतते हुए देखा था।

उन्होंने कहाः मुंबई में खेले जाने वाले ऐतिहासिक डब्ल्यूपीएल के पहले सीजन में यूपी वॉरियर्ज की कप्तानी करने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। डब्ल्यूपीएल एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका हम सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यूपी वॉरियर्ज के पास एक शानदार टीम है। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में एलिसा ने कहा, हमारे पास क्षमता के साथ-साथ अनुभव और युवाओं का अच्छा मिश्रण है और हम अपने प्रशंसकों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। एलिसा ने श्रीलंका के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 148 रन बनाकर महिला टी-20 में एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में दो बार महिला वनडे विश्व जीतने के अलावा ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच बार महिला टी-20 विश्व कप जीता है। 2018 में, एलिसा को उनके शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया, जिसने उनके देश को चौथे आईसीसी विश्व कप खिताब तक पहुंचाया।

2020 में उन्हें एमसीजी में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप फाइनल जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, यूपी वारियर्ज के मालिक राजेश शर्मा ने कहाः एलिसा एक शानदार खिलाड़ी हैं और उनके पास उच्चतम स्तर पर अपार अनुभव है। हमें उम्मीद है कि यूपी वॉरियर्ज नेतृत्व में एलिसा हीली के इस महत्वपूर्ण यात्रा में प्रगति होगी। यह टूर्नामेंट यूपी की महिलाओं के लिए खुशी और प्रेरणा का स्त्रोत बने। मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं।

हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के प्रदर्शन से प्रभावित हुए स्टार शटलर सात्विक

एजेंसी। हैदराबाद

प्राइम वॉलीबॉल लीग के दूसरे सीजन के हैदराबाद चरण के समाप्त होने के साथ ही गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में मैच को देखने आए भारतीय स्टार शटलर सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी ने हैदराबाद ब्लैक हॉक्स टीम की प्रशंसा की। वॉलीबॉल लीग एक्शन अब शुक्रवार से कोच्चि में स्थानांतरित हो जाएगा, जिसमें कालीकट हीरोज सीजन के पहले मैच में चेन्नई ब्लिट्ज के खिलाफ उतरेगी। मंगलवार को हैदराबाद ब्लैक हॉक्स ने पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु टॉरपीडोज को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। रोमांचक वॉलीबॉल एक्शन देखने के लिए शहर के कई सितारे आए जिनमें 'अर्जुन रेड्डी' अभिनेता और हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के सह-मालिक विजय देवरकोंडा शामिल थे। मैच देखने के लिए मौजूद सितारों में शामिल सात्विक ने मैच के बाद खेल के बारे में बात की। उन्होंने कहा, एक तरह से, मैं खेल से जुड़ा हुआ हूं। मेरे पिता वॉलीबॉल खिलाड़ी थे। मैंने हमेशा अपने प्रशिक्षण सत्रों में भी खेल को शामिल करने की कोशिश की है। मैं देखता था कि ये खिलाड़ी कितनी ऊंची छलांग लगाते हैं। जिसके साथ वे एक अंक जीतते हैं। जब भी मैं अभ्यास कर रहा होता हूं तो मैंने यह सब सीखने की कोशिश की है। 23 वर्षीय शटलर, जो अपने साथी, चिराग शेट्टी के साथ, बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के शीर्ष 10 में स्थान पाने वाली भारत की पहली पुरुष युगल जोड़ी है, जिसकी कैरियर-उच्च रैंकिंग 5 है। उन्होंने कहा कि वह प्राइम वॉलीबॉल लीग में खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित हैं। आंध्र प्रदेश में जन्मे एथलीट ने कहा, यह एक अद्भुत सप्ताह था। मैं यहां हर मैच के लिए मौजूद था। स्टेडियम में माहौल हमेशा बहुत ही रोमांचक था। प्रशंसकों को अपनी पसंदीदा टीम और खिलाड़ियों को लाइव देखने का आनंद लेना अच्छा लगता था।

महिला प्रीमियर लीग : टाटा ग्रुप को मिले स्पॉन्सरशिप अधिकार

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टाटा ग्रुप को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2023-2027 के टाइटल प्रायोजन अधिकार प्रदान किया है। बीसीसीआई के अनुसार, टाटा ग्रुप को 2023-2027 की अवधि के दौरान अपने दो प्रमुख ब्रांडों : टाटा कैपिटल और टाटा मोटर्स का प्रचार करेगा। इसने कहा, हम डब्ल्यूपीएल के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में टाटा ग्रुप को पाकर वास्तव में खुश और उत्साहित हैं। हमें लगता है कि यह सबसे महत्वपूर्ण चरणों में से एक है, जो महिला क्रिकेट की लोकप्रियता को और बढ़ावा देगा।

बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारतीय महिला टीम ने देश को गौरवान्वित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और डब्ल्यूपीएल भारत में महिला क्रिकेट के उत्थान का संकेत देने वाला एक कदम है। टूर्नामेंट भारत में महिला क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा और मुझे यकीन है कि यह आने वाले समय में एक नया मानदंड स्थापित करेगा। डब्ल्यूपीएल के पहले सीजन को भारत में महिला क्रिकेट में एक नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जाता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा जैसे कुछ प्रतिभाशाली भारतीय सितारे - भारत की अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम की कप्तान, जेमिमाह रोड्रिग्स, ऋचा घोष, एलिसा जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सितारों के रूप में एक ही टीम में खेल रही हैं।

प्रदर्शन कुछ समय से क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहे हैं राहुल

हरभजन ने केएल राहुल का किया समर्थन

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल का समर्थन किया है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि वे 30 वर्षीय बल्लेबाज को मजबूती से वापसी के लिए हौसला बढ़ाएं। कुछ महीनों से राहुल टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहे हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत के लिए खेले गए पिछले छह टेस्ट मैचों में केवल एक अर्धशतक बनाया है।

मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने पहले दो टेस्ट में 20, 17 और 1 का स्कोर बनाए हैं। हाल के मैचों में राहुल के खराब प्रदर्शन के बावजूद, शुभमन गिल बाहर बैठे हैं। लेकिन राहुल को अभी भी टीम प्रबंधन का समर्थन मिल रहा है, जिसने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद और प्रशंसकों से भी भारी आलोचना का सामना किया है। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए हरभजन ने ट्विटर किया और प्रशंसकों से स्टार ओपनर पर विश्वास जताने को कहा। हरभजन ने ट्वीट किया : क्या हम राहुल को अकेला छोड़ सकते हैं? उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। वह अभी भी एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। वह मजबूती से वापसी करेंगे। हम सभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह के दौर से गुजरते हैं। वह पहले और आखिरी खिलाड़ी नहीं है। इसलिए कृपया इस तथ्य का सम्मान करें कि वह हमारा अपना खिलाड़ी है और विश्वास रखें।

राहुल को लेकर भिड़ गए थे दो पूर्व क्रिकेटर

हरभजन की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रसाद और आकाश चोपड़ा राहुल के खराब फॉर्म के बाद भी टीम में उनकी जगह को लेकर ट्विटर पर आमने-सामने आ गए थे। प्रसाद ने खराब फॉर्म के लिए राहुल की लगातार आलोचना की, जिसके कारण चोपड़ा के साथ वाकयुद्ध हुआ, जिन्होंने पूर्व तेज गेंदबाज की आलोचना से बल्लेबाज का बचाव करने की कोशिश की। चोपड़ा ने केएल राहुल पर अपने यूट्यूब वीडियो में प्रसाद पर निजी एजेंडा चलाने का आरोप लगाया था। आकाश ने कहा : मैं यह नहीं कह रहा हूं कि केएल राहुल रोहित शर्मा की तरह बन जाएंगे, लेकिन मैं विनम्रतापूर्वक आपसे शांत रहने का अनुरोध करता हूं। अगर कोई एजेंडा है, तो उन्हें आगे न बढ़ाए। आइए उन नंबरों के बारे में बात करें जो वास्तव में हैं और न कि जो आपके विचारों के अनुरूप हैं।

दुनिया के धनकुबेरों की दौलत में भी ग्रहण




एजेंसी। नई दिल्ली

मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार में आई सुनामी का असर बुधवार को भारत समेत तमाम एशियाई बाजारों में भी देखने को मिला। केवल शेयर बाजार ही नहीं डूबे, बल्कि दुनिया के टॉप अमीरों की नेटवर्थ भी इससे प्रभावित हुई। बीते 24 घंटे में नंबर एक अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट समेत एलन मस्क, जेफ बेजोस, मुकेश अंबानी और दूसरे अरबपतियों की दौलत तेजी से घट गई। पहले से भारी नुकसान झेल रहे भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी के तो करीब 6 अरब डॉलर डूब गए। पहले बात कर लेते हैं दुनिया के टाप-10 बिलेबिलेनेराइज की तो इनमें सबसे ज्यादा घाटा टेस्ला के सीईओ और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर एलन मस्क को हुआ है। मस्क की नेटवर्थ एक झटके में 7.1 अरब डॉलर (करीब 59,000 करोड़ रुपये) कम होकर 191.1 अरब डॉलर रह गई। शेयर 5. 25 फीसदी की गिरावट के साथ 197.37 डॉलर पर बंद हुए थे। दुनिया के सबसे रईस बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्ति में इस अवधि में 5. 5 अरब डॉलर की गिरावट आई और ये घटकर 209। 2 अरब डॉलर रह गई। दौलत गंवाने वाले अरबपतियों की लिस्ट में अगला नाम अमेजन की फाउंडर आता है। उन्होंने 24 घंटे में 2.6 अरब डॉलर गवां दिए और 117.8 अरब डॉलर के साथ तीसरे सबसे अमीर हैं। चौथे नंबर पर मौजूद लैरी एलिसन को इस दौरान 1.7 अरब डॉलर का घटा हुआ और उनकी नेटवर्थ कम होकर 110.6 अरब डॉलर पर आ गई। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स 1.3 अरब डॉलर गवांते हुए 105. 7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ लिस्ट में पांचवें नंबर पर मौजूद हैं। टॉप-10 बिलेंनेरिर्यस की लिस्ट में अपना दबदबा बनाए भारतीय उद्योगपति और एशिया के सबसे रईस मुकेश अंबानी को भी तगड़ा घाटा उठाना पड़ा है। खबर लिखे जाने तक फोर्ब्स के मुताबिक, उन्हें 1.5 अरब डॉलर या करीब 12,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। संपत्ति में आई इस गिरावट के चलते उनकी नेटवर्थ कम होकर 84। 4 अरब डॉलर पर आ गई। बता दें दुनिया के छठे अमीर दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे की नेटवर्थ 2 अरब डॉलर घटकर 105.2 अरब डॉलर रह गई। इसके अलावा कार्लोस स्लिम हेलू 853 मिलियन डॉलर गवांकर 89.9 अरब डॉलर के साथ सातवें अमीर बने हुए हैं। 10वें अमीर स्टीव बाल्मर को 1. 4 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। 24 घंटे के भीतर बेशुमार दौलत गवांने वाले अरबपतियों की लिस्ट में पहले नंबर पर एलन मस्क, तो दूसरे नंबर पर गौतम अडानी का नाम आता है। अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पब्लिश होने के बाद बीते 24 जनवरी 2023 से हर रोज उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। वहीं अब उन्हें 5। 9 अरब डॉलर (48,865 करोड़ रुपये) का घाटा उठाना पड़ा है। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ और गिरकर महज 41.4 अरब डॉलर रह गई है। इतनी संपत्ति के साथ वे दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 26वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

कच्चे तेल के भाव में आई गिरावट

नई दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों का आकार बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 102 रुपये की गिरावट के साथ 6,283 रुपये प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का मार्च माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 102 रुपये या 1.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,283 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 7,957 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 76.16 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.72 प्रतिशत की गिरावट दशार्ता 82.45 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

89 रुपये में सस्ता खाना डिलीवर करेगा जोमैटो

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन फूड डिलिवरी का काम करने वाली कंपनी जोमैटो से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। जोमैटो ने बुधवार को जानकारी दी है कि, अब वह किफायती दामों पर बिलकुल घर जैसा ताजा खाना आपको डिलिवर करने जा रही है। जोमैटो एप की मदद से लोगों को घर पर कम समय में खाना पहुंचाने का काम किया जा रहा है। अब इसमें एक नया प्लान शामिल किया गया है। आईएएनएस के मुताबिक, जोमैटो होम-स्टाइल फूड की शुरूआत केवल 89 रुपये से होने जा रही है। जोमैटो से घर जैसे खाने की सुविधा कम समय पर आपको घर के दरवाजे पर मिलेगी। हालांकि यह सुविधा केवल गुरुग्राम शहर के चुनिंदा इलाके में शुरू की जाएगी। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल का कहना है कि, अब आप घर का बना हुआ भोजन की सुविधा सस्ते में अनुभव कर सकते है। वो भी असली होम शेफ द्वारा डिजाइन किए गए मेनू के साथ। उन्होंने कहा कि हम आशा करते है कि यह खाना आपको अपने घर की याद दिला देगा। कंपनी पौष्टिक भोजन परोसने के लिए फूड पार्टनर होम शेफ के साथ सहयोग किया जा रहा है। कंपनी ने कहा कि, बस मेनू ब्राउज करें, अपने भोजन को चुने, और गर्म और स्वादिष्ट भोजन मिनटों में आपके दरवाजे पर पहुंचा दिया जाएगा। जोमैटो के अनुसार, भारत जैसे बाजार में यह एक बड़ा अवसर साबित होगा। जोमैटो कंपनी ने नए साल 2023 के जनवरी महीने से जोमैटो गोल्ड नामक के नाम से एक नया सदस्यता कार्यक्रम शुरू कर दिया है। जोमैटो गोल्ड का मुख्य आकर्षण ऑन टाइम गारंटी है।

जीडीपी में 508 अरब डॉलर की हुई वृद्धि

एजेंसी। नई दिल्ली

अत्याधुनिक डिजिटल स्किल वाले कर्मचारियों के बल पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वार्षिक 507.9 अरब डॉलर की वृद्धि होती है।

एमेजॉन.कॉम कंपनी, एमेजॉन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) ने आज एक नई शोध जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि एडवांस्ड डिजिटल स्किल्स जैसे क्लाउड आर्किटेक्चर या सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का उपयोग करते हैं, वो भारत के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमानित 507.9 अरब डॉलर का योगदान देते हैं। इसका श्रेय 92 प्रतिशत ज्यादा वेतनभोगियों को जाता है, जो ये कर्मचारी समान शिक्षा वाले अन्य कर्मचारियों की तुलना में अर्जित करते हैं, जिनके पास डिजिटल कौशल नहीं है।

इस अध्ययन के लिए भारत में विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों एवं उद्योगों में काम करने वाले 2000 से ज्यादा व्यस्कों और 769 कर्मचारियों का सर्वेक्षण किया गया। इसमें मूलभूत डिजिटल कौशल और ईमेल, वर्ड प्रोसेसर, एवं अन्य ऑफिस प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर और सोशल मीडिया के उपयोग की क्षमता का अध्ययन किया गया। इंटरमीडिएट डिजिटल स्किल्स में ड्रैग-एंड-ड्रॉप वेबसाईट डिजाईन, ट्रबलशूटिंग एप्लीकेशंस, एवं डेटा एनालिसिस शामिल थे। एडवांस्ड डिजिटल स्किल्स में क्लाउड आर्किटेक्चर या मेंटेनेंस, सॉफ्टवेयर या एप्लीकेशन डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई), और मशीन लर्निंग शामिल थे।

इस अध्ययन में सामने आया कि भारत में एडवांस्ड डिजिटल कर्मचारी अपनी आय में वृद्धि का लाभ उठा रहे हैं। एडवांस्ड डिजिटल स्किल्स का उपयोग करने वाले 91 प्रतिशत कर्मचारी अपनी नौकरी से ज्यादा संतुष्ट हैं, जबकि इंटरमीडिएट स्किल्स वाले 74 प्रतिशत कर्मचारी और बेसिक डिजिटल स्किल्स वाले 70 प्रतिशत कर्मचारी संतुष्ट हैं।

स्वयं अनुपालन बढ़ाने की तत्काल जरूरत है : सेबी

एजेंसी। मुंबई

कंपनियों में स्वयं-संचालन यानी विभिन्न प्रावधानों के स्तर पर स्वयं अनुपालन बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। इसका कारण यह है कि अनुपालन और गैर-अनुपालन की लागत काफी बढ़ गई है, क्योंकि लोग मामले में समझौते तक पहुंचने के बजाय कानूनी तौर पर निपटने को तरजीह देते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के कार्यकारी निदेशक वी एस सुंदरसन ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा, ह्यह्यअनुपालन की लागत काफी बढ़ गयी है... इसीलिए गैर-अनुपालन के मामले बढ़े हैं और फलतः मुकदमों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इसीलिए मुझे लगता है कि एकमात्र रास्ता स्व-संचालन के स्तर को बढ़ाना है। सुंदरसन ने उद्योग मंडल एसोचैम के कार्यक्रम में दूरसंचार क्षेत्र में दो दशक पुराने विवादों खासकर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चले कानूनी विवाद के बाद सरकार एक कंपनी के बकाये को इक्विटी में बदलने को मजबूर हुई और अन्य कंपनियों को भुगतान के लिये अतिरिक्त समय दिया। उन्होंने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई में हर कोई बड़ी राशि के साथ-साथ समय और संसाधन गंवाता है। यह बात अन्य कानूनी विवादों में भी लागू होती है। चाहे मामला अदालत में हो या फिर न्यायाधिकरण के स्तर पर। सुंदरसन के अनुसार, यह समय सही निर्णय करने का है। मुकदमेबाजी चुनने के बजाय, हमें विवाद होने पर आत्म-सुधार के उपाय करने चाहिए और सहमति के आधार पर समझौता करना चाहिए क्योंकि ज्यादातर मामलों में कानूनी लड़ाई केवल पैसे और समय की बबार्दी का कारण बन सकती है। उन्होंने बाजार को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर कहा कि नियामक और बाजार प्रतिभागियों के सभी प्रयासों के बाद भी 55 प्रतिशत बाजार अब भी चार महानगरों में केंद्रित है।

अडाणी समूह के शेयरों का कुल 40,000 करोड़ रुपये घटा

एजेंसी। नई दिल्ली

अडाणी समूह के शेयरों चल रहा संकट आज भी थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को अडाणी ग्रुप के सभी 10 लिस्टेड शेयरों में भारी बिकवाली देखी जा रही है। अरबपति गौतम अडाणी के ग्रुप के शेयरों में आज जोरदार गिरावट है क्योंकि इनमें बिकवाली की राह पर ही निवेशक चल रहे हैं। अडानी ग्रुप के शेयरों में जोरदार गिरावट से आज इन शेयरों में 40,000 करोड़ रुपये के वैल्यूएशन का नुकसान देखा जा रहा है। पोर्ट्स से लेकर पावर सेक्टर में काम कर रहे इस समूह की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज आज की अडाणी ग्रुप की टॉप लूजर रही और इसमें 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई है। दोपहर 12 बजकर 26 मिनट पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 11.07 फीसदी की गिरावट के साथ 1,397.25 रुपये प्रति शेयर के

लेवल पर देखा जा रहा है। अडाणी टोटल गैस में 5 फीसदी के लोअर सर्किट के बाद 833 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार देखा जा रहा है। इसके अलावा अडाणी विल्मर में भी 5 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है और ये 390.30 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा है। अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में भी 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की जा रही है और ये 539. 05 रुपये प्रति शेयर के भाव पर रुका हुआ है। वहीं अडाणी ट्रांसमिशन के शेयरों में 5

अडाणी टोटल गैस में 5 फीसदी के लोअर सर्किट के बाद 833 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार देखा जा रहा है

फीसदी की गिरावट के बाद 789. 20 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार देखा जा रहा है। अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की अडाणी समूह के ऊपर रिपोर्ट के बाद से ही अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट का सिलसिला चालू है। ये रिपोर्ट 25 जनवरी को सामने आई थी और तभी से अडाणी समूह के शेयरों का डाउनफॉल शुरू हो गया है। तब से लेकर अब तक अडाणी समूह की 10 कंपनियों का मार्केट कैप 11. 5 लाख करोड़ रुपये से घटकर 7.69 लाख करोड़ रुपये तक घट चुका है।

एचडीफसी बैंक ने एक बार फिर बढ़ाया एफडी पर इंटरेस्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक बार फिर अपने कस्टमर्स को बड़ा तोहफा देते हुए 2 करोड़ रुपये से कम के डिपॉजिट पर ब्याज दर बढ़ाने का फैसला किया है। यह दरें 7 दिन से लेकर 10 साल तक के टेन्योर के एफडी पर लागू हो चुका है.बैंक सामान्य ग्राहकों को इस अवधि में 3.00 फीसदी से लेकर 7.10 फीसदी तक ब्याज दर ऑफर कर रहा है. वहीं सीनियर सिटीजन को बैंक 3.50 फीसदी से लेकर 7.60 फीसदी तक ब्याज ऑफर कर रहा है. नई दरें मंगलवार 21 फरवरी, 2023 से लागू हो चुकी हैं। आइए जानते हैं बैंक के अलग-अलग अवधि पर कितना ब्याज दर ऑफर कर रहा है।

कितने दिनों पर कितना देते हैं एफडी

◆7 से 14 दिन की एफडी-3.00 फीसदी ◆15 से 29 दिन की एफडी-3.00 फीसदी ◆30 से 45 दिन एफडी- 3.50 फीसदी ◆46 से 6 महीने तक की एफडी-4.50 फीसदी ◆6 महीने से 9 महीने तक की एफडी-5.75 फीसदी ◆9 महीने से 1 साल तक की एफडी-6.00 फीसदी ◆ 1 साल से 15 महीने तक की एफडी-6.60 फीसदी ◆ 15 महीने से 18 महीने तक की एफडी-7.10 फीसदी ◆18 महीने से 10 साल तक की एफडी-7.00 फीसदी एफडी देते हैं।

एसबीआईसामान्य ग्राहकों को ऑफर कर रहा इतना ब्याज (2 करोड़ से कम)- स्टेट बैंक ने 15 फरवरी 2023 को अपने 2 करोड़ रुपये से कम के डिपॉजिट पर ब्याज दर बढ़ाने का फैसला किया है। बैंक अपने 60 वर्ष से कम उम्र के लोगों को 3 फीसदी से लेकर 7.1 फीसदी तक ब्याज दर ऑफर कर रहा है। वहीं सीनियर सिटीजन को बैंक 50 बेसिस प्वाइंट ज्यादा ब्याज दर ऑफर कर रहा है. इस बढ़त के बाद बैंक सामान्य नागरिकों को इतना ब्याज ऑफर कर रहा है।

वोल्वो कार ने माइल्ड हाइब्रिड की कीमत बढ़ाई

नई दिल्ली। वोल्वो कार इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपने माइल्ड-हाइब्रिड मॉडलों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने कहा कि बजट में की गई शुल्क वृद्धि के प्रभाव को समाहित करने के लिए यह फैसला किया गया। वोल्वो इंडिया ने बयान में कहा कि एक्ससी40, एक्ससी60, एस90 और एक्ससी90 के माइल्ड-हाइब्रिड संस्करणों की कीमतों में 1-2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। कीमत बढ़ने के बाद एक्ससी40 बी4 माइल्ड-हाइब्रिड की शो-रूम कीमत 46.4 लाख रुपये होगी। इसी तरह एक्ससी 60 बी5 माइल्ड-हाइब्रिड की कीमत 67.5 लाख रुपये, एस90 बी5 माइल्ड-हाइब्रिड की कीमत 67.9 लाख रुपये और एक्ससी90 बी6 माइल्ड हाइब्रिड की कीमत बढ़कर 98.5 लाख रुपये हो गई है।

पेज एक का शेष

जनता करेगी फैसला...

कृषि योजना, रोजगार के लिए लोन की बात आती है तो वह महागठबंधन की सरकार ने लोगों को दिया है। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गई तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था। आज 15500 विधवाओं को यह सरकार पेंशन दे रही है। 2019 में मात्र 6000 वृद्ध को पेंशन का लाभ मिलता था। आज 45500 लोगों को पेंशन मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन योजना में तब मात्र 6300 लोग शामिल थे, आज 10,000 से अधिक लोग शामिल हैं। सरकार बनने के बाद 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर बांटा है।

यूपीए सरकार में 400 में जलता था घर का चूल्हा : मुख्यमंत्री ने चूल्हा प्रमुख पर जोरदार टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जब यूपीए की सरकार थी तो हर घर का चूल्हा 400 में जलता था। क्योंकि गैस सिलेंडर उतने में ही आता था। आज एनडीए की सरकार है तो 1200 में गैस सिलेंडर आता है। अब गांव में चूल्हा प्रमुख बनाकर लोगों को आजसू बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। किरासन तेल ब्लैक में मिलता है, प्लेटफॉर्म टिकट 50 में मिलता है। नमक, दूध, दही, धोती, लूंगी, साड़ी सब पर टैक्स लगा दिया गया है। ऐसी स्थिति में गरीबों की दुर्दशा जगजाहिर है। लेकिन झारखंड देश का पहला राज्य है जहां धोती साड़ी मात्र 10 में लोगों को दिया जा रहा है।

जमीन में गाड़ो पैसा, बैंक कभी भी डूब सकता है : मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और अडाणी के संबंधों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से सबसे बड़ा घोटाला इस बार सामने आया है। हालात ऐसे हैं कि कौन सा बैंक कब डूब जाए कहना मुश्किल है। इसलिए मैं शुरू से कहता हूं कि अपने पैसे को अपने पास रखो या जमीन में गाड़ दो। बैंक में रखोगे तो उसके सुरक्षा की गारंटी नहीं है। आज जब बैंक बंद होंगे तो हजारों लाखों गरीबों का पैसा डूब जाएगा।

बाबूलाल ने उठाए सवाल...

की, साथ ही कौन लोग हैं जो ऐसे भ्रष्ट इंजीनियरों का बचाव करते हैं। बाबूलाल मरांडी ने पत्र की प्रतिलिपी ईडी निदेशक को भी भेजी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि छापेमारी के बाद आरोपी मुख्य अभियंता एवं इनके परिवार के सभी आवासों पर नकद राशि सहित देशभर में 20-22 कोठी/आवास एवं भूखंड के होने के दस्तावेज मिले हैं। साथ ही करोड़ों रुपए का सोना एवं हीरे की बरामदगी हुई है, वास्तव में देशभर में झारखंड की छवि खराब हुई है। यहां तक कि छापेमारी में इनके ठिकानों में कई लग्जरी गाड़ियां भी मिली है, जो वास्तव में अपने आप भ्रष्टाचार की कई कहानियां कहती है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में 13 नवम्बर 2019 को एसीबी द्वारा एक संवेदक की शिकायत पर मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के अधीनस्थ कनीय अभियंता सुरेश कुमार वर्मा को 10 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा था। सर्च में आवास से 2.44 करोड़ रुपए बरामद किए गए। इस दौरान सुरेश कुमार वर्मा एवं इनकी पत्नी ने दावा किया था कि आवास से बरामद पैसे वीरेंद्र राम के हैं और यह पैसे उनके करीबी रिश्तेदार आलोक रंजन ने रखे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में एसीबी ने मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने को लेकर पीई दर्ज करने की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी थी, लेकिन इजाजत नहीं मिल पाने की वजह से एसीबी पीई दर्ज नहीं कर पाई। ग्रामीण विकास विभाग में निविदा से ऊंची दर पर घूस लेकर मनचाहे ठेकेदारों को उपकृत करते रहे। इस तरह वीरेंद्र राम के द्वारा सरकार के संरक्षण में राज्य के राजस्व की भी लूट की गई और सरकार में शामिल लोग इन्हें सहयोग करते रहे। बाबूलाल ने आरोप लगाया है कि गलत तरीके से वीरेंद्र राम की तैनाती ग्रामीण कार्य विभाग व ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल में की गई है।

पर्यावरण बचाने के...

डॉ. उरांव ने कहा कि मौसम की अनियमितता के कारण फसलों की उपज पर बेहद प्रतिकूल असर पड़ा है। अगर ऐसा ही रहा तो मानव के सामने खाद्यान्न का संकट खड़ा हो जायेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब हमें प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। पहले के ऋषि-मुनि भी प्रकृति की उपासना एवं संरक्षण करते थे। आज के युग में आदिवासी ही प्रकृति के सच्चे संरक्षक हैं। वे जंगलों को काटते नहीं है, बल्कि उन्हें खेती के उद्देश्य से केवल साफ करते हैं। ऐसे आयोजनों से ही लोगों में प्रकृति के प्रति रूचि बढ़ेगी और वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने इस आयोजन के लिए विधायक सरयू राय को धन्यवाद दिया।

विशिष्ट अतिथि, रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पहले जब हम सुबह धनबाद, रामगढ़ जैसे कोयला वाले क्षेत्रों में जाते थे तो तो शाम से पहले ही ऐसा लगता था कि हम कोयला से नहाये हुए हैं। कोयले के कण वायुमंडल में इस कदर मिले रहते थे कि हमारी सांसों में घुल जाते थे। आज भी लगभग यही स्थिति कोलियरी क्षेत्रों की है। भारत सरकार का नियम है कि कोलियरी क्षेत्रों में पानी का प्रतिदिन सुबह-शाम छिड़काव किया जाए, लेकिन यह नहीं हो रहा है। यह नियम केवल फाइलों तक ही सीमित है। कोल क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य संबंधी एवं पर्यावरणीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसे संस्थान इन दिनों पैसा उगाही के केंद्र बन कर रह गए हैं।

मेले के संरक्षक सरयू राय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल उस समय आरंभ हुआ, जब पहली बार वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव के समय हमलोग दामोदर नद के आस-पास के इलाकों में घूम कर चुनाव प्रचार कर रहे थे। हम लोगों ने देखा कि दामोदर की दशा अत्यंत दयनीय हो चली थी। नद में पानी कम और छाई ज्यादा था। डीवीसी एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों का कचरा दामोदर नद में सीधे गिर रहा था। नद प्रदूषित हो गया था। तब हमने नद को औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त करने की ठानी और इसके लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया। हमने नद के उद्गम स्थल से लेकर डीवीसी के मुख्यालय, कोलकाता तक धरना-प्रदर्शन किया। तब युगांतर भारती सहित कई अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने सहयोग किया। दामोदर, गंगा नदी से भी अधिक पुराना है। नदी को साफ करने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करना है। नदी प्रत्येक मानसून में स्वतः साफ हो जाती है। बाकी के आठ महिनों में नदी को हमलोग ही गंदा करते है। वर्ष 2017 में जब मैंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की तो उन्होंने कहा कि गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से नमामि गंगा एवं अन्य कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिसमें हजारों करोड़ खर्च हो रहे हैं। इस पर मैंने कहा कि हमने तो एक रुपया खर्च कये बिना ही दामोदर नद को औद्योगिक प्रदूषण से लगभग मुक्त कर लिया है। यह सुनकर पीएम चकित रह गये। हमें नदी को गंदा करनेवाले तत्वों को रोकना होगा, जिससे नदी का प्रदूषण नियंत्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि आज दामोदर औद्योगिक प्रदूषण से लगभग 90 प्रतिशत से अधिक साफ हो चुका है। आज नदियों एवं जलाशयों के लिए नगरीय प्रदूषण एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। जल-मल एवं सीवरेज का गंदा पानी बिना साफ किये हुए नदियों, जलाशयों में सीधे गिर रहा है और पानी को अत्यधिक गंदा कर रहा है। घरों में आपूर्ति होनेवाले जल में कीड़े भी मिलने की बातें सामने आ रही है। राज्य के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि भारत सरकार ने रामगढ़, फुसरो और धनबाद के तीन स्थानों पर तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पर अपनी स्वीकृति दे दी है। अब नदियों में औद्योगिक प्रदूषण के साथ नगरीय प्रदूषण पर भी अंकुश लग जायेगा।

राज्य के विकास आयुक्त अरूण सिंह ने कहा कि पर्यावरण पर मानवीय हस्तक्षेप के कारण ऋतु चक्र बिगड़ गया है। इस कारण जोशीमठ, उत्तराखंड, केदारनाथ जैसी त्रासदी सामने आ रही है। ओजोन परत का क्षय हो रहा है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में तेजी आयी हैं। आज संसार को असमय ही अनावृष्टि तो कभी अतिवृष्टि का सामना करना पड़ रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का पानी बढ़ रहा है, जिससे छोटे-छोटे द्वीप और समुद्री किनारे समुद्र में समाहित हो जा रहे हैं। सीसीएल के सीएमडी पी.एम. प्रसाद ने कहा कि एक टन कोयला उत्पादन में ढ़ाई टन कार्बन डाईआक्साईड और तीस कि.ग्रा. सल्फर डाईआक्साइड का उत्सर्जन होता है, जो ग्लोबल वार्मिंग का एक बहुत बड़ा कारण है। 2050 तक हम अक्षय ऊर्जा में आत्मनिर्भर हो जायेंगे। झारखंड में जमीन मिलने पर सीसीएल 20 मेगावाट का सोलर पार्क लगायेगा।

योगदान भारत विश्व अर्थव्यवस्था में अब भी आकर्षक स्थल

वैश्विक वृद्धि में 15 का योगदान देगा

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉजीर्वा ने कहा है कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में तुलनात्मक रूप से आकर्षक स्थल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि में अकेले 15 प्रतिशत का योगदान देगा। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को महामारी के चलते हुई गिरावट से उबरने में डिजिटलीकरण से मदद मिली और विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति तथा अगले साल के बजट में प्रस्तावित पूंजी निवेश से वृद्धि की गति को बनाए रखने में मदद मिलेगी। जॉजीर्वा ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया, ह्यह्यभारत का प्रदर्शन

काफी प्रभावशाली रहा है। हमें उम्मीद है कि मार्च में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत 6.8 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर को बनाए रखेगा। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए हमारा अनुमान 6.1 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि बाकी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं की तरह थोड़ी धीमी होगी, लेकिन वैश्विक औसत से ऊपर रहेगी। इस तरह 2023 में वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 15 प्रतिशत होगा। यह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि दर है। भारत ऐसे वक्त में आकर्षक स्थल बना हुआ है, जब आईएमएफ ने 2023 को एक मुश्किल साल रहने का अंदेशा जताया है। इस साल वैश्विक वृद्धि दर घटकर 2.9 प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने कहा, भारत आकर्षक स्थल क्यों है? क्योंकि देश ने महामारी के प्रकोप पर काबू पाने और वृद्धि तथा नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए डिजिटलीकरण का बेहतर ढंग से इस्तेमाल किया। जॉजीर्वा कहा, दूसरी वजह है कि भारत की राजकोषीय नीति आर्थिक स्थितियों के प्रति उत्तरदायी रही है। हमने पेश किए गए नए बजट को देखा है, और यह राजकोषीय समेकन के लिए प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जबकि साथ ही पूंजी निवेश के लिए महत्वपूर्ण वित्तपोषण भी मुहैया कराता है। उन्होंने कहा कि तीसरी बात यह कि भारत ने महामारी से सबक सीखने और कठिन वक्त से उबरने के लिए बेहद मजबूत नीतियों को लागू करने में संकोच नहीं किया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

वीजा मिलने में देरी में कटौती

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि उसने कोविड-19 महामारी से पहले के समय की तुलना में इस साल अब तक भारतीयों को 36 प्रतिशत अधिक वीजा जारी किया है। इंतजार के समय में कटौती को प्राथमिकता दी जा रही है। सबसे लंबा प्रतीक्षा-समय, आमतौर पर पहली बार आने वाले विजिटर्स के लिए, 1,000 दिनों से कम होकर लगभग 580 हो गया है, ऐसे उपायों के परिणामस्वरूप जिसमें बार-बार आनेवालों के लिए साक्षात्कार छूट, भारतीय मिशनों में कांसुलर संचालन में अतिरिक्त स्टाफिंग और 'सुपर सैटरडे' शामिल हैं, जब मिशन के कर्मचारी पूरे दिन वीजा की प्रक्रिया करते हैं।

योगी और हिमंता ही मोदी के सबसे बड़े दुश्मन : अजमल

नई दिल्ली। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के लोकसभा सांसद बदरुद्दीन अजमल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है मोदी का असली नारा सबका साथ, सबका सत्यानाश है। एबीपी न्यूज को दिए इंटरव्यू में अजमल ने यह भी कहा कि योगी आदित्यनाथ और हिमंता बिस्वा सरमा ही मोदी के असली दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी भी चाहते हैं कि बीजेपी को मुसलमानों का वोट मिले, लेकिन ये उसके खिलाफ काम करते हैं।

मोरबी हादसा : कंपनी को 5 करोड़ रुपये जमा करने का आदेश

अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट ने बुधवार को ओरेवा समूह को प्रत्येक पीड़ित के परिजनों को 10 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये मुआवजे के रूप में देने का आदेश दिया और कंपनी को चार सप्ताह के भीतर 5 करोड़ रुपये जमा करने का आदेश दिया। 30 अक्टूबर की शाम को मोरबी शहर में मच्छू नदी पर झूला पुल गिरने से 35 बच्चों समेत 135 लोगों की मौत हो गई थी। पुल की मरम्मत और रख-रखाव का ठेका ओरेवा समूह को दिया गया, जिसने बिना फिटनेस सर्टिफिकेट लिए और बिना मोरबी नगरपालिका की मंजूरी के पुल को विजिटर्स के लिए खोल दिया।

चीन पर बयान के बाद जयशंकर से कांग्रेस ने पूछे छह सवाल

जयशंकर ने चीन को लेकर राहुल गांधी पर बोला था हमला

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक दिन पहले ही चीन को लेकर राहुल गांधी पर जो हमला किया, उसका बुधवार को कांग्रेस ने जवाब दिया है। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र ने विदेश मंत्री के ही दावों का हवाला देते हुए कई कड़े सवाल पूछे हैं। उन्होंने जयशंकर को देश के सबसे विफल विदेश मंत्री करार देते हुए तंज कसा कि चीन को 'लाल आंख' दिखाने की बजाय लाल शर्ट पहन कर स्वागत क्यों किया जा रहा है।

एस जयशंकर ने एक दिन पहले एएनआई को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'मैं सबसे लंबे समय तक चीन का राजदूत रहा और बॉर्डर मुद्दों को डील कर रहा था। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे सबसे अधिक जानकारी है लेकिन मैं इतना कहूंगा कि मुझे इस (चीन) विषय पर काफी कुछ पता है। अगर राहुल गांधी को चीन पर ज्ञान होगा तो मैं उनसे भी सीखने के लिए तैयार हूं। ये समझना मुश्किल क्यों है कि जो विचारधारा और राजनीतिक पार्टियां हिंदुस्तान के बाहर हैं, उससे मिलती-जुलती विचारधारा और पार्टियां भारत के अंदर भी हैं और दोनों एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'

चीन के मुद्दे पर राहुल गांधी के सवालों पर जयशंकर ने कहा था, 'हम पर आरोप लगता है कि हम चीन से डरते हैं, उसका नाम भी नहीं लेते हैं। मैं बता दूं कि हम चीन से नहीं डरते। अगर हम डरते तो भारतीय सेना को चीन बॉर्डर पर किसने भेजा? ये सेना राहुल गांधी ने नहीं भेजी, नरेंद्र मोदी ने भेजी है।' कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एस जयशंकर के बयान को लेकर बुधवार को कहा कि उन्होंने कल जो बयान दिया वह चिंताजनक है। जयशंकर ने कहा कि वे (चीन) की अर्थव्यवस्था बड़ी है और हमारी छोटी अर्थव्यवस्था। हम जाकर उनसे लड़ नहीं सकते हैं। गलवान घाटी में 20 जवानों की शहादत हुई और हमारे देश के विदेश मंत्री कह रहे हैं कि क्योंकि हम छोटी अर्थव्यवस्था हैं तो हम बड़ी अर्थव्यवस्था को अटैक नहीं कर सकते हैं। उन्होंने पूछा कि आप क्या कर रहे हैं सेना के शौर्य, पराक्रम, उनके हौसले के साथ। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह तो बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश से छोटी अर्थव्यवस्था वाले देश को तो लड़ना ही नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन आपके घर में घुसकर बैठा है।

जयशंकर से कांग्रेस ने पूछे ये सवाल

- आप और आपके आका चीन का नाम क्यों नहीं लेते? अप्रैल 2020 की यथास्थिति कैसे बनेगी?
- 20 जांबाजों की शहादत के बाद भी व्यापार घाटा कैसे बढ़ता जा रहा है?
- चीनी अतिक्रमण के बारे में वह क्या कहेंगे? पेट्रोलिंग प्वाइंट बफर जोन कैसे बनते जा रहे हैं?
- क्या उन्होंने पीएम को सलाह दी थी कि देश को बताएं कि कोई घुसा नहीं है?
- क्या चीन सीमाई क्षेत्र में पुल बना रहा है, उस पर वह चुप रहेंगे?
- चीन सीमा क्षेत्र में जो रेल लाइन बना रहा है उससे क्या भारतीय अखंडता को खतरा नहीं है?

जासूसी मामला

सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा चलाने को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कथित 'फीडबैक यूनिट (एफबीयू) स्नूपिंग केस' के संबंध में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय जांच ब्यूरो अब सिसोदिया के खिलाफ एक नया मामला दर्ज करेगी। सीबीआई ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पाया है कि 29 सितम्बर, 2015 को दिल्ली कैबिनेट के एक फैसले के जरिए गठित एफबीयू राजनीतिक खुफिया जानकारी जुटाने में शामिल था। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सीबीआई को सिसोदिया और छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की मंजूरी दे दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आप सरकार ने राजनीतिक खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए सतर्कता विभाग के तहत एक फीडबैक यूनिट बनाई थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी

उद्यमी विवेक रामास्वामी ने खुद को दौड़ में बताया

एजेंसी। वाशिंगटन

भारतीय-अमेरिकी तकनीकी उद्यमी विवेक रामास्वामी ने घोषणा की है कि वह 2024 रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए दौड़ में हैं। यहां जारी एक शॉर्ट वीडियो में 37 वर्षीय स्वामी ने कहाः हमने अपनी 'डायवर्सिटी' का इतना जश्न मनाया है कि हम सभी तरीकों को भूल गए हैं कि हम वास्तव में अमेरिकियों के समान हैं, उन आदर्शों से बंधे हैं जो 250 साल पहले लोगों के एक विभाजित, अड़ियल समूह को एकजुट करते थे।

मुझे खुद पर विश्वास है कि वे आदर्श अभी भी मौजूद हैं। मैं उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रपति पद की दौड़ में हूं। हम एक राष्ट्रीय पहचान के संकट के बीच में हैं। विश्वास, देशभक्ति और परिवार गायब हो रहे हैं। हम इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक के बाद एक विवेकवाद से जलवायुवाद तक धर्मनिरपेक्ष धर्म को गले लगा रहे हैं। फिर भी हम इसका जवाब भी नहीं दे सकते कि क्या इसका मतलब एक अमेरिकी होना है। रामास्वामी, जिनके माता-पिता केरल के पलक्कड़ में वडक्कनचेरी से आकर बसे थे, उन्होंने स्ट्राइव एसेट मैनेजमेंट की सह-स्थापना की और वर्तमान में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। स्ट्राइव से पहले, उन्होंने बायोफार्मास्यूटिकल कंपनी रोइवेंट साइंसेस की स्थापना की थी। राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी की अपनी दावेदारी शुरू करने वाली अन्य भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली हैं, जो दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि हैं।

भारत-गुयाना हवाई सेवा को मिली मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

कैबिनेट ने भारत और गुयाना के बीच हवाई सेवा समझौते को मंजूरी दे दी। गुयाना के साथ हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर करने से दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं के प्रावधान के लिए एक रूपरेखा तैयार होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत सरकार और गुयाना सरकार के बीच हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर करने को अपनी मंजूरी दी। वर्तमान में भारत और गुयाना के बीच कोई हवाई सेवा समझौता नहीं है। दोनों पक्षों के बीच राजनयिक नोटों के आदान-प्रदान के बाद हवाई सेवा समझौता लागू होगा, जिसमें इस बात की पुष्टि की जाएगी कि प्रत्येक पक्ष ने इस समझौते के लागू होने के लिए आवश्यक आंतरिक प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके अलावा कैबिनेट ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन (शिकागो कन्वेंशन), 1944 पर सम्मेलन में संशोधन से संबंधित अनुच्छेद 3 बीआईएस और अनुच्छेद 50 (ए) और अनुच्छेद 56 पर तीन प्रोटोकॉल के अनुसमर्थन को मंजूरी दी। अनुसमर्थन अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन पर कन्वेंशन में निहित सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा।

विश्व की समस्याओं पर भी भारत रख रहा पक्ष : नड्डा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की जटिल समस्याओं पर अपना पक्ष रख रहा है। यूक्रेन-रूस संघर्ष में दुनिया ने इसे देखा है। आज भारत स्वतंत्र विदेश नीति लेकर चल रहा है और घरेलू राजनीति का दवाब नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने मोदी-शॉपिंग एग्लोबल ऑर्डर इन फ्लेक्स पुस्तक के लोकार्पण के दौरान आयोजित कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की विश्व में छवि बदली है। यह पुस्तक इसी विषय पर हमें अंतरदृष्टि देती है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत डिजिटल क्षेत्र में नेतृत्व कर रहा है। दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल लेन-देन आज भारत में होता है। भारत के रुपे कार्ड को अन्य देश भुगतान के लिए स्वीकार कर रहे हैं और यूपीआई को अपने देश में लाना चाहते हैं। कोविड काल में कोविन एप ने बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भारत कॉप26 और मिशन लाइफ में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। नड्डा ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान देश की छवि काफी खराब थी। अस्थिर सरकारें, भ्रष्टाचार, गिरती अर्थव्यवस्था कई क्षेत्रों में भारत को सही सम्मान नहीं मिल रहा था। यहां तक की घरेलू राजनीति के दवाब में हम इजरायल जैसे देश के साथ संबंध नहीं बना पा रहे थे। मोदी ने दो इजरायल और फिलिस्तीन की अलग अलग यात्रा कर साबित किया कि दो भिन्न देशों के साथ अलग-अलग संबंध रखे जा सकते हैं।

मेरे नाम की दी गई सुपारी : राउत

मुंबई। उद्धव ठाकरे गुट के नेता व सांसद संजय राउत ने मंगलवार महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चिट्ठी लिख आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे ने उन्हें जान से मारने की सुपारी दी है। वहीं, अब इस मामले पर सीएम एकनाथ शिंदे ने जांच की बात की है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'शिवसेना नेता संजय राउत को जान से मारने की धमकी मामले की जांच की जाएगी। इस मामले में जो कोई भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ब्रिटिश भारतीय महिला ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

लंदन। भारतीय मूल की एक पूर्व मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारी ने अपनी किताब में ब्रिटेन के पुलिस बल के भीतर कथित नस्लवाद को उजागर करने के लिए उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परम संधू 1989 में मेट्रोपॉलिटन में शामिल हुई थीं और 30 वर्षों तक इसकी सेवा की। उन्होंने कहा कि मेट्रोपॉलिटन पुलिस द्वारा उन्हें बताए जाने पर कानूनी कार्रवाई की धमकी देने के बाद उन्हें निशाना बनाया गया, जिसे लिखने का उन्हें कोई अफसोस नहीं है। द टाइम्स ने बताया कि संधू को मेट्रोपॉलिटन से एक समझौते में प्राप्त 120,000 पाउंड में से आधे का भुगतान करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

FILMY हलचल

'पठान' की सफलता देख स्वरा ने बॉयकॉट गैंग की ली खबर

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' 25 जनवरी को रिलीज हुई है। फिल्म के चौथे सप्ताह में भी 'पठान' का बॉक्स ऑफिस दबदबा कायम है। महज एक महीने में इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ की कमाई कर ली है। बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने इस फिल्म के सफल प्रदर्शन के बाद ट्वीट किया है। फिल्म 'पठान' बेशरम रंग गाने की वजह से विवादों में घिरी थी। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग की बिकनी पहन कर रोमांस की थी। इस फिल्म को बॉयकॉट करने की भी मांग की गई थी। इसके बावजूद फिल्म ने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। चौथे सप्ताह में भी 'पठान' बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बिखेर रही है। फिल्म ने घरेलू स्तर पर 623 करोड़ और दुनिया भर में 1000 करोड़ रुपये कमाए हैं। दुनिया भर में 1000 करोड़ रुपये कमाने के बाद फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी 'यशराज फिल्म्स' ने ट्वीट किया है। ट्वीट में लिखा है, 'पठान की दुनिया भर में 1000 करोड़ की कमाई।' यशराज फिल्म्स के इस ट्वीट को स्वरा भास्कर ने रीट्वीट किया है। इस ट्वीट के जरिए स्वरा भास्कर ने 'पठान' की सफलता के लिए टीम को बधाई दी है। साथ ही स्वरा ने बॉयकॉट गैंग पर भी निशाना साधा है। स्वरा ने ट्वीट में कहा, 'बायकॉट गैंग, हग्गा, बॉलीवुड के जेम्स और बाकी सभी को बधाई हो।' स्वरा द्वारा 'पठान' को लेकर किया गया यह ट्वीट इस समय चर्चा में है।

उर्फी का सामान लेकर भागा कैब ड्राइवर

हमेशा अपने कपड़ों को लेकर चर्चा में रहने वाली उर्फी जावेद अब अपने एक वीडियो की वजह से चर्चा में हैं। उर्फी के साथ हैरान करने वाली घटना हुई है। उर्फी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए यह जानकारी दी। उर्फी को हाल ही में दिल्ली में उबर कैब के साथ बुरा अनुभव शेयर की। उर्फी ने सोशल मीडिया पर बुक किये गए कैब का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इस स्क्रीनशॉट में कैब ड्राइवर का नाम और फोटो दिख रहा है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कहा, 'मेरा उबर कंपनी की कैब सर्विस के साथ बहुत बुरा अनुभव रहा है। जब मैं दिल्ली में थी तब मैंने छह घंटे के लिए कैब बुक की थी। एयरपोर्ट जाने से पहले मैं एक जगह लंच के लिए रुकी। उस समय ड्राइवर मेरा सामान लेकर फरार हो गया। मैंने उसे कई बार फोन किया लेकिन वह लौटने को तैयार नहीं हुआ। कैब ड्राइवर को वापस नहीं आता देख मैंने अपने एक दोस्त को बताया। लड़के की आवाज सुनकर कैब ड्राइवर घबरा गया और एक घंटे बाद वापस लौटा। वापस आया तो वह नशे में था। यह देखकर मैं दंग रह गयी।

संघर्ष-2 के टीजर को 6.4 मिलियन से ज्यादा व्यूज

वर्ल्ड वाइड रिकार्ड्स के एमडी व फिल्म निमार्ता रत्नाकर कुमार और हिट मशीन खेसारी लाल यादव स्टारर भोजपुरी फिल्म 'संघर्ष 2' के टीजर को 8 दिन में 6.4 मिलियन से ज्यादा व्यूज और 260ङ से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। टीजर को दर्शकों का बहुत ही अच्छा रिस्पांस मिला रहा है। खेसारी का संघर्ष 2 दर्शकों को पसंद आ रहा है। 'संघर्ष 2' का टीजर वेलेंटाइन डे के दिन वर्ल्ड वाइड रिकार्ड्स के ऑफीशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया था। जिसमें एक्शन का तगड़ा डोज देखने को मिला रहा है। फिल्म के टीजर में ज्यादा कुछ तो रिवील नहीं किया गया है लेकिन इसमें हिट मशीन खेसारी लाल यादव का एक अलग ही रूप देखने को मिल रहा है। फिल्म के टीजर की सफलता पर निमार्ता रत्नाकर कुमार की खुशी का ठिकाना नहीं है। वे कहते हैं ये खेसारी लाल यादव की दीवानगी का जादू ऐसे नहीं उतरेगा। वे जब भी कोई किरदार निभाते हैं, वो किरदार दर्शकों के जेहन में लंबे समय तक रहता है। फिल्म को टेक्निकली पराग पाटिल ने संभाला है। पूरी टीम ने दिन-रात इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में लगा दिया था।

रूस-यूक्रेन की जंग | डेनमार्क के राजदूत को भरोसा

युद्ध रोकने में भारत की होगी भूमिका

फ्रेडी स्वान ने पीएम मोदी की 'टिप्पणी ' का उल्लेख करते हुए कहाः हम युद्ध के युग में नहीं रहते

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वान को भरोसा है रूस-यूक्रेन युद्ध रुकने में भारत की बड़ी भूमिका होगी। फ्रेडी ने इस युद्ध को रोकने के भारत के प्रयास की तारीफ की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि हम युद्ध के युग में नहीं रहते हैं। फ्रेडी का यह बयान आज (बुधवार) महत्वपूर्ण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में चर्चा में है। राजदूत फ्रेडी ने कहा कि भविष्य में भारत की वैश्विक भूमिका महत्वपूर्ण होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रणनीतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम युद्ध के युग में नहीं रहते हैं। यह रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए अब तक का सबसे मजबूत संकेत है। उन्होंने कहा कि अब रूस को अपनी सेनाएं यूक्रेन से वापस बुला लेनी चाहिए। डेनमार्क के राजदूत ने कहा कि यूक्रेन के साथ डेनमार्क पूरी ताकत के साथ खड़ा है। उम्मीद है जी-20 में रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होगी। फ्रेडी ने कहा कि डेनमार्क के क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक आंद्रे हेनरिक क्रिश्चियन और क्राउन प्रिंसेज मैरी एलिजाबेथ के भारत के आगामी दौरे से दोनों देशों के रिश्तों में और प्रगाढ़ता आएगी।

अमेरिका, रूस को न्यू स्टार्ट संधि को फिर से शुरू करना चाहिए : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र । संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और रूस से न्यू स्ट्रेटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी (न्यू स्टार्ट) के पूर्ण कार्यान्वयन को फिर से शुरू करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की घोषणा पर गुटेरेस की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर कि उनका देश न्यू स्टार्ट परमाणु हथियार कटौती संधि में अपनी भागीदारी को निलंबित कर देगा, गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि महासचिव की स्थिति यह है कि अमेरिका और रूस को बिना किसी देरी के संधि का पूर्ण कार्यान्वयन फिर से शुरू करना चाहिए।